सूर्योदय : 6:42
सूर्यास्त : 6:00
अधिकतम तापमान : 30
न्यूनतम : 16


RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-240 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 19 फरवरी 2026
01 रमज़ान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# प्रधानमंत्री मोदी से मिले सुंदर पिचाई

■ एआई समिट के लिए भारत लौटकर खुशी हो रही : गूगल प्रमुख



**नई दिल्ली।** गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने राजधानी दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। पिचाई भारत में आयोजित ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हिस्सा लेने आए हैं और 20 फरवरी को समिट में मुख्य भाषण देंगे। भारत पहुंचने पर पिचाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत लौटकर खुशी हो रही है और यहां हमेशा की तरह गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

भारत पहुंचने पर पिचाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत लौटकर खुशी हो रही है और यहां हमेशा की तरह गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान श्री सुंदर पिचाई से मिलकर बेहद खुशी हुई। हमने एआई के क्षेत्र में भारत द्वारा किए जा रहे कार्यों और इस क्षेत्र में हमारे प्रतिभाशाली छात्रों और पेशेवरों के साथ गूगल कैसे काम कर सकता है, इस बारे में चर्चा की।

**क्वालकॉम के सीईओ अमोन बोले- भारत में अब एआई क्रांति की बारी :** भारत ने जिस तरह दुनिया को पीछे छोड़ते हुए मोबाइल इंटरनेट और स्मार्टफोन क्रांति की अगुवाई की, ठीक वही इतिहास अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के मामले में दोहराया जाने वाला है। दुनिया की दिग्गज चिप निर्माता कंपनी क्वालकॉम के सीईओ और प्रेसिडेंट क्रिस्टियानो अमोन ने यह दावा किया है। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान एक बातचीत में उन्होंने भारतीय बाजार के लिए एक बड़ा विजन रखते हुए साफ-साफ कहा, भारत के लिए यही सही समय है। अमोन का यह बयान केवल एक भविष्यवाणी नहीं, बल्कि सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम के मामले में वैश्विक मंच पर के भारत के बढ़ते भरोसे का प्रतीक है। अमोन ने भारत की तकनीक अपनाने की क्षमता का विश्लेषण करते हुए कहा, भारत मोबाइल इंटरनेट की बात करें तो इस मामले में भारत छलांग लगाने में बहुत बेहतर था। जैसे ही देश में स्मार्टफोन और मोबाइल ब्रॉडबैंड की क्रांति हुई, भारत ने इंटरनेट के भविष्य में सीधी छलांग लगा दी। मुझे लगता है कि एआई के मामले में भी ठीक ऐसा ही होने वाला है। बिजनेस के लिहाज से अहम बात यह है कि क्वालकॉम भारत के मैन्युफैक्चरिंग एम्बिशन को ग्लोबल सप्लाई चेन से जोड़कर देख रहा है।

## ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा भारत पहुंचे, कई कंपनियों के मालिकों को भी साथ लाये



**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा 5 दिवसीय भारत दौरे पर बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनका स्वागत विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने किया। विदेश विभाग ने इसकी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने उनकी यात्रा के दौरान होने वाली अहम बैठक का भी जिक्र किया। इस दौरे के दौरान राष्ट्रपति लूला इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेंगे और फिर पीएम मोदी संग द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। ब्राजील के राष्ट्रपति 18 से 22 फरवरी तक भारत में रहेंगे। इस बार राष्ट्रपति लूला अपने साथ सैकड़ों कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल लेकर पहुंचे हैं।

# अमेरिका-चीन पर निर्भर नहीं रहना प्राथमिकता

■ फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों का बड़ा बयान



**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि भारत और फ्रांस, साथ ही यूरोप, तकनीकी और डिजिटल क्षेत्र में किसी भी देश विशेष जैसे अमेरिका या चीन पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहना चाहते। मैक्रों ने कहा कि उन्हें एक विस्तृत और समावेशी तकनीकी मॉडल चाहिए, जिसमें दोनों देश वैश्विक समाधान का हिस्सा बनें।

मैक्रों ने कहा हमारे लिए जरूरी है कि हमारे पास डेटा सेंटर, कंप्यूटिंग क्षमता और प्रशिक्षित टैलेंट हों। यह पूरी तरह कौशल, पूंजी और कंप्यूटिंग क्षमता से जुड़ा है। हमें भरोसा है कि हमारे पास बहुत सारे संसाधन हैं और हम इस दौड़ में शामिल हैं। हालांकि हम अमेरिका और चीन से पीछे हैं, लेकिन हम प्रतिस्पर्धा में हैं। मैक्रों का यह बयान भारत और फ्रांस के बीच तकनीकी सहयोग, डिजिटल स्वतंत्रता और नवाचार के क्षेत्र में साझेदारी को मजबूत करने का संकेत देता है। उनके अनुसार, दोनों देश वैश्विक तकनीकी समाधान और नए नवाचारों में सक्रिय भूमिका निभाना चाहते हैं।

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भी साथ

फ्रांस ने आतंकवाद के मुद्दे पर पूरी तरह से भारत के साथ रहने का संदेश दिया है। बयान में मैक्रों की ओर से पहलगाम हमले और लाल किले के पास हुए धमाके की भी निंदा की गई और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का भी समर्थन किया। फ्रांस ने हर तरह से आतंकवाद के नेटवर्क को निपटाने के लिए दुनिया के देशों से मिलकर काम करने का आह्वान किया।

### स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से भी मिले मैक्रों

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों बुधवार को एम्स पहुंचे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने उनका औपचारिक स्वागत किया। इसके बाद मैक्रों ने यहां छात्रों से लंबी बातचीत की। उन्होंने कहा कि फ्रांस भारी संख्या में भारतीय छात्रों को अपने यहां आने देना चाहता है। साथ ही वह अधिक से अधिक संख्या में छात्रों को भारत भेजना चाहता है जिससे दोनों देशों के बीच बेहतर समन्वय बने। उन्होंने कहा कि फ्रांस भारतीय छात्रों के लिए वीजा प्रक्रिया को भी आसान करेगा जिससे वे आसानी से अपनी शिक्षा पूरी कर सकें। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि दोनों देश एक दूसरे के यहां अधिक संख्या में छात्रों को भेजने पर सहमत हुए हैं। शुरुआती दौर में यह संख्या दस हजार के आसपास होगी। लेकिन, उन्होंने कहा कि यह सहयोग धीरे-धीरे बढ़ाया जाएगा और 2030 तक यह संख्या 30 हजार के करीब करने पर सहमति बनी है। भारतीय छात्रों के विदेश में शिक्षा ग्रहण करने से भारतीय पेशेवरों में तकनीकी क्षमता बढ़ती है जिससे लाभ मिलता है।




# अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेगी बसपा, मायावती ने किया ऐलान

■ बीएसपी को सत्ता से दूर रखने का षडयंत्र



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने एक बार फिर यूपी में अपने दम पर चुनाव लड़ने की बात दोहराई है। उन्होंने लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता में गेस्ट हाउस कांड का जिक्र कर अपने समर्थकों को विरोधी दलों से सचेत रहने के लिए कहा। दिल्ली में खुद को टाइप 8 बंगला अलॉट होने के पीछे की कहानी भी मायावती ने बताई। यह भी कहा कि कुछ लोग इसको लेकर संकीर्ण राजनीति कर रहे हैं

मायावती ने कहा- मुझे दिल्ली में टाइप 8 बंगला अलॉट किया गया था। इसको लेकर कई तरह की गलत बातें प्रचारित की जा रही हैं। यह सब जानते हैं कि 2 जून, 1995 को तत्कालीन सपा मुखिया के इशारे से लखनऊ स्थित स्टेट गेस्ट हाउस में मेरे ऊपर हमला किया गया था। गेस्ट हाउस कांड के बाद तत्कालीन भारत सरकार की तरफ से मुझे उच्च स्तर की सुरक्षा मुहैया कराई गई थी।

बसपा सुप्रीमो ने आगे कहा- सुरक्षा के नजरिये से बीएसपी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री होने के नाते मुझे दिल्ली में टाइप 8 बंगला दिया गया। केंद्र में रही कांग्रेस सरकार के समय से ही ये बंगला मुझे मिला हुआ है। अब इसको लेकर संकीर्ण और किसी तरह की राजनीति करना उचित नहीं है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएगा, बीएसपी को सत्ता से दूर रखने के लिए और षडयंत्र रचे जाएंगे जैसा कि हमेशा से होता आया है। इसलिए बसपा कार्यकर्ताओं को पार्टी नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास बनाए रखना होगा।

# सीएम ने की संघ प्रमुख भागवत से मुलाकात

■ दोनों के बीच 30 मिनट तक हुई बातचीत

**लखनऊ।** संघ प्रमुख मोहन भागवत दो दिन के लखनऊ दौरे पर हैं। बुधवार देर शाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निराला नगर स्थित सरस्वती कुंज पहुंचकर लगभग आधे घंटे तक मोहन भागवत से बातचीत की।

इससे पहले बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित शोधार्थी संवाद में संघ प्रमुख ने कहा कि वैवीकरण का मतलब बाजारीकरण से है, जो खतरनाक है। हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हैं। जब तक सब सुखी नहीं होंगे, एक व्यक्ति सुखी नहीं हो सकता है। जीवन उपभोगवादी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों ने जड़वाद फैलाया। उनकी सोच है कि बलशाली बनकर खुद जियो और बाकी को छोड़ दो। जो बाधक बने, उन्हें मिटा दो। यही काम आज अमेरिका, चीन कर रहे हैं।



### मुख्यमंत्री योगी ने पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि रमज़ान के पवित्र दिनों में रोज़ा, मानवता की सेवा, ईश्वर की बन्दगी जैसे नेक कार्यों से धैर्य, आत्म अनुशासन, सहनशीलता, सादगी आदि मूल्यों को बढ़ावा मिलता है। इससे परस्पर प्रेम और भाईचारे की भावना बलवती होती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश समरसता, बन्धुता और सांस्कृतिक एकता की मिसाल है।

# गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने मांगी माफी, बताया- कैसे हो गई चूक

■ एआई समिट में चीनी रोबोटिक डॉग को अपनी उपलब्धि बताया था

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के गलगोटिया विश्वविद्यालय ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान चीन में निर्मित 'रोबोटिक डॉग' के प्रदर्शन को लेकर 'असमंजस' की स्थिति पैदा होने के लिए बुधवार को माफी मांगी।

विश्वविद्यालय ने कहा कि उसके पवेलियन में मौजूद उसके एक प्रतिनिधि को इस रोबोटिक उत्पाद के बारे में 'सही जानकारी' नहीं थी और उसने चीन में बने रोबोटिक डॉग को विश्वविद्यालय का नवोन्मेष बताया, जो सही नहीं था। यह विवाद तब शुरू हुआ जब गलगोटिया विश्वविद्यालय में संचार विभाग की प्रोफेसर नेहा सिंह ने मंगलवार को डीडी न्यूज चैनल को एक रोबोटिक डॉग ओरियन दिखाते हुए कहा कि इसे गलगोटिया के उत्कृष्टता केंद्र' ने विकसित किया है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने कहा, हम एआई शिखर सम्मेलन में पैदा हुए असमंजस के लिए माफी मांगते हैं। पवेलियन में मौजूद हमारे एक प्रतिनिधि को गलत जानकारी थी।




### रोबोट यूनिट्री जीओ2 था जिसे चीनी कंपनी ने बनाया था

वीडियो के प्रसारित होते ही सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने बताया कि यह रोबोट असल में यूनिट्री जीओ2 था, जिसे चीन की कंपनी यूनिट्री रोबोटिक्स ने बनाया है और इसका दुनिया भर में शोध और शिक्षा में आमतौर पर इस्तेमाल किया जाता है। इस मामले पर विवाद होने के बाद विश्वविद्यालय को एआई समिट में आवंटित स्टॉल खाली करने का निर्देश दे दिया गया है।

# प्रदेश में 3.26 करोड़ मतदाताओं को एसआईआर के तहत नोटिस : मुख्य निर्वाचन अधिकारी

■ नोटिस न मिलने की वजह से किसी का नाम सूची से नहीं हटाया जाएगा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बुधवार को कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 3.26 करोड़ मतदाताओं को नोटिस भेजे गए हैं और उन्होंने भरोसा दिलाया कि सिर्फ नोटिस न मिलने की वजह से किसी भी मतदाता का नाम सूची से नहीं हटाया जाएगा। रिणवा ने एसआईआर की प्रगति का ब्योरा देते हुए नोटिस, विसंगतियों की पहचान करना व नाम जोड़ने-हटाने में इस्तेमाल होने वाले फॉर्म-छह और फॉर्म-सात से जुड़े मुद्दों को स्पष्ट किया।

यहां एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के रिकॉर्ड में नो मैपिंग या तार्किक विसंगतियां पाई गई उन्हें नोटिस भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम मसौदा सूची में थे, उन्हें नोटिस भेजे गए। इनमें से 1.04 करोड़ मतदाताओं ने पिछली एसआईआर के दौरान संबंधित कॉलम खाली छोड़ दिया था और मतदाता सूची की मैपिंग पूरी नहीं की थी, जबकि 2.22 करोड़ के रिकॉर्ड में तार्किक गड़बड़ियां थीं।

## राज्यसभा की 37 सीट के लिए होंगे चुनाव, 16 मार्च को वोटिंग

**नई दिल्ली।** दस राज्यों में राज्यसभा की 37 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव 16 मार्च को होंगे। निर्वाचन आयोग ने यह जानकारी दी। ये सीट महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, असम, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और बिहार में अप्रैल में अलग-अलग तिथियों में रिक्त हो रहीं हैं। अधिसूचना 26 फरवरी को जारी होगी। 16 मार्च को मतदान सुबह नौ बजे से शाम चार बजे के बीच होगा और उसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना की जाएगी। जिन सांसद का कार्यकाल पूरा हो रहा है, उनमें शरद पवार (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी), अभिषेक सिंघवी (कांग्रेस), साकेत गोखले (तृणमूल कांग्रेस), रामदास अठावले (रिपब्लिकन पार्टी), एम थंबीदुरई (अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम) और तिरुची शिवा (द्रविड़ मुनेत्र कषगम) शामिल हैं।

## विधानसभा अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष के मुद्दा उठाने के बाद की व्यवस्था

# विधायकों का फोन नहीं उठाने वाले अफसरों पर होगी कार्रवाई

■ आगे ऐसा न हो तो ठीक, नहीं तो सदन कर्रवाई करेगा



**लखनऊ।** विधायकों के फोन नहीं उठाने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय द्वारा सदन में इसका मुद्दा उठाए जाने के बाद यह व्यवस्था की है, जिसमें अधिकारियों को उत्तरदायी बनाया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि कार्यपालिका द्वारा विधायिका एवं न्यायपालिका के क्षेत्राधिकार में हस्तक्षेप करने की सूचना संविधान के प्रावधानों के संदर्भ में होने के कारण इसे स्वीकारा गया है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि नियम 300 के अंतर्गत नेता प्रतिपक्ष की सूचना के बारे में चर्चा से परिलक्षित होता है कि अधिकारियों के स्तर पर विधायकों को सहयोग नहीं किया जा रहा है, जो चिंता का विषय है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने इस बाबत जारी शासनादेशों का पालन सुनिश्चित नहीं करने की बात कही, जो आपत्तिजनक है। यह स्पष्ट करना भी उपयुक्त होगा कि संविधान के अनुच्छेद 164 (2) के अंतर्गत मंत्री परिषद राज्य की विधानसभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होगी। विधानसभा के किसी सदस्य द्वारा यदि अधिकारियों से जनहित के कार्यों के लिए संपर्क किया जाता है तो वह सम्मान और समय दें तथा सुनवाई का अवसर प्रदान करें। इस सदन में कुछ दिन पहले कुछ अधिकारियों को दंडित किया गया था, आगे ऐसा न हो तो उपयुक्त होगा। दंड देने से परिलक्षित होता है कि अधिकारियों का आचरण संवैधानिक योजना के अनुरूप नहीं है। यदि ऐसी स्थिति आती है तो सदन के पास कार्रवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा।

शासन द्वारा विधायिका को मजबूत करने की पूरी पहल की जाती है, लेकिन कुछ अधिकारियों के स्तर पर सजग होकर इसका अनुपालन कराने की आवश्यकता है। कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका एक-दूसरे की पूरक हैं। तीनों एक-दूसरे की परिधि और क्षेत्राधिकार का सम्मान करें। अपने दायित्व, कर्तव्य, अधिकार एवं सीमाओं का दृढ़ता से पालन करें। इसमें हस्तक्षेप लोकतंत्र के उद्देश्यों के विपरीत होगा। इससे आने वाली पीढ़ी के लिए हम सुखद विरासत नहीं छोड़ पाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था बिगड़ने से अराजकता होगी, जिसको आने वाले समय में संभालना मुश्किल होगा।

### अधिकारी को 10 मिनट में देना होगा जवाब

अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों का फोन नहीं उठाने का मुद्दा उठने के बाद समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने नई पहल की है। उन्होंने अपने प्रभार वाले दो जिलों हरदोई व गाजियाबाद तथा निर्वाचन क्षेत्र कन्नौज में सरकारी तंत्र की संवेदनशीलता तय करने के लिए पायलट प्रोजेक्ट 'संवाद सेतु' शुरु किया है। उन्होंने सदन में शासन और जिला स्तर पर ऐसी व्यवस्था करने की सलाह भी दी थी। मंत्री ने बताया कि इसके तहत जिला स्तर पर एक अत्याधुनिक जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर स्थापित होगा, जो जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच संचार की कड़ी बनेगा। 10 मिनट में अधिकारी का फोन न उठने अथवा कॉल बैक न आने पर सेंटर अपना काम शुरू कर देगा।



अवधनामा



# डीएम के पहल पर जिलेभर में परिषदीय स्कूलों में हुई पीटीएम



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल बुधवार को पूरे एक्शन मोड में नजर आईं। सुबह-सुबह खंड विकास अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर उन्होंने साफ संदेश दे दिया कि फॉर्मर आईडी अभियान में ढिलाई नहीं चलेगी और स्कूलों में उपस्थिति सिर्फ कागजों पर नहीं, जमीन पर दिखनी चाहिए।बैठक में डीएम ने फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति तेज करने के निर्देश दिए और जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए सख्त रणनीति तय की। कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार सिर्फ आदेश से नहीं, मैदान में उतरकर ही संभव है डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश मिलते ही अधिकारी और बीडीओ फील्ड में निकल पड़े। कहीं फॉर्मर आईडी बनाने के आंकड़ों की पड़ताल हुई तो कहीं स्कूलों में बच्चों की हाजिरी और पढ़ाई का स्तर परखा गया। विद्यालयों में आयोजित पैरेंट-टीचर मीटिंग में अफसरों ने अभिभावकों से सीधा संवाद कर बच्चों की पढ़ाई, उपस्थिति और स्कूल के माहौल पर फीडबैक लिया।

डीएम ने दो टूक कहा कि सिर्फ उपस्थिति बढ़ाना लक्ष्य नहीं, कक्षाओं में गुणवत्ता दिखनी चाहिए। दिनभर की मॉनिटरिंग के दौरान वह खुद भी अपडेट लेती रहीं, जिससे अफसरों में हलचल बनी रही। सुबह की बैठक से लेकर शाम तक चले इस अभियान ने साफ कर दिया कि जिले में अब योजनाओं की प्रगति फाइलों से निकलकर सीधे जमीन पर परखी जाएगी।

# रानी लक्ष्मी बाई कन्या इंटर कॉलेज में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई बोर्ड परीक्षा



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** रानी लक्ष्मी बाई कन्या इंटर कॉलेज सहाबुद्दीनपुर खीरी में 18 फरवरी 2026 को बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुईं।प्रथम पाली में आयोजित हाईस्कूल परीक्षा में विषय हिन्दी मे कुल 310 परीक्षार्थियों का पंजीकरण था, जिसमें से 294 छात्र /छात्राएँ उपस्थित रहे, जबकि 16 अनुपस्थित रहीं।वहीं द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट परीक्षा के विषय सामान्य हिन्दी /हिन्दी में कुल 254 परीक्षार्थियों में से 241 उपस्थित एवं 13 अनुपस्थित रहे। विद्यालय केन्द्र व्यवस्थापक सर्वेश वर्मा ने बताया कि परीक्षा केन्द्र पर सभी व्यवस्थाएं सुचारू रहीं तथा परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराई गई। प्रशासन की निगरानी में परीक्षाएं नकलविहीन एवं अनुशासित माहौल में सम्पन्न होने से विद्यालय परिवार में संतोष का वातावरण है इस बीच बाह्यय केन्द्र व्यवस्थापक सुरेश चन्द्र एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट सर्वेश कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

## अव्यवस्थित व्यवस्थाओं को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक को भेजी गई शिकायत

### परीक्षार्थियों के लिए नहीं उपलब्ध कराए गए अलग-अलग कक्ष

**लखीमपुर खीरी।** जिले में आयोजित कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा के दौरान शहर के एक स्कूल का केंद्र शहर से सटे सीमावर्ती क्षेत्र स्थित एक विद्यालय में बनाया गया था, जहां अव्यवस्थित व्यवस्थाओं को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक को शिकायत भेजी गई है शिकायत में आरोप लगाया गया है कि परीक्षार्थियों के लिए अलग-अलग कक्ष उपलब्ध नहीं कराए गए और सभी छात्रों को एक ही बड़े हॉल में बैठाया गया। प्रार्थना पत्र में उल्लेख है कि बताए गए कक्ष संख्या वास्तविक कमरों के बजाय खंभों के नंबर थे परीक्षार्थी ने अस्थिर डेस्क-कुर्सी और टेंट की बिना हत्थे वाली कुर्सी पर बैठाकर परीक्षा कराने का आरोप लगाते हुए कहा है कि खराब व्यवस्था के कारण प्रदर्शन प्रभावित हुआ।

## पहले दिन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का पेपर

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में पहले दिन हिंदी और सामान्य हिंदी का पेपर शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। जिले के 129 केंद्र पर आयोजित हुई परीक्षा के दौरान कहीं से भी किसी तरह की गड़बड़ी पकड़े जाने की सूचना नहीं मिली। सुरक्षा की दृष्टि से केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहा। वहीं सचल दल और स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगातार परीक्षा केंद्रों की निगरानी करते रहे। जिला मुख्यालय पर बने मॉनिटरिंग सेल से भी केंद्रों की गतिविधियों पर नजर रखी गई। डीआईओएस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पहली पाली में कुल 49,613 छात्राएं पंजीकृत थे। इसमें से 46,767 छात्रों ने परीक्षा दी जबकि 2,846 पर छात्रों ने किन्ही कारणों से परीक्षा छोड़ दी।

## किसान दिवस में पहुंचकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन



**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** भाकियू टिकैत के लोगों द्वारा संगठन के स्थानीय जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में विकास भवन में होने वाले किसान दिवस में भाग लिया गया। बुधवार को विकास भवन में आयोजित किसान दिवस में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के लोगों द्वारा स्थानीय जिला अध्यक्ष रमाशंकर शंखधार के नेतृत्व में यहां पहुंच कर भाग लिया गया।संगठन के जिला अध्यक्ष श्री शंखधार ने जानकारी देते हुए बताया है कि संगठन द्वारा किसान दिवस में अपनी मांगों को लेकर 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया है।

## भाजपा केवल चुनावी राजनीति का माध्यम नहीं: राकेश मिश्र अनावा




**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यालय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्र अनावा तथा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता द्वारा अलग-अलग सत्रों के माध्यम से कार्यशाला में मौजूद लोगों को संबोधित किया गया। कार्यक्रम में ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्र अनावा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल चुनावी राजनीति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण का एक व्यापक आंदोलन है। भाजपा की पहचान उसके सिद्धांतों, अनुशासन और समर्पित कार्यकर्ता शक्ति से है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान संगठन की दीर्घकालिक रणनीति का महत्वपूर्ण अंग है।जिसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से परिपक्व, संगठनात्मक रूप से सक्षम और सामाजिक रूप से सक्रिय बनाना है।जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता द्वारा कार्यशाला में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा गया कि भाजपा राष्ट्रवाद की विचारधारा पर आधारित एक सशक्त संगठन है,जिसकी असली ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि संगठन की स्थायी सफलता प्रशिक्षित, अनुशासित और वैचारिक रूप से दृढ़ कार्यकर्ताओं पर निर्भर करती है। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत मंडल प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 मार्च से प्रारंभ होकर 14 अप्रैल तक आयोजित किए जाएंगे, जिनकी समयावधि 24 घंटे की होगी। उन्होंने कहा कि इन वर्गों में भाजपा की विचारधारा, एकात्म मानववाद, अंत्योदय, संगठनात्मक ढांचा, बूथ सशक्तिकरण एवं जनसेवा के विभिन्न आयामों पर गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में उतारते हुए बूथ स्तर तक संगठन को सुदृढ़ बनाएं।

# सपा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री द्वारा किया गया शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र का दौरा

## 2027 में सेकुलर हिंदू मुस्लिम एवं दलित भाइयों को होना पड़ेगा एक

*अवधनामा संवाददाता*



**बदायूँ।** सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री द्वारा शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया गया।इस दौरान उनके द्वारा क्षेत्र की जनता से रुबरु होते हुए उनका दुख दर्द जाना गया।बुधवार को सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री आबिद रज़ा शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे थे। यहां पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा श्री रज़ा का फूल बरसा कर स्वागत किया गया। ग्रामीणों द्वारा उनके स्वागत में ÷देखो कौन आया है शेर आया है÷जैसे नारे लगाए गए।वह क्षेत्र के दलित,यादव तथा मुस्लिम बाहुल्य इलाकों कुलचौरा, गिल्टिया भन्दरा सखानू म्याऊं ढका पहुंचे।क्षेत्र के ग्राम कुलचौरा में अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अब तक जो भी जनप्रतिनिधि चुने गए हैं उन्होंने कभी भी वोटरों के साथ इंसाफ नहीं किया इसलिए आज तक शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र विकास की दृष्टि से बेहद पिछड़ा हुआ है। इसके बाद आबिद रज़ा क्षेत्र के सखानू पहुंचे। जहां युवा वर्ग के लोगों ने श्री रजा का जोरदार रूप से स्वागत किया गया। उन्होंने ग्राम भन्दरा पहुंचकर यहां एक जनसभा को संबोधित किया।ग्राम ढका पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा उनका स्वागत किया गया।जिसपर क्षेत्रीय जनता का शुक्रिया कहते हुए उन्होंने कहा कि आपके क्षेत्र में जितना विकास होना चाहिए था उसका पांच प्रतिशत भी विकास नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि आपके क्षेत्र में कोई सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं है इससे ज्यादा अफसोस की बात और क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि आपको केवल वोट लेने के लिए इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि आपको केवल चुनाव में अच्छी-अच्छी बातें करके विकास के सपने दिखाए गए थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में आपका दिया हुआ वोट कामयाब भी हुआ और आप चुनाव जीते भी फिर भी आप लोग मायूस क्यों दिखते हैं,इसका सीधा मतलब यह है कि सियासी मुखालिफ आपकी मुखालफत पूरी शिद्दत से करता है और आप जिसे सियासी दोस्त समझ कर कामयाब करते हो वह दोस्ती नहीं निभाता इसलिए आपको डबल नुकसान होता है।

## डीएम एवं एसएसपी ने किया बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जनपद में आयोजित हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष, नकल विहीन, सकुशल तथा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस-प्रशासन प्रतिबद्ध है तथा सुरक्षा के दृष्टिगत कडे प्रबंध किए गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा बी.एच.एस. इण्टर कॉलेज, कर्मचन्द चण्डी प्रसाद आर्य कन्या इण्टर कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारीगण द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा केन्द्र पर शौचालय, पेयजल इत्यादि की व्यवस्था को चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान स्ट्राँग रूम की सुरक्षा तथा कन्ट्रोल रूम में सीसीटीवी के माध्यम से परीक्षा की यथास्थिति को जाना। उन्होने सभी को निर्देश दिए कि सौंपे गये उत्तरदायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी से पूर्ण करें। उन्होने यह भी कहा कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का मनीष बंसल ने बताया कि उत्तर प्रदेश हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा के दृष्टिगत सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से गहन निगरानी की जा रही है, परीक्षा के दौरान परीक्षा हॉल तथा परिसर में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल न हो सके इसके लिए कड़े इंतजाम किए गये है। परीक्षा के दृष्टिगत विभिन्न प्रशासनिक और पुलिस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि परीक्षा देने आए सभी अभ्यर्थियों की विधिवत चेकिंग व प्रवेश पत्र सत्यापन होने के उपरान्त ही प्रवेश दें, किसी भी अभ्यर्थी को कोई इलैक्ट्रानिक डिवाइस परीक्षा केंद्र में न ले जाने दी जाए, इसके अतिरिक्त किसी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने में असुविधा होने पर उसकी हर सम्भव सहायता करने सहित अन्य



## नगर खेलकुंभ में शतरंज और बैडमिंटन की मची धूम

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) महानगर सहारनपुर के तत्वावधान में नगर खेलकुंभ के अंतर्गत आज महाराज सिंह डिग्री कॉलेज में खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने शतरंज (चेस) और बैडमिंटन स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एस.पी. देहात सागर जैन ने दीप प्रज्जवलित कर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं, बल्कि यह व्यक्ति में अनुशासन और टीम भावना का विकास भी करते हैं। मुख्य वक्ता प्रांत उपाध्यक्ष दिनकर मलिक ने युवाओं को आधुनिक जीवन शैली के खतरों के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में युवाओं को मोबाइल की स्क्रीन छोड़कर खेल के मैदान में समय बिताना चाहिए।

## पैतृक भूमि पर बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण कराए जाने की शिकायत की

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** इमली चौराहा निवासी अनिल कुमार टंडन ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर पैतृक भूमि पर बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण कराए जाने की शिकायत की है अनिल कुमार टंडन का आरोप है कि पार्क की जमीन पर निर्माण कार्य किया जा रहा है और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।उन्होंने प्रशासन से अवैध निर्माण रुकवाने और पूरे मामले में आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## बोर्ड परीक्षाओं का जायज़ा लेने एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी निरीक्षण पर पहुंचे

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** बोर्ड परीक्षाओं का जायज़ा लेने एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी निरीक्षण पर पहुंचे। उनके साथ सचल दस्ते में बीएसए सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे निरीक्षण के दौरान आर्यकन्या इंटर कॉलेज में सुरक्षा व्यवस्थाओं में कमी पाई गई, जिस पर केंद्र व्यवस्थापक से जवाब तलब किया गया।केंद्र व्यवस्थापक ने आश्वासन दिया कि शाम तक सभी सुरक्षा मानक पूरे कर लिए जाएंगे।

## जानकी देवी इंटर कॉलेज बिजुआ में धरने पर बैठे हाईस्कूल के छात्र

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** बिजुआ में जानकी देवी इंटर कॉलेज बिजुआ में हाईस्कूल के छात्र धरने पर बैठे। आरोप पूरे साल की फीस लेने के बावजूद स्कूल ने बोर्ड रजिस्ट्रेशन नहीं कराया, आज का पेपर छूटा छात्रों का कहना है कि प्रिंसिपल फोन नहीं उठा रहे और कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहे। फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल।

## नृत्य व गीतों के माध्यम सीनियर छात्रों को दी भावभीनी विदाई

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** ब्लू बर्ड स्कूल के छात्रों ने अपने सीनियर छात्रों को नृत्य व गीतों के माध्यम भावभीन विदाई देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। यह कार्यक्रम उत्साह, पुरानी यादों और उत्सव से भरा हुआ था। आनन्द नगर स्थित स्कूल में आयोजित विदाई समारोह में जीवंत नृत्य प्रस्तुति, मधुर गीत, भावपूर्ण नाटक और मजेदार खेल शामिल थे, जिन्होंने सभी को मुस्कान और हंसी प्रदान की। सीनियर्स को ÷मिस्टर फेयरवेल÷ और ÷मिस फेयरवेल÷ जैसे खिताबों से सम्मानित किया गया। साथ ही उनके योगदान, उपलब्धियों और स्कूल में बिताए यादगार सफर को मान्यता देते हुए प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल प्रिंसिपल के स्वागत भाषण से हुई, उसके बाद शिक्षकों ने पुरानी यादें साझा कीं और जाने वाले बैच के लिए मूल्यवान सलाह दी। छात्रों ने कक्षा, वार्षिक समारोह, खेल दिवस और रोजमर्रा के स्कूल जीवन की यादों को एक सुंदर स्लाइड शो और भावुक भाषणों के माध्यम से व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन मो जमाल असलम अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ÷हमारे छात्र ब्लू बर्ड स्कूल का गौरव हैं। यह विदाई समारोह एक अंत नहीं, बल्कि उनकी वृद्धि का उत्सव है और इन दीवारों के बाहर उड़ान भरने के लिए एक वादा है। चेयरमैन स्कूल डॉ खालिद ने छात्रों से कहा कि आज आप इस स्कूल की दीवारों से बाहर निकलकर जीवन के बड़े मंच पर कदम रख रहे हैं। याद रखें, ब्लू बर्ड स्कूल ने आपको न केवल ज्ञान दिया, बल्कि आत्म विश्वास, मूल्य और सपनों को उड़ान भरने की ताकत भी प्रदान की है।

# कृषकों की शिकायतों का प्राथमिकता से करें निस्तारण: डीएम



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने किसान दिवस में सभी किसानो द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्रों एवं शिकायतो को सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया तथा किसानो को फार्मर रजिस्ट्री के लाभ से अवगत कराते जनपद में शत् प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने?कृषक बंधुओं द्वारा शुगर मिलों, उर्वरक, कीटनाशक के साथ अवैध कब्जे एवं सड़क, मुआवजा के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई। जिस पर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने उप निदेशक कृषि को निर्देश दिए कि इन शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया जाए। इस संबंध में संबंधित विभाग से समन्वय भी स्थापित किया जाए। कृषक संजय सैनी निवासी मुबारकपुर, द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में मधुमक्खी पालन की अपार सम्भावनाए है, जिसको अपनाकर किसान भाई अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर सकते है। उप कृषि निदेशक सन्दीप पाल द्वारा किसानो को अवगत कराया गया कि जनपद में जायद उर्द, मूंग, गन्ना अन्तः फसली में बुवाई हेतु निःशुल्क बीज मिनीकिट एवं जनपद में 04 थ्रेसिंग फ्लोर का लक्ष्य (विकासखण्ड-सढौलीकदीम, नागल, बलियाखेडी एवं नकुड) निर्धारित है जिसकी बुकिंग कृषक उत्पादक संगठन के द्वारा ऑन लाईन बुंकिग एक सप्ताह के अन्दर कृषि विभाग पोर्टल पर बुकिंग कर सकते है। जनपद के सभी कृषक बंधुओं को जानकारी दी कि अपने गेहूँ की फसल विक्रय किये जाने हेतु खाद्य विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण अथवा नवीनकरण अवश्य करा ले। किसान दिवस में उप कृषि निदेशक संदीप पाल, जिला कृषि अधिकारी कपिल कुमार, एआर कॉपरेटिव रविशंकर, एलडीएम, जिला परियोजना अधिकारी डॉस्प डा.कर्मवीर यादव, सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी, जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा अमर त्यागी तथा जनपद के कृषक बंधुओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## नगर भ्रमण कर श्री बालाजी धाम यात्रा को दिया विश्राम

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम के 18 वार्षिक? महोत्सव कार्यक्रम में श्री बालाजी महाराज की नगर भ्रमण यात्रा कर कार्यक्रम का समापन किया गया । राजकीय क्रीड़ा मैदान से निकाली गई यात्रा श्री राम चौक नेहरू मार्केट शहीदगंज मोरगंज पुल खुमरण बेहट रोड होते हुए श्री बालाजी धाम पर यात्रा का विश्राम हुआ श्री बालाजी धाम के संस्थापक अतुल जोशी महाराज के सानिध्य में निकली यात्रा का उद्घाटन मनोज वर्मा, नगर आयुक्त शिपू गिरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया । नगर भ्रमण यात्रा में एक सुंदर रथ पर श्री बालाजी महाराज, भैरव बाबा और प्रेतराज सरकार के स्वरूप विराजमान थे जिसे रस्सों के द्वारा भक्त अपने हाथों से खींच रहे थे। यात्रा में सबसे आगे धर्म ध्वजा उसके पीछे श्री बालाजी सेवा समिति का बैनर तथा गणेश जी का रथ चल रहे थे शोभायात्रा में बैंड धार्मिक धुन पर भजन बज रहे थे।

# विजयकांत चौहान गौ गौ सम्मान अभियान के प.उ.प्र. का प्रभारी नियुक्त

*अवधनामा संवाददाता*



**ह्यसहारनपुर।** गौ सेवक गौ भक्तों का ऐतिहासिक सम्मेलन चेतन ज्योति आश्रम हरिद्वार में सम्पन्न हुआ, जिसमें वन्देमातरम मिशन एक चिंगारी ट्रस्ट के संस्थापक विजयकांत चौहान जूनियर भगत सिंह को गौ सम्मान आहवान अभियान का पश्चिम उ.प्र. का प्रभारी नियुक्त किया गया। चेतन ज्योति आश्रम हरिद्वार में आज देशभर की यात्रा पर निकले संत गोपाला नंद महाराज के नेतृत्व में हरिद्वार में आज देश भर से आये गौ शाला संचालको ओर गौ सेवक गौ भक्तों का ऐतिहासिक सम्मेलन हुआ। गौ माता को ऱाष्ट्रमाता के पद पर सुशोभित करने की मांग को लेकर सन्तो के सानिध्य में देश व्यापी गौ सम्मान आह्वान अभियान को घर घर गली गली चौक चौराहों तक पहुंचाने का संकल्प कराया गया। आगामी 27 अप्रैल को प्रत्येक सनातनी हिन्दू घर से प्रत्येक व्यक्ति को अपने निजी कार्यो को 3 घण्टे के लिए त्याग कर कार्यलयों में गौ माता? को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के नाम शांतिपूर्ण अहिंसा पूर्ण प्रार्थना के साथ ज्ञापन देने का आह्वान किया गयां। 15 अगस्त को भारत सरकार तक गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग के साथ पहुंचाएगा। इस दौरान प्रसिद्ध सनातनी प्रवक्ता गौतम खट्टर उत्ताखण्ड गौसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र अंथवाल उत्तराखंड प्रभारी अश्वनी शर्मा आदि ने भी अपने क्रांतिकारी विचारों के साथ गौ सम्मान अभियान को समर्थन? दिया। विजयकान्त चौहान ने गौ सम्मान आह्वान अभियान को वन्देमातरम मिशन एक चिंगारी ट्रस्ट परिवार की ओर से पूर्ण समर्थन देने का समर्थन दिया

# हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की हिन्दी विषय की परीक्षा में 929 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा, रही सख्त निगरानी

- प्रशासन की कडाई और बेहतर व्यवस्था के चलते जिले में परीक्षा के पहले दिन नहीं पकड़ा एक भी नकलची

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बुधवार को हुई हिन्दी विषय की परीक्षा में 929 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। प्रशासन की कडाई और बेहतर व्यवस्था के चलते जिले में परीक्षा के पहले दिन एक भी नकलची नहीं पकड़ा गया। कड़ाई के चलते हाईस्कूल के 12018 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 567 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी, जबकि इंटरमीडिएट के पंजीकृत 9920 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 362 परीक्षार्थियों ने अनुपस्थित रहे।

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की चल रही बोर्ड परीक्षा में पहले दिन भारी संख्या में छात्र छात्राओं ने परीक्षा छोड़ी। पहली पाली में सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक संपन्न हुई हाईस्कूल की हिन्दी विषय की परीक्षा में परीक्षार्थियों हिन्दी का पेपर हल किया। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की 2 बजे से 5:15 बजे तक हिन्दी विषय के परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा दौरान कक्षों में कक्ष निरीक्षकों के घूमने से कोई भी परीक्षार्थी नकल करने का साहस नहीं जुटा सका। दोनो पाली में गेट पर और कक्ष के दरबाजे पर कड़ी चेकिंग देख नकलची परीक्षा देने के लिए कतराते हुए कक्षों में पहुंचे और नकल करने का साहस भी नहीं जुटा सके। पहले दिन की परीक्षाओं में 929 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

परीक्षा शुरू होने के बाद जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट अपनी अपनी गाड़ियों से एक के बाद एक केंद्र में चेकिंग करने के लिए निकल पड़े। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद्र, वित्त एवं लेखा अधिकारी ब्रजेश शुक्ला, राजकीय इंटर कालेज कनकुआ प्रधानाचार्य भानु प्रताप ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षणकरते रहे। सारा दिन अधिकारियों की गाड़ियां दौड़ने और सघन चेकिंग चलने और कक्ष केंद्र व्यवस्थापकों की सख्ती के चलते कोई भी परीक्षार्थी नकल करते नहीं पकड़ा गया। परीक्षा केंद्रों के बाहर भारी पुलिस फोर्स लगा रहा। परीक्षा केंद्रों के अंदर किसी को भी आने की अनुमति नहीं थी। मीडिया के लोगों को भी कक्ष के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। पहले दिन हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा नकलविहीन तरीके से संपन्न कराई गई।

## जेल से आकर बंदी ने दी इंटर की परीक्षा

महोबा में यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा दौरान एक छात्र पुलिस कस्टडी में परीक्षा केंद्र पहुंचा। छेड़खानी के आरोप में पांच दिन पहले जेल गए धीरेंद्र कुमार गौर ने श्रीनगर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में अपना पेपर दिया। सिंघनपुर बघारी गांव का निवासी धीरेंद्र कुमार गौर मुकुंदलाल इंटर कॉलेज का छात्र है। उस पर छेड़खानी का आरोप है और वह वर्तमान में जिला जेल में बंद है। धीरेंद्र ने बताया कि जब वह अपना प्रवेश पत्र लेने गया, तो एक युवती ने उसके साथ जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर गाली-गलौज की। आवेश में आकर उसने युवती को थप्पड़ मार दिया, जिसके बाद उस पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया गया।

## धूमधाम के साथ मनाया गया ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव

**महोबा।** ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल (बचपन) कबरई का वार्षिकोत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वर्षिक उत्सव के मौके पर नन्ने मुन्ने स्कूली बच्चों अपनी डांस, गीत के अलावा अन्य सांस्कृति एवं समाजिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में अतिथियों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाणपत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष कबरई सत्वेंद्र सिंह भदौरिया सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जलित कर किया। इसके बाद स्कूली छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद स्कूली बच्चों ने सोशल मीडिया के प्रभाव, हिन्दू मुस्लिम एकता आदि पर आधारित नाटक प्रस्तुत किये। वहीं नन्ने मुन्ने बच्चों को फिल्मी गीतों पर बेतर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की तालियां बटोरी। कार्यक्रम के मौके पर विद्यार्थियों के परिजनों की भीड़ जुटी, जिन्होंने बच्चों के हुनर को देखकर तालिया बजाकर उत्साहवर्धन किया।

# एसपी की अध्यक्षता में मासिक सैनिक सम्मेलन एवं अपराध समीक्षा गोष्ठी सम्पन्न

- आगामी होली व रमजान को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित संपन्न कराने के दिए कड़े निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मासिक सैनिक सम्मेलन एवं अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी होली व रमजान को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित संपन्न कराने और कानून व्यवस्था और बेहतर बनाए जाने के जिला पुलिस को निर्देश दिए। मासिक सैनिक सम्मेलन में एसपी ने पुलिस कर्मियों की समस्याओं का गंभीरतापूर्वक अनुश्रवण कर उनके त्वरित एवं न्यायसंगत निस्तारण के निर्देश दिए गए साथ ही पुलिस बल के मनोबल, अनुशासन एवं कार्यदक्षता को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर आवश्यक सूचनाएं संकलित करें और त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन करते हुए बीट बुक तैयार की जाए साथ ही पूर्व में घटित घटनाओं की समीक्षा की जाए। संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी, सतत गश्त एवं प्रभावी रणनीति अपनाई जाए। मस्जिद, मजार एवं ईदगाहों का भ्रमण कर इमामों व गणमान्य नागरिकों से संवाद बनाए रखे। एसपी ने कहा कि होली पर्व के दृष्टिगत अवैध शराब बिक्री, नशाखोरी एवं हुड़दंग पर प्रभावी रोक लगाई जाए। जुआ अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, शस्त्र अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट एवं गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। एसपी ने पंजीकृत अभियोगों की प्राथमिक जांच 24 घंटे में पूर्ण कर पीड़ित से संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। एसपी नेहोलिका दहन के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्थानों पर कमेटी गठन कर सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया जाए साथ ही शासन की गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित कराया जाए। सभी होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी बिजली के तारों के नीचे होलिका दहन न हो रहा है। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड, क्षेत्राधिकारी अपराध व साइबर गौरव उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# नई दिल्ली में 30 मार्च को धरना देंगे कोयला पेंशनर, पेंशन वृद्धि की मांग तेज़



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** कोयला पेंशनरों की पेंशन वृद्धि को लेकर एक बार फिर आंदोलन तेज होने जा रहा है। ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल एग्जीक्यूटिव्स (अखिल भारतीय कोयला कार्यकारी संघ) और ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल पेंशनर्स (अखिल भारतीय कोयला पेंशनर संघ) की संयुक्त आभासी बैठक 14 फरवरी को आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से आंदोलन पुनः शुरू करने का निर्णय लिया गया बैठक में सदस्यों ने कोयला खान भविष्य निधि अधिनियम, 1948 में प्रस्तावित संशोधन विधेयक को संसद में शीघ्र प्रस्तुत करने की मांग उठाई। वक्ताओं ने कहा कि पेंशन पेंशनरों का अधिकार है और कोल माइंस प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (कोयला खान भविष्य निधि संगठन) केवल कोष का संरक्षक है, इसलिए पेंशन वृद्धि पर शीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए संयुक्त बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 30 मार्च 2026 को नई दिल्ली में धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इस दौरान केंद्रीय श्रमिक संगठनों तथा कोल इंडिया लिमिटेड (कोल इंडिया लिमिटेड) और सिंगरेनी कोलियरीज़ कंपनी लिमिटेड (सिंगरेनी कोलियरीज़ कंपनी लिमिटेड) के अन्य संगठनों से भी आंदोलन के समर्थन के लिए संपर्क किया जाएगा संयोजक पी.के. सिंह राठौर ने कहा कि यदि पेंशन में वृद्धि संभव नहीं होती है तो पेंशन कोष की राशि पेंशनरों को वापस की जानी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार, कोल इंडिया लिमिटेड और कोयला खान भविष्य निधि संगठन से अपील की कि वे कोयला पेंशनरों की जायज़ मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करें संघों ने स्पष्ट किया है कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और आक्रामक रूप दिया जाएगा।

# गंगा में हुए नाव हादसे मामले में केस दर्ज



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** काशी के प्रसिद्ध तुलसी घाट के सामने सोमवार की दोपहर में दोनों के आमने-सामने टक्कर हो गई थी। हालांकि एनडीआरएफ के जवान घाटों पर मुस्तादी से तैनात रहने के चलते एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। इस दुर्घटना के जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध चौकी प्रभारी अस्सी रणजीत कुमार श्रीवास्तव की तहरीर पर छोटी नाव संचालक भदैनी निवासी गोपाल साहनी और बड़ी नाव के ड्राइवर मलाहिया टोला रामनगर के रहने वाले राजन साहनी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 125ड्ढ के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार यह पूरा मामला लापरवाही से जुड़ा है। बताया गया कि,चालकनियम अनुसार नव का संचालन नहीं कर रहे थे। आरोपी गोपाल साहनी अपने छोटी नाव पर 5 व्यक्तियों को बिना लाइफ जैकेट पहने यात्रियों को उसपार लेकर जा रहे थे। तब तक दक्षिण दिशा से राजन साहनी बड़ी नाव लापरवाही पूर्वक लेकर जा रहे थे। जिससे दोनों नावों में टक्कर हो गई। और छोटी नाव अनियंत्रित होकर गंगा में डूब गई। मौके पर एनडीआरएफ की टीम ने तत्काल कार्रवाई कर डूब रहे 5 व्यक्तियों को बचा लिया।

# अपर आयुक्त ने सहजनवा तहसील का किया निरीक्षण

- डिजिटल सर्वे समय से पूर्ण कराने पूरे तहसील को शाबाशी दी

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर ।** अपर आयुक्त प्रशासन जय प्रकाश ने बुधवार को सहजनवा तहसील का निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान न्यायालय की विभिन्न पत्रावलियों की हकीकत जानी। इसके अलावा आरके दफ्तर संग्रह के विभिन्न रजिस्टर के अलावा 10 बड़े बकायेदारों के बारे में जानकारी ली। वहीं भूलेख कार्यालय के विभिन्न बस्तों की भी जांच किए।

तहसील परिसर में साफ सफाई से संतुष्ट दिखे। तथा खतौनी के निकासी के बारे में भी हकीकत जाने के बाद निर्देश दिए कि न्यायालय में लंबित पत्रावलियों का निस्तारण कराए।आपत्ति लगा कर फ़ाइलों को न रोके। पूर्व में लंबित पत्रावलियों को 90 दिन के अंदर निस्तारण करे। अविवादित पत्रावलियों का निस्तारण 45 दिन के अंदर करे। धारा 24 के आदेश के बाद राजस्व निरीक्षक और लेखपाल मिल कर तत्काल मौके पर पहुंच कर निस्तारण करे। स्वामित्व के नक्शे को जमा करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी है। इसके अंदर जमा किया जाय। देरी होने पर एसडीएम और तहसीलदार जिम्मेदार होगे। राजस्व परिषद के निर्देश का पालन कराते हुए चौपाल लगाए। डिजिटल सर्वे समय से पूर्ण कराने पर सहजनवा तहसील को बधाई दी। इसके अलावा फार्मर रजिस्ट्री में तेजी लाने का निर्देश दिए।

इस दौरान न्यायिक एसडीएम निशा श्रीवास्तव तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, स्न्नस्न्ननायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया,नायब तहसीलदार राम सूरज,लेखपाल संघ अध्यक्ष रत्नेश मणि सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# परीक्षा केंद्रों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण, शांतिपूर्ण परीक्षा कराने का दिया निर्देश



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के साथ जनपद में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में किसान इंटर कॉलेज, साखोपार तथा एस.बी. इंटर कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर केंद्र व्यवस्थापकों से परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की संख्या, प्रश्नपत्र वितरण, उपस्थिति पंजी, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्षों में प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, प्रश्नपत्रों के सुरक्षित रख-रखाव, प्रवेश द्वार पर तलाशी व्यवस्था तथा बाहरी व्यक्तियों की आवाजाही पर नियंत्रण की स्थिति का गहन परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि परीक्षा केन्द्रों पर शासन एवं बोर्ड के निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन हो रहा है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक/प्रबंधक/ प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा परीक्षा के दौरान अनुशासन बनाए रखा जाए। पुलिस अधीक्षक ने भी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए।

## 20 और 21 फरवरी को परिवहन मेला का आयोजन

**वाराणसी।** परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा सम्भागीय परिवहन कार्यालय परिसर में 20 एवं 21 फरवरी को परिवहन मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का उद्देश्य 7,500 किलोग्राम तक के सकल वाहन भार वाले वाणिज्यिक वाहनों हेतु लागू की गई नई एकमुश्त कर संरचना के संबंध में वाहन स्वामियों, संचालकों, वाहन विक्रेताओं एवं अन्य परिवहन हितधारकों को जागरूक करना है।

विभाग का कहना है कि,उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अधिसूचना 30 जनवरी 26 के माध्यम से लागू नई कर व्यवस्था के अंतर्गत वाणिज्यिक वाहनों पर कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी एवं सुगम बनाया गया है। नई व्यवस्था के अनुसार 3,000 किलोग्राम तक के सकल वाहन भार वाले मालवाहक वाहनों पर वाहन मूल्य का 3 प्रतिशत एकमुश्त कर देय होगा। 3,000 किलोग्राम से 7,500 किलोग्राम तक के सकल वाहन भार वाले मालवाहक वाहनों पर वाहन मूल्य का 6 प्रतिशत एकमुश्त कर देय होगा।

# पहले दिन 7724 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा



- नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए जिले को 6 जोन व 22 सेक्टरों में बांट गया
- 194 परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की लगाई गई है ड्यूटी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. की तरफ संचालित बोर्ड परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच 194 केंद्रों पर शुरू हुई। हाई स्कूल व इंटर मीडिएट कि परीक्षा में पहले दिन बुधवार को दोनों पालियों में 7724 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रही। कहीं से भी अनुचित साधन प्रयोग करने का समाचार नही प्राप्त हुआ था।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली में हाई स्कूल हिंदी विषय में कुल 58,282 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 54,972 उपस्थित हुए। अनुपस्थित परीक्षार्थियों में 2,022 बालक और 1,288 बालिकाएं शामिल है। इस तरह से हाई स्कूल में 3310 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। द्वितीय पाली इंटर हिंदी में 189 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई। इंटर में कुल 49877 छात्र पंजीकृत थे। जिसमें बालक वर्ग से 4414 अनुपस्थित रहे। परीक्षा में बालिका वर्ग से 22383 व बालक वर्ग से 23080 परीक्षार्थी शामिल हुए इसमें बालक वर्ग से 1810 व बालिका वर्ग से 2604 अनुपस्थित रहे। कुल मिलाकर बोर्ड परीक्षा के पहले दिन 7724 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। परीक्षा की निगरानी के लिए सुपर जोनल, जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। शुचिता पूर्ण और नकलविहीन परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों को छह जोन और 22 सेक्टर में बांटा गया है। डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित है। इसे सभी केंद्रों के सीसीटीवी कैमरों से जोड़ दिया गया है। इसके अलावा सभी केंद्रों पर परीक्षक तैनात करने के साथ ही केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर, जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती भी की गई है।

**वेब कास्टिंग के जरिए हो रही परीक्षा की मॉनिटरिंग :** प्रश्नपत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं के रखने के लिए स्ट्रांग रूम एवं उनके सीलिंग व पैकिंग रूम में वॉयस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे एवं रिकॉर्डिंग के लिए डीवीआर लगाए गए हैं। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों की वेबकास्टिंग के जरिए मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

## बहुत कठिन है डगर परीक्षा केंद्र की

- विरासत गलियारे के रास्ते पर बने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने में यूपी बोर्ड के परीक्षार्थियों को हो रही असुविधा

**गोरखपुर।** यू पी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं, परीक्षा के मानसिक तनाव के बीच छात्र छात्राओं ने पूरी तैयारी के साथ कमर कस लिया है। इस बीच शहर में चल रहे विरासत गलियारा निर्माण के मद्देनजर परीक्षा देने से पहले डीएवी इंटर कालेज, आर्य कन्या इंटर कालेज व दयानन्द इंटर कालेज पर जाने वाले छात्र छात्राओं को विकास की भेंट चढ़ चुके रास्तों से गुज़र कर इन परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने की परीक्षा पास करना पड़ रहा है। यहां काम की सुस्त रफ्तार की मार उन छात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों पर पड़ रही है जो इन केंद्रों पर परीक्षा देने आ रहे हैं। छात्र तो फिर भी उछल कूद करते हुए किसी तरह परीक्षा केंद्र पर पहुंच जा रहे हैं लेकिन छात्राओं के लिए विरासत गलियारे के जाम को पार करके इस रूट पर स्थित परीक्षा केंद्र पर पहुंचने में भारी मशक्कत करना पड़ रहा है। वहीं यहां परीक्षा केंद्र पर पहुंचे छात्र छात्राओं और अभिभावकों का कहना था कि परीक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन को यहां पहुंचने वाले वैकल्पिक मार्गों को जल्द दुरुस्त करवा देना चाहिए।

## कुष्ठ रोगियों की मदद के लिए कवियत्री डॉ सरिता सिंह ने बढ़ाया हाथ



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** प्रधानमंत्री दिव्यायशा केंद्र के माध्यम से सामाजिक सरोकार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आठ कुष्ठ मरीजों को सहायतार्थ किट सरिता सिंह कवयित्री लेखिका सोशलवर्क कुष्ठ कर्मचारी द्वारा यह कार्यक्रम बीआरडी मेडिकल कॉलेज में आयोजित किया गया, जिसमें विशेष रूप से कुष्ठ रोग से पीड़ित मरीजों को सहयोग प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मेडिकल कॉलेज केंद्र प्रभारी कंचन चौधरी जी की उपस्थिति रही। उन्होंने मरीजों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर और सहयोग मिलना चाहिए, विशेषकर उन लोगों को जो बीमारी के कारण सामाजिक उपेक्षा का सामना करते हैं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की सहायता से मरीजों का मनोबल बढ़ता है और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है।

## अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण किया गया



**अवधनामा संवाददाता, फर्रुखाबाद।** अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत जनपद के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# प्रधानों तथा पंचायत सचिवों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया

- सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई
- ग्राम सड़क सुरक्षा समिति का गठन करें
- यातायात नियमों को पालन कर पैसे बचायें

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिलाधिकारी फर्रूखाबाद आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में आज दिनांक 18-02-2026 को एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत एवं खण्ड विकासं अधिकारी राजेपुर श्री सुनील कुमार जायसवाल द्वारा ब्लॉक राजेपुर में ग्राम प्रधानों तथा पंचायत सचिव को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। बैठक में 58 ग्राम प्रधानों तथा पंचायत सचिव द्वारा प्रतिभाग किया गया। शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह का आयोजन दिनांक 01.02.2026 से 28.02.2026 तक किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में परिवहन आयुक्त महोदया द्वारा पंचायती राज विभाग को ब्लॉक स्तर पर ग्राम प्रधानों की बैठक आहूत किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अतिरिक्त ग्राम प्रधानों को ग्राम सड़क सुरक्षा समिति के अन्तर्गत उस ग्राम का सड़क सुरक्षा अग्रदूत घोषित किया जाये। इसी क्रम में ब्लॉक राजेपुर में यह बैठक आयोजित की गई ।

एआरटीओ द्वारा बताया गया कि यातायात नियमों का पालन करने से धन-सम्पत्ति की भी रक्षा होती है, जो इस बात से स्पष्ट है कि पुलिस विभाग द्वारा वर्ष 2025 में 46958 चालान किये गये हैं तथा 212 वाहन बन्द किये गये हैं, जिनसें रू0 20.53 लाख प्रशमन शुल्क वसूला गया। परिवहन विभाग द्वारा वर्ष 2025 में 4455 चालान किये गये हैं तथा 1066 वाहन बन्द किये गये हैं, जिनसें रू0 237.72 लाख प्रशमन शुल्क वसूला गया। इस प्रकार जनपद फर्रूखाबाद में एक वर्ष में रू0 2.58 करोड़ जुर्माने के रूप में वसूल किये गये हैं। इसके अतिरिक्त मा0 सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के निर्देशों के अनुपालन में जनपद फर्रूखाबाद में वर्ष 2025 में 281 ड्राइविंग लाइसेन्स निलम्बित किये गये हैं।

बैठक में उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों से अनुरोध किया गया कि वह अपने ग्राम में सड़क सुरक्षा की बैठक आहूत करें तथा सभी ग्रामीणों प्रेरित करें कि किसी भी स्थिति में यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग ना करें, वाहन के प्रपत्र पूर्ण रखें, नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, अपनी गति को नियंत्रण में रखें तथा यातायात नियमों का पालन करें। सभी चालक गाड़ी पर यदि अपने सामने अपने परिवार की फोटो लगाकर रखेंगे तो उन्हें याद रहेगा कि उन्हें सकुशल घर पहुंचना है तब वह जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाएंगे । सभी सुरक्षित रहें यातायात नियमों का पालन करें एवं अपने जनपद फर्रूखाबाद को दुर्घटना रहित जनपद बनाएं। सभी ग्राम प्रधानों से यह भी अनुरोध किया गया कि ट्रैक्टर-ट्राली में रिफ्लेक्टर अवश्य लगवायें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

एआरटीओ द्वारा राह-वीर योजना की जानकारी देते हुये बताया गया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा दिनांक 21-04-2025 से राह-वीर योजना प्रारम्भ की गयी है, जो 31-03-2026 तक प्रभावी रहेगी। इस योजना के अन्तर्गत घातक दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दुर्घटना के उपरान्त एक घण्टे (गोल्डन ऑवर) के अन्दर अस्पताल पहुंचाने से घायल के जीवित रहने पर रू0 25000/- के पुरस्कार का प्राविधान है। घातक दुर्घटना में बड़ी सर्जरी, न्यूनतम तीन दिन अस्पताल में रहना, मस्तिष्क की चोट, रीढ़ की हड्डी की चोट एवं इलाज के दौरान घायल की मौत सम्मिलित है। राहवीर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से मृतकों की संख्या में प्रभावी कमी लाई जा सकती है। एआरटीओ द्वारा बताया गया कि हिट एण्ड रन मोटर दुर्घटना के पीड़ितों के लिये मुआवजा योजना-2022 के अन्तर्गत अज्ञात वाहन से घटित सड़क दुर्घटना में मृत्यु की दशा में रू0 2.00 लाख तथा गम्भीर रूप से घायल होने की दशा में रू0 50 हजार के मुआवजा का प्राविधान है। वर्ष 2025 में माह दिसम्बर तक हिट एण्ड रन की 109 दुर्घटनायें घटित हुई हैं, जिनमें 89 व्यक्तियों की मृत्यु हुई हैं तथा 81 व्यक्ति घायल हुये हैं। कार्यक्रम के समापन में सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गई।

## साईं कालेज की एनएसएस छात्राओं ने निकाली पर्यावरण संरक्षण रैली

**महोबा।** साईं डिग्री कालेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन दिन छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर रैली निकाली और इसके बाद महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया साथ ही पौधों को पानी भी दिया। कार्यक्रम दौरान प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी ने संविधान के मौलिक कर्तव्य 7 के बावत जानकारी दी।

साईं कालेज की एनएसएस छात्राओं ने बुधवार को कालेज से पर्यावरण संरक्षण रैली निकाली, जो मुख्य मार्ग से होते हुए हाईवे तक पहुंचा जहां से वापस पुनः महाविद्यालय आकर संपन्न हुई। रैली दौरान छात्राएं लाइन बनाकर कदम से कदम मिलाकर चल रही थी साथ ही पर्यावरण संरक्षण से संबन्धित स्लोग्न तेज स्वर में बोलते हुए लोगों को जागरूक कर रही थी। रैली के बाद छात्राओं ने एनएसएस प्रभारियों के नेतृत्व में महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई सम्पूर्णता अभियान 2.0 को सफल बनाने के सम्बन्ध में बैठक

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में बुधवार को नीति आयोग भारत सरकार द्वारा संचालित आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम, आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्पूर्णता अभियान 2.0 को सफल बनाने के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुआ।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नीति आयोग द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर को आकांक्षात्मक जनपद के रूप में चयनित किया गया है। सम्पूर्णता अभियान 2.0 अभियान 14 अप्रैल 2026 तक संचालित होगा। सम्पूर्णता अभियान 2.0 के अन्तर्गत नीति आयोग द्वारा महत्वपूर्ण इंडिकेटर स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि आदि में लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। जनपद में सम्पूर्णता अभियान 2.0 के उद्देश्यों, लक्ष्यों एवं अपेक्षित परिणामों की जानकारी सभी संबंधित विभागों, अधिकारियों एवं जनसमुदाय को प्रदान की जाएगी। चयनित सभी संकेतकों से संबंधित आवश्यक कार्यवाहियों का विभागवार क्रियान्वयन किया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं अन्य संबंधित क्षेत्रों में निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि जिन लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड नही बना है उनका शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड आशा के माध्यम से बनवाना सुनिश्चित करायें। जिससे लोगों को 5 लाख तक निःशुल्क इलाज की सुविधा प्राप्त हो सके। शत-प्रतिशत टीकाकरण कराये। कोई भी छूटना नही चाहिए तथा इसकी फीडिंग भी कराये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सभी विद्यालयों में बालिका शौचालय, दिव्यांग शौचालय, पेयजल, फर्नीचर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। जिला कृषि अधिकारी को किसानों के मृदा का जांच कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सभी अधिकारी को निर्देश दिया फील्ड निरीक्षण अधिक से अधिक करे।

इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, उपायुक्त श्रम रोजगार सन्दीप सिंह, डीएसटीओ बीएस यादव, उपायुक्त एनआरएलएम देवननन्दन दूबे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 27 वर्ष पुराने मुकदमे में 6 अभियुक्त दोषी करार

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** थाना सम्मनपुर क्षेत्र से जुड़े वर्ष 1998 के एक पुराने आपराधिक मुकदमे में माननीय न्यायालय ने छह अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। यह कार्रवाई के दोष सिद्धि अभियान के अंतर्गत निगरानी प्रकोष्ठ व अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप संभव हो सकी। थाना सम्मनपुर पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 27ए/1998, धारा 147, 323, 504, 506 भारतीय दंड संहिता से संबंधित प्रकरण में 18.02.2026 को माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा अभियुक्तगण 1.रामजीत पुत्र मुन्नीलाल, 2. राम कुमार पुत्र राम किशुन, 3. राजेंद्र कुमार पुत्र जोखू, 4. मुन्नीलाल पुत्र मतई, 5. चुन्नीलाल पुत्र चतई एवं 6. अच्छाराम उर्फ अझाराम पुत्र राम कुबेर, समस्त निवासी नैली, थाना सम्मनपुर, जनपद अम्बेडकरनगर को दोषी ठहराया गया। न्यायालय ने अभियुक्तों द्वारा जुर्म स्वीकार किए जाने के आधार पर उन्हें न्यायालय उठने तक की सजा तथा प्रत्येक अभियुक्त पर 2000-2000 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान - 2026 पंच परिवर्तन का आयोजन

- कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सुदृढ़ बनाना और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करना है उद्देश्य : जिलाध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भाजपा के तत्वावधान में बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान - 2026 पंच परिवर्तन का जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने अध्यक्षता किया। जिलाध्यक्ष ने मुख्य अतिथि जिला प्रभारी हरि चरण कुशवाहा व पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सुदृढ़ बनाना और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करना है।कार्यशाला के माध्यम से संगठन को शसक्त बनाना और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर नई ऊर्जा का संचार करना है। भाजपा कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए।

कार्यशाला के दूसरे सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रभारी हरि चरण कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती, वैचारिक सुदृढ़ता और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पण का आह्वान किया। उन्होंने %व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण% के मूलमंत्र पर अपना विचार रखा। कार्यक्रम में शामिल पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेंद्र सिंह ने कहा कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करना और उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करना ही प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य होता है। तीसरे सत्र में जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, पूर्व विधायक व वरिष्ठ नेतागण ने विधानसभा वार मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर रूप देखा तैयार किया।

कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्षगण नरेंद्र मणि त्रिपाठी, राम कुमार कुंवर, पूर्व जिप.अध्यक्ष साधना चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष पि.मो. शिवनाथ चौधरी, जिला मिडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, अभियान संयोजक दीपक मौर्य, सह संयोजक मधुसूदन अग्रहरि, बिंदुमती मिश्रा, फूलचंद आदि उपस्थित रहें।

# श्रीराम कथा महोत्सव की सफलता के लिए घर-घर पहुंचेंगे सदस्य



- शहर के नपा सभागार में 20 मार्च से आयोजित हो रहा श्रीराम कथा महोत्सव
- कलश यात्रा का रूट मार्ग तय, 101 महिलाओं की सहभागिता का लिया संकल्प

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** शहर में 20 से 26 मार्च तक श्रीरामकथा महोत्सव आयोजित है। नगर पालिका कार्यालय के पीछे स्थित सभागार में प्रतिदिन शाम छह बजे से रात 10 बजे तक श्रीरामकथा की अमृतवर्षा होगी। 27 मार्च को भंडारे के साथ महोत्सव का समापन होगा। कार्यक्रम की सफलता को लेकर तैयारी बैठक हुई, जिसमें कलश यात्रा के रूट मार्ग समेत अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए कार्य एवं दायित्व पर विचार-विमर्श हुआ।

शहर के एक होटल में बुधवार को श्रीरामकथा महोत्सव से जुड़े लोगों की बैठक में बताया गया कि कथा में प्रवचन अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय कथावाचक संत गौरव कृष्ण शास्त्री करेंगे। पहले दिन निकलने वाली कलश यात्रा श्रीराम महोत्सव स्थल से हनुमानगढ़ी तक, फिर वहां से श्री सिहेंश्वरी देवी मंदिर पर समापन होगा। इसके लिए 101 महिलाओं की सहभागिता के लिए रणनीति तैयार हुई। इसके लिए घर-घर संपर्क करने के साथ ही आसपास के वार्डो में सभासद से समन्वय बनाने का निर्णय लिया गया। क्रीड़ा भारती गोरक्ष प्रांत के अध्यक्ष डॉ. अरूण कुमार प्रजापति ने कहा कि कथा के माध्यम से समाज में नैतिक मूल्यों, पारिवारिक एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देने का लक्ष्य रखा गया है। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला मंत्री डॉ. गोविंद प्रसाद ओझा ने कहा कि यह महोत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, आस्था और रामराज्य की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का एक व्यापक प्रयास है। अध्यक्ष शिवदत्त अग्रहिर ने बताया कि कथा के दौरान भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और लोककल्याणकारी विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। इस अवसर पर आयोजन समिति के मार्गदर्शक मनीष कुमार शुक्ला, कोषाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव समेत शुभम श्रीवास्तव, रजनीश उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

## मरीजों की मृत्यु के बाद शव को घर पहुंचाने के लिए प्राइवेट एम्बुलेंस से ले जाने पर उठ रहे सवाल

**अवधनामा संवाददाता, अम्बेडकरनगर।** जनपद के राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सदरपुर में मरीज़ो की मौत के बाद शव को घर पहुंचाने की प्रक्रिया को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। इस मामले का उजागर तब हुआ जब मृत्यु हो जाने के बाद परिजन ने सरकारी एंबुलेंस की सेवा लेने के बाद भी प्राइवेट एंबुलेंस कर्मी पहुंचा तो उसने इसका विरोध किया तो पूरा मामला सामने निकल कर आया। परिजनों का कहना है कि सरकारी एंबुलेंस सेवा के लिए जारी आधिकारिक नंबर पर संपर्क करने के बावजूद उन्हें प्राइवेट एंबुलेंस के माध्यम से शव को घर (कटेहरी) ले जाने के लिए भुगतान करने के लिए 1500 रुपए की मांग की गई। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार दोपहर एक गंभीर मरीज की मृत्यु के बाद परिजनों ने सरकारी एंबुलेंस सेवा के नंबर पर फोन कर शव को गांव पहुंचाने की मांग की। कॉल रिसीव करने वाले ने एंबुलेंस भेजने का आश्वासन दिया। लेकिन करीब 15-20 मिनट के भीतर अस्पताल परिसर में एक प्राइवेट एंबुलेंस पहुंची और उसके कर्मी ने शव ले जाने के लिए दूरी के आधार पर 1500 रुपए की मांग की। परिजनों ने जब सरकारी सेवा के बारे में सवाल उठाया तो उन्हें बताया गया कि सरकारी एंबुलेंस उपलब्ध नहीं है, यह प्राइवेट सेवा है।÷ दूरी लगभग 40-50 किलोमीटर बताकर तय किराया मांगा गया। इस स्थिति से परिजन हैरान रह गए, क्योंकि उन्होंने स्पष्ट रूप से सरकारी एंबुलेंस सेवा की मांग की थी। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि यह कोई एकल मामला नहीं है। आरोप है कि शव वाहन चालक सरकारी हेल्पलाइन पर कॉल रिसीव करने के बाद प्राइवेट एंबुलेंस संचालकों को सूचना दे देते हैं और दूरी के आधार पर वसूली की जाती है। 20-30 किलोमीटर के लिए 800 से 1000 रुपये और 50 किलोमीटर या उससे अधिक दूरी पर 1500 रुपये या उससे ज्यादा वसूले जाने की बात सामने आ रही है।

# विधिक साक्षरता शिविर में दी गयी बाल अधिकार व संरक्षण की जानकारी

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर के निर्देश क्रम में तहसील विधिक सेवा समिति, नौगढ के तत्वाधान में सदर तहसीदार देवेन्द्र मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में तहसील सभागार कक्ष में बाल अधिकार विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम और नवीन कानून 'बाल लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम, 2012 पर आधारित विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय और बच्चो को पराविधिक स्वयं सेवक सिद्धार्थ कुमार और राज कुमार भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि पॉक्सो ऐक्ट भारत का एक विशेष कानून है, जिसे नाबालिग बच्चों को किसी भी प्रकार के यौन अपराधों से बचाने और बच्चो के साथ यौन घटनाओं को रोकने के लिए बनाया गया है। पराविधिक सेवक वक्ताद्वय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कानून और अधिनियम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को लैंगिक अपराधों से बचाना एवं उनके बेहतर भविष्य का निर्माण करना है। इसी कड़ी में पराविधिक स्वयं सेवक देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा यौन हमला, यौन उत्पीड़न ,बाल अश्लील साहित्य, बच्चों के साथ छेड़छाड़ करने संबंधी अपराध रोकने के बारे में जानकारी दी गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सदर तहसीलदार (नौगढ़) देवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने आगामी 22 फरवरी को लोहिया कला भवन में आयोजित होने वाले मेगा/वृहद सहायता एवं सेवा शिविर के बावत लोगों को अवगत कराते हुए सरकार द्वारा गरीबों, विकलांगों , निराश्रितों, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और कमजोर तबके के लोगों के लिए संचालित योजनाओं के बारे विधिक जानकारी उपलब्ध कराई और लोगों से अपेक्षा व्यक्त किया कि उक्त शिविर में पहुंचकर संबंधित विभाग के पटल पर अपनी समस्याओं का समाधान करें।

# खुनुवां में नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ शुरू, निकली भव्य कलश यात्रा



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विकास खंड शोहरतगढ़ क्षेत्र के सीमावर्ती गांव खुनुवां में बुधवार से नौ दिवसीय संगीतमयी श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ हो गया। आयोजन के पहले दिन श्रद्धा और उल्लास के बीच भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

यज्ञ स्थल से गाजे-बाजे और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ निकली कलश यात्रा बानगंगा नदी के तट तक पहुंची। यात्रा में महिलाओं, युवतियों और पुरुषों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। पूरा वातावरण भक्ति गीतों और जयघोष से गुंजायमान रहा। महायज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष राहुल यादव ने बताया कि कथा वाचन के लिए अयोध्या धाम से आए कथा व्यास पंडित हरिशंकर श्रद्धालुओं को भगवान श्री विष्णु की लीलाओं का संगीतमय वर्णन कराएंगे, जबकि रासलीला के लिए वृंदा धाम, मथुरा से पवन बाबा का आगमन हुआ है। दोनों विद्वान नौ दिनों तक प्रवचन और रासलीला के माध्यम से भक्तों को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। महायज्ञ का समापन 26 फरवरी को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ होगा। आयोजन को लेकर गांव में उत्साह व धार्मिक माहौल बना है।

## दहेज हत्याआरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोण्डा।** थाना कटरा बाजार पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0-05/2026, धारा 85,80(2) बीएनएस व 3/4 डी0पी0 एक्ट से सम्बन्धित 01 आरोपी अभियुक्त - अली अहमद उर्फ ननके पुत्र मुस्तकीम नि0 छत्तरपुरवा मौजा बनगाँव थाना कटरा बाजार, जनपद गोण्डा को बनकटी मोड़ ग्राम बनगाँव से गिरफ्तार कर लिया गया गिरफ्तार दिनांक 15.02.2026 को वादी मुतीम पुत्र अली अहमद नि0 मौहारी रजवापुर थाना पयागपुर जनपद बहराइच द्वारा थाना कटरा बाजार में लिखित तहरीर दी गयी कि उनकी बहन की शादी जून 2024 में विपक्षी फैजान पुत्र अली अहमद नि0 छत्तरपुरवा मौजा बनगाँव थाना कटरा बाजार से हुई थी । शादी के कुछ समय बाद से ही उनकी बहन को उसके पति व ससुरालीजनों द्वारा 05 लाख रु0 दहेज की मांग को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था । दिनांक 11.01.2026 को सूचना मिली कि उनकी बहन ने फांसी लगा ली है, जिससे उसकी मृत्यु हो गई है।

# बनचौरी गांव में सफाई व्यवस्था हुई बदहाल, जिम्मेदारों पर उठ रहे सवाल, गांव की जनता हो रही हलकान

अवधनामा संवाददाता





**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खंड बढ़नी अंतर्गत ग्राम पंचायत खरिकौरा के टोला बनचौरी में साफ सफाई व्यवस्था बदहाल नजर आ रही है। ग्रामीणों को मजबूर होकर खुद साफ सफाई करनी पड़ती है। गांव की सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। गांव में जगह जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ नजर आ रहा है।

सूत्रों की मानें तो इसी तरह ?विकास खंड बढ़नी क्षेत्र के अन्य कई ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। गांव में जगह जगह गंदगी देखने को मिल रही है। कई ऐसे सफाई कर्मी है जो सरकारी तनख्वाह तो लेते हैं, लेकिन गांवों में सफाई करने के बजाय इधर उधर घूम कर नेतागीरी कर रहे हैं। ऐसे लोगों की पोल खुलने वाली है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सफाई कर्मी किराये पर मजदूर भेजकर कभी कभार गांव में थोड़ा बहुत सफाई करवा देते हैं। जिससे समस्या बढ़ती ही जाती है। इन दिनों गांव की सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। जिससे जिम्मेदारों पर सवाल उठना लाजिमी हो गया है।

बताया जाता है कि गांवों में नालियां जाम होकर बदबू कर रही हैं। जिससे कई तरह की बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। गांव का सफाई कर्मी कौन है, लोगों को खुद नहीं पता रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्राम पंचायत में नियुक्त सफाई कर्मी के बारे में हम लोगों को कोई जानकारी नहीं रहती है। सफाईकर्मीयों की लापरवाही के कारण गांव में जगह जगह गंदगी फैला रहता है। नाली की साफ-सफाई समय पर नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है।

जबकि अपर जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश कुमार सिंह का कहना है कि सभी ग्राम पंचायत भवनों पर पंचायत सचिव का रोस्टर अनुसार बैठने का दिन समय निर्धारित किया गया है। और सफाई कर्मी, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक व उच्चाधिकारियों का सम्पर्क नंबर अंकित करवाये जाने का दिशा-निर्देश जारी किया गया है। लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार लोगों के खिलाफ जल्द कार्रवाई की जायेगी।

## कल्पनाथ सिंह कन्या इण्टर कालेज में चल रहे परीक्षा में 7 छात्र एवं छात्राओं ने छोड़ी परीक्षा

**लोटन सिद्धार्थनगर ।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र अन्तर्गत विद्यालय मे चल रहे यूपी बोर्ड के परीक्षा में प्रथम दिन बुधवार को कल्पनाथ सिंह कन्या इंटर कालेज मे प्रवेश कर रहे छात्र एवं छात्राओं को गेट पर चेकिंग करने के बाद ही कमरे में बैठाने को कहा गया । केन्द्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्य नन्द कुमार ने छात्र एवं छात्राओं से कहा कि किसी भी छात्र एवं छात्राओं के पास नकल से सम्बंधित सामग्री मिली तो सख्त कार्यवाही की जायेगी। परीक्षा के प्रथम दिन हाईस्कूल हिन्दी मे पंजिकृत 139बच्चो मे 136परीक्षार्थी उपस्थित रहे 3बच्चो ने परीक्षा छोड़ दिया है। वही दुसरी पाली इण्टर के छात्र एवं छात्राओं का समान हिन्दी का परिक्षा रहा जिसमें मे 270पंजिकृत रहे जिसमें 266उपस्थित रहे 4बच्चो ने परिक्षा छोड़ दिया।केंद्र व्यवस्थापक नंद कुमार ने बताया कि हर कमरे में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये है परीक्षा की देख रेख के लिए स्टेटीक मजिस्ट्रेट भी तैनात किये गये है। परीक्षा केंद्र पर छात्र एवं छात्राओं के सुरक्षा के दृष्टि से पुलिस फोर्स मौजूद रही।ताकी परीक्षा खत्म होने पर कोई छात्र एवं छात्राओं को असुविधा न हो।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** थाना शोहरतगढ़ पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध मु.अ.सं. 16/26 के तहत धारा 103(1), 238, 137(2), 87, 351(3) बीएनएस में मामला दर्ज है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मंयक द्विवेदी के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 18 फरवरी 2026 को दोपहर ग्राम गनचौरा के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान आशीष उर्फ रामआशीष पुत्र पुजारी, निवासी मसीना थाना शोहरतगढ़, वर्तमान पता बाणगंगा थाना शोहरतगढ़, उम्र 33 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी कर अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है।

## एसडीएम टांडा ने बसखारी के प्रकाश डायग्नोस्टिक सेन्टर का किया आकस्मिक निरीक्षण

**बसखारी/ हजपुरा अम्बेडकरनगर।** जनपद में अवैध और मानकों के विपरीत संचालित अस्पतालों एवं डायग्नोस्टिक सेंटरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को एसडीएम शशि शेखर बसखारी बाजार स्थित प्रकाश डायग्नोस्टिक सेंटर पर औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान प्रशासनिक टीम ने सेंटर की व्यवस्थाओं, अभिलेखों और संचालन संबंधी मानकों की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने डायग्नोस्टिक सेंटर के पंजीकरण, चिकित्सीय उपकरणों, स्टाफ की योग्यता और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की तथा संचालक को शासन के निर्देशों के अनुसार सभी मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान बसखारी थाना अध्यक्ष सुनील कुमार पांडे भी मौके पर मौजूद रहे और प्रशासनिक टीम को सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की। निरीक्षण की सूचना मिलते ही आसपास के अन्य निजी अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटर संचालकों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। प्रशासन द्वारा जिले में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य अवैध रूप से संचालित अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटरों पर कार्रवाई करते हुए मरीजों को सुरक्षित और मानक के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।




## सड़क किनारे कीमती खतौनी की भूमि पर जबरन कब्जे का आरोप

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सैदापुर चौराहे पर पुलिस चौकी के बगल स्थित बेशकीमती खतौनी की जमीन पर जबरन कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि बाहरी लोगों को बुलाकर उसकी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई है।

सैदापुर ग्राम पंचायत निवासी विजय कुमार के अनुसार, उनका गाटा संख्या 1889 जलालपुर रोड पर स्थित है, जो खतौनी में उनके नाम दर्ज है। वहीं, विपक्षी सिराजुद्दीन का गाटा संख्या 1869 उनकी जमीन के पीछे स्थित है। आरोप है कि इसके बावजूद विपक्षी द्वारा सड़क किनारे स्थित विजय कुमार की कीमती भूमि पर बाहरी लोगों को बुलाकर जबरन कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। पीड़ित का कहना है कि उक्त भूमि उनके वैध स्वामित्व में दर्ज है और बिना किसी न्यायिक या राजस्व प्रक्रिया के कब्जा किया जाना कानून के विरुद्ध है।

# किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता पर करें निस्तारण अधिकारी : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता




**गोण्डा।** जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं और मांगों को सीधे सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों की भौतिक और सामाजिक समस्याओं का समाधान करना तथा उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना था। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी समस्या को लंबित न रखा जाए और सभी शिकायतों का निवारण समयसीमा के भीतर किया जाए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त किसानों को फार्मर्स रजिस्ट्री शीघ्र कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि फार्मर्स रजिस्ट्री कराने से पीएम किसान योजना, बीमा योजना, सब्सिडी एवं अन्य सरकारी लाभ सीधे किसानों तक पहुँचेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सभी किसानों को अपनी जानकारी सही और पूर्ण रूप से दर्ज कराने की आवश्यकता है ताकि योजनाओं का लाभ किसी भी प्रकार की त्रुटि के बिना उन्हें प्राप्त हो सके। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने किसानों की समस्याओं का समाधान करने के लिए अपनाए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। किसानों ने कृषि से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, सिंचाई, बीज, सब्सिडी, और फसल बीमा से संबंधित मुद्दे उठाए, जिन्हें जिलाधिकारी ने गंभीरता से सुना। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन किसानों की हर संभव मदद करेगा और सभी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्रमाणित और समयबद्ध तरीके से करना अनिवार्य है। इस अवसर पर किसानों ने जिलाधिकारी के निर्देशों और योजनाओं की सराहना की।

बैठक के समापन पर जिलाधिकारी ने सभी किसानों से अपील की कि वे फार्मर्स रजिस्ट्री शीघ्र पूरा कराएँ और सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन, उपनिदेशक कृषि प्रेम कुमार ठाकुर, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, बैंकर्स अधिकारी सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण तथा जनपद के प्रगतिशील किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एससीपीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग में दीप प्रज्वलन एवं लैम्प लाइटिंग सेरेमनी 2026 का आयोजन

**गोंडा।** एससीपीएम ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल एंड एजुकेशन के अंतर्गत संचालित नर्सिंग संस्थान में दीप प्रज्वलन एवं लैम्प लाइटिंग सेरेमनी 2026 का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया तथा नर्सिंग छात्र एवं छात्राओं ने सेवा, समर्पण एवं मानवता की शपथ लेकर अपने व्यावसायिक जीवन की नई यात्रा प्रारंभ की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संतलाल पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गोंडा अति आवश्यक शासकीय कार्य के कारण कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके। अपने संदेश में उन्होंने कहा नर्सिंग सेवा त्याग, करुणा एवं समर्पण का सर्वोच्च उदाहरण है। आप सभी छात्र एवं छात्राएँ स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नई ऊर्जा और आशा की किरण बनेंगे तथा अपने ज्ञान एवं सेवा भाव से समाज को स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

## एआई का महाकुंभ

अब यह समय और दौर 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (एआइ) का है। आगामी तीन सालों में एआई का विस्तार हजार गुना होगा और जिंदगी बिल्कुल बदल जाएगी। स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, परिवहन, प्रशासन और नीति-निर्माण, इतिहास, संस्कृति, विज्ञान से लेकर आम आदमी और कर्मचारी तक एआई का दखल होगा और ये क्षेत्र एआई से ही संचालित होंगे। भारत एआई के बड़े और स्थापित देशों की रेस में शामिल नहीं है, लेकिन एआई की प्रतिभाएं देश में 33 फीसदी की दर से बढ़ रही हैं। करीब 69 फीसदी कंपनियां इस साल एआई में निवेश बढ़ाएंगी और 80 फीसदी कंपनियां इस नए हुनर को प्राथमिकता दे रही हैं। करीब 92 फीसदी कर्मचारी एआई का इस्तेमाल भी कर रहे हैं। भारत में एआई के तीन आधिकारिक सूत्र घोषित किए गए हैं- लोग (पीपल), ग्रह (प्लैनेट), प्रगति (प्रोग्रेस)। यकीनन इनमें नैतिकता और मानवता का भाव अधिक है। लिहाजा राजधानी दिल्ली में एआई का जो पांच दिवसीय शिखर सम्मेलन सजा है, उसका महत्व 'महाकुंभ' सरीखा है। इस महाकुंभ में 100 से अधिक बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ, 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष, 135 देशों के प्रतिनिधि शिरकत करेंगे। 20 फरवरी तक 3250 से अधिक वक्ता बोलेंगे और करीब 500 सत्र आयोजित किए जाएंगे। किसी नई प्रौद्योगिकी पर विमर्श और चिंतन-मनन के लिए यह सर्वोच्च मंच है, लिहाजा 'महाकुंभ' जैसा महत्व है। सभी हिस्सेदार, भागीदार व्यक्ति या देश एआई के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे और एक पथ तय करेंगे कि एआई किस तरह मानवोपयोगी साबित हो सकती है। इतनी व्यापक चर्चा तब भी नहीं हुई, जब कम्प्यूटर हमारे बीच आया था और देश भय, खौफ में थे कि यह मानव का विकल्प साबित हो सकता है। ऐसा नहीं हुआ और आज कम्प्यूटर हमारे कामकाज का बुनियादी हथियार है।

बहरहाल ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया (सोल), फ्रांस (पेरिस) के बाद एआई का यह शिखर सम्मेलन भारत की राजधानी दिल्ली में जारी है। करीब 3 लाख लोगों ने पंजीकरण कराया है। दरअसल बुनियादी चिंता एआई चिप्स, रोजगार और परिवर्तन के बाद की दुनिया को लेकर है। भारत में एआई को 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' से जोड़ा जा रहा है, क्योंकि इससे मुंह के कैंसर की 86 फीसदी तक सटीक पहचान हो रही है। शिक्षा के क्षेत्र में आईआईटी, मद्रास 100 से अधिक भारतीय बोलियों (अवधी, ब्रज, हरियाणवी) पर काम कर रहा है। मकसद है कि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों को उनकी स्थानीय बोली-भाषा में ही शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। आईआईटी, रोपड़ ने एआई आधारित ऑटोमैटिक 'मौसम स्टेशन' तैयार किया है। इन्हें हजारों खेतों-गांवों में लगाया जा सकता है। करीब 15,000 रुपए की कीमत वाला यह उपकरण सिंचाई, फसल योजना और कीट-नियंत्रण आदि की सटीक सलाह देगा। बिहार और उप्र में इसका पायलट प्रोजेक्ट सफल रहा है। एआई के क्षेत्र में हमने 5 बड़े कदम उठाए हैं, जो निर्णायक साबित हो रहे हैं। सर्वम एआई, परम-2, ज्ञानी, सॉकेट और गान-ये पांच बड़े प्रयास किए गए हैं। इनके जरिए हमारी सभ्यता, संस्कृति, इतिहास के प्राचीन अतीत को भी खंगाला जा सकता है और हम देख भी सकते हैं। फिर भी अमरीका और चीन की तुलना में भारत में एआई अभी 'शिशु अवस्था' में है। इसकी उन्नत और विकसित चिप, जिसे जीपीयू कहते हैं, बेहद महंगी है। एक चिप की कीमत 30,000 डॉलर से अधिक बताई जाती है। बीती अक्तूबर तक भारत ने 38,000 से अधिक चिप्स तैनात की हैं। पिछले साल जिन डाटा केंद्रों में ये चिप्स लगाई गई हैं, उन्होंने ग्रिड से 1.4 गीगावाट बिजली चूस ली है। यह पीक मांग के दौरान राजधानी दिल्ली की एक चौथाई बिजली के बराबर है। 2030 तक ये केंद्र 8 गीगावाट बिजली खर्च कर सकते हैं, जो राजधानी के लोड से अधिक हो सकती है। क्या हमारे पास इतनी सरप्लस बिजली है। एक गीगावाट 1000 मेगावाट बिजली के बराबर होता है। अमरीका चिप्स के बाजार का बादशाह है। उसने चीन की गति को धीमा करके रखा है, लेकिन चीन थमा नहीं है। उसने 150 अरब डॉलर का निवेश चिप-निर्माण में कर रखा है। भारत अभी 2.80 करोड़ चिप्स ही बना पा रहा है।

## भारतीय ज्ञान परंपरा और विज्ञान शिक्षा : सोच-समझकर आगे बढ़ने की आवश्यकता



प्रो. मनमोहन प्रकाश

भारतीय शिक्षा जगत में 'भारतीय ज्ञान परंपरा' का पुनरुत्थान निश्चय ही एक स्वागतयोग्य पहल है। यह केवल अतीत के गौरव का स्मरण नहीं, बल्कि बौद्धिक आत्मविश्वास के पुनर्निर्माण का प्रयास भी है। किंतु इसकी सार्थकता इस बात पर निर्भर करेगी कि श्रद्धा और तर्क के बीच संतुलन किस प्रकार स्थापित किया जाता है। विज्ञान शिक्षा का उद्देश्य किसी परंपरा को भावनात्मक आग्रह से स्वीकार करना नहीं, बल्कि परीक्षण, प्रमाण और तार्किक सुसंगति के आधार पर सत्य की खोज करना है। अतः विरासत का सम्मान तभी सार्थक होगा, जब उसे वर्तमान संदर्भ में विवेकपूर्ण ढंग से पुनर्जीवित किया जाए।

आज मूल प्रश्न यह नहीं है कि भारतीय ज्ञान परंपरा को पाठ्यक्रम में स्थान मिले या नहीं, बल्कि यह है कि उसका स्वरूप, मानक और सीमाएँ क्या हों। भारतीय ज्ञान परंपरा एक बहुस्तरीय अवधारणा है, जिसमें गणित, खगोल, आयुर्वेद, कृषि, पर्यावरण, वास्तुकला और अर्थशास्त्र जैसे विज्ञान-सम्मत विषय भी सम्मिलित हैं; साथ ही दर्शन, परा-चेतना और जीवन-शैली संबंधी चिंतन भी इसका हिस्सा है। इस समग्र ज्ञान को बिना विवेक के 'विज्ञान' के एक ही साँचे में ढालना न तो अकादमिक दृष्टि से उचित है और न ही शिक्षा की गुणवत्ता के लिए हितकर। इसलिए विषय-वस्तु का श्रेणीबद्ध वर्गीकरण अनिवार्य प्रतीत होता है। विज्ञान शिक्षा की दृष्टि से भारतीय ज्ञान संपदा को पाँच श्रेणियों में समझा जा सकता है। पहली श्रेणी में वह ज्ञान और खोजें आती हैं, जो आधुनिक विज्ञान की कसौटी पर पूर्णतः प्रमाणित हैं। इसमें आर्यभट्ट से लेकर आधुनिक भारत के वैज्ञानिकों—जैसे जगदीश चंद्र बसु, सी. वी. रमन, सत्येंद्र नाथ बोस, मेघनाद साहा, होमी भाभा, विक्रम साराभाई, श्रीनिवास रामानुजन, वेंकटरमन रामकृष्णन और ए. पी. जे. अब्दुल कलाम—के वैज्ञानिक योगदान सम्मिलित हैं। इनके प्रमाणित शोधों को पाठ्यक्रम में प्रमुखता देना न केवल न्यायसंगत होगा, बल्कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक आत्मविश्वास भी विकसित करेगा। दूसरी श्रेणी में वे प्राचीन भारतीय अवधारणाएँ रखी जा सकती हैं, जिन्हें आधुनिक विज्ञान प्रत्यक्ष रूप से स्वीकार नहीं करता, किंतु जिनसे वैज्ञानिक चिंतन को वैचारिक प्रेरणा मिलती है। सांख्य दर्शन का प्रकृति-परिवर्तन सिद्धांत, उपनिषदों का ऊर्जा-चेतना संबंध, रस-शास्त्र की धातु अवधारणाएँ अथवा दशावतार में विकास की प्रतीकात्मक कल्पना—इन सभी को ऐतिहासिक और दार्शनिक संदर्भ में प्रस्तुत किया जाना चाहिए, न कि स्थापित वैज्ञानिक सत्य के रूप में।

तीसरी श्रेणी में वे विषय आते हैं, जो प्रथम दृष्टया विज्ञान-सम्मत प्रतीत होते हैं, किंतु जिनका वैश्विक प्रमाणीकरण अभी शेष है, जैसे आयुर्वेद के कुछ उपचार, पारंपरिक कृषि प्रणालियाँ अथवा प्राचीन ग्रंथों में वर्णित कुछ वैज्ञानिक-तकनीकी दावे। इन्हें अंतिम सत्य के रूप में नहीं, बल्कि संभावित अनुसंधान विषय के रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए, जिससे विद्यार्थी अंधानुकरण के बजाय वैज्ञानिक परीक्षण की ओर प्रवृत्त हों। यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि विश्व के अनेक विश्वविद्यालय भारतीय ग्रंथों में निहित विज्ञान-सम्मत तथ्यों को समझने और प्रमाणित करने में लगे हैं—ऐसे में भारत का पीछे रह जाना दुर्भाग्यपूर्ण होगा। चतुर्थ श्रेणी दार्शनिक और प्रतीकात्मक चिंतन की है, जैसे सांख्य और वैशेषिक दर्शन।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**दिल्ली सरकार को अब पूंजीगत व्यय के लिए ऋण अपेक्षाकृत कम ब्याज दर पर उपलब्ध हो रहा है। पहले जहां ब्याज दर 13-14 प्रतिशत तक पहुंच जाती थी, वहीं अब लगभग सात प्रतिशत पर ऋण मिलना संभव हुआ है। केंद्र सरकार द्वारा 21 हजार करोड़ रुपये तक की ऋण सीमा निर्धारित किए जाने से आधारभूत ढांचे के विकास में धनाभाव की आशंका कम हुई है। यही नहीं, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन तथा पीएम भीम योजना जैसी केंद्रीय योजनाओं की समयावधि बढ़वाने में भी दिल्ली सरकार को सफलता मिली है।**

# विकास का संकल्प : ट्रिपल इंजन से बदलेगी दिल्ली की तस्वीर



ललित गर्ग

वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में दिल्ली के लिए 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का प्रावधान केवल एक आर्थिक घोषणा नहीं, बल्कि राजधानी के भविष्य की रूपरेखा है। सड़क, रेल परिवहन, मेट्रो विस्तार, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रदूषण नियंत्रण और पुलिस व्यवस्था जैसे बुनियादी क्षेत्रों पर विशेष ध्यान यह संकेत देता है कि केंद्र सरकार दिल्ली को एक सुव्यवस्थित, आधुनिक और आदर्श महानगर के रूप में विकसित करना चाहती है। ऐसे समय में जब दिल्ली की भाजपा सरकार अपना एक वर्ष पूर्ण कर रही है, यह स्वाभाविक है कि बीते वर्ष के कामकाज का मूल्यांकन किया जाए और देखा जाए कि तथाकथित 'ट्रिपल इंजन सरकार' का लाभ दिल्लीवासियों को कितना और कैसे मिला है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों और आगामी संकल्पों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि उनकी सरकार ने न केवल नई योजनाओं की शुरुआत की, बल्कि पूर्ववर्ती सरकारों की लंबित और अधूरी परियोजनाओं को भी गति दी है। 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना', मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, अधूरी पड़ी आधारभूत परियोजनाओं को पूरा करने की पहल, तथा महिलाओं और छात्रों के लिए नई राहतकारी योजनाओं का खाका-ये सब उनके पहले वर्ष के प्रमुख बिंदु रहे। उनका यह भी कहना है कि ट्रिपल इंजन की व्यवस्था-अर्थात केंद्र, राज्य और नगर निकाय में एक ही राजनीतिक नेतृत्व के कारण विकास कार्यों में समन्वय और गति दोनों आई है।

ट्रिपल इंजन सरकार की अवधारणा का सबसे बड़ा लाभ वित्तीय समन्वय के रूप में सामने आया है। दिल्ली सरकार को अब पूंजीगत व्यय के लिए ऋण अपेक्षाकृत कम ब्याज दर पर उपलब्ध हो रहा है। पहले जहां ब्याज दर 13-14 प्रतिशत तक पहुंच जाती थी, वहीं अब लगभग सात प्रतिशत पर ऋण मिलना संभव हुआ है। केंद्र सरकार द्वारा 21 हजार करोड़ रुपये तक की ऋण सीमा निर्धारित किए जाने से आधारभूत ढांचे के विकास में धनाभाव की आशंका कम हुई है। यही नहीं, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन तथा पीएम भीम योजना जैसी केंद्रीय योजनाओं की समयावधि बढ़वाने में भी दिल्ली सरकार को सफलता मिली है। आयुष्मान भारत जैसी जनकल्याणकारी योजना का लाभ अब राजधानी के अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंच रहा है, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा की ठोस गारंटी मिल रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के संकेत अवश्य दिखाई दिए हैं। मोहल्ला क्लीनिक मॉडल पर उठे प्रश्नों और अधूरी स्वास्थ्य परियोजनाओं के बीच नई सरकार ने अस्पतालों के आधुनिकीकरण, बेड



क्षमता बढ़ाने और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। यदि यह प्रयास निरंतरता से जारी रहा तो दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी के अनुरूप विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकती हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी पारदर्शिता और गुणवत्ता सुधार का दावा किया गया है। पिछले वर्षों में शिक्षा मॉडल को लेकर जहां एक ओर प्रशंसा हुई, वहीं भवनों की गुणवत्ता, संसाधनों के उपयोग और परिणामों पर सवाल भी उठे। नई सरकार के लिए यह चुनौती है कि वह शिक्षा को राजनीतिक विमर्श से ऊपर उठाकर वास्तविक गुणवत्ता सुधार की दिशा में कार्य करे।

परिवहन और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी गति लाने का प्रयास हुआ है। मेट्रो नेटवर्क के विस्तार, बस बेड़े के आधुनिकीकरण और सड़कों के सुधार की योजनाएं केंद्र और राज्य के समन्वय से आगे बढ़ रही हैं। दिल्ली मेट्रो पहले से ही राजधानी की जीवनरेखा रही है, अब किराए में राहत या छात्रों के लिए विशेष प्रावधान जैसे कदम यदि लागू होते हैं तो इससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। यातायात जाम की समस्या के समाधान के लिए फ्लाईओवर, अंडरपास और स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली पर ध्यान देना आवश्यक है। एक वर्ष में कुछ परियोजनाओं को गति मिली है, किंतु राजधानी जैसे विशाल महानगर में ठोस परिणामों के लिए निरंतर प्रयास अपेक्षित हैं। सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण और वायु प्रदूषण की है। बीते दशक में दिल्ली विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में गिनी जाने लगी। यह केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य का संकट है। मुख्यमंत्री ने वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए ठोस योजनाओं का उल्लेख किया है-जैसे हरित आवरण बढ़ाना, निर्माण कार्यों पर निगरानी, सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहन और पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय। परंतु यह भी सत्य है कि प्रदूषण जैसी जटिल समस्या का समाधान केवल घोषणाओं से संभव नहीं, इसके लिए कठोर क्रियान्वयन, क्षेत्रीय सहयोग और जनसहभागिता की आवश्यकता होगी। यमुना की सफाई भी दिल्ली की अस्मिता से जुड़ा प्रश्न है। वर्षों से यमुना शुद्धिकरण के नाम पर योजनाएं बनती रहीं, बजट खर्च होता रहा, पर परिणाम संतोषजनक नहीं रहे। वर्तमान सरकार ने यमुना को स्वच्छ और पर्यटन योग्य बनाने का संकल्प दोहराया है। यदि सीवेज प्रबंधन, औद्योगिक अपशिष्ट नियंत्रण और नदी तट के पुनर्विकास की योजनाएं समयबद्ध तरीके से लागू होती हैं, तो यह दिल्ली की छवि को नया आयाम दे सकती हैं। यमुना का पुनर्जीवन केवल पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आर्थिक पुनरुत्थान का भी अवसर है।

महिलाओं और बेटियों के लिए घोषित योजनाएं-जैसे 'लखपति बिटिया योजना'- सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक कदम मानी जा सकती हैं। यदि इन योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पारदर्शिता से पहुंचता है, तो यह परिवारों की आर्थिक सुरक्षा और शिक्षा के अवसरों को बढ़ा सकता है। मुफ्त एलपीजी सिलेंडर जैसी पहल घरेलू अर्थव्यवस्था में राहत देती है, विशेषकर निम्न आय वर्ग के लिए। किंतु इन योजनाओं की सफलता क्रियान्वयन की गुणवत्ता पर निर्भर करेगी। एक वर्ष की अवधि किसी भी सरकार के लिए बहुत बड़ी नहीं होती, विशेषकर तब जब उसे पिछली सरकारों की अधूरी परियोजनाओं और व्यवस्थागत खामियों को भी दुरुस्त करना हो। यह भी सच है कि राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बीच विकास का वास्तविक आकलन कठिन हो जाता है। नई सरकार ने पूर्ववर्ती शासन की कमियों-जैसे कथित भ्रष्टाचार, अधूरी इमारतें, प्रदूषण नियंत्रण में विफलता को सुधारने का दावा किया है। किंतु जनता अब केवल आरोप नहीं, परिणाम देखना चाहती है। आने वाले वर्षों के लिए सरकार के सामने स्पष्ट लक्ष्य होने चाहिए-स्वच्छ वायु, स्वच्छ यमुना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुलभ स्वास्थ्य और पारदर्शी प्रशासन।

# शिवाजी महाराजः एक अजेय योद्धा और आदर्श सुशासन के प्रणेता



महेन्द्र तिवारी

भारतीय इतिहास के फलक पर छत्रपति शिवाजी महाराज एक ऐसे देदीप्यमान नक्षत्र हैं, जिनकी चमक सदियों बाद भी धुंधली नहीं हुई है। उनका जीवन केवल एक राजा की विजय गाथा नहीं, बल्कि एक दबे-कुचले समाज के आत्मसम्मान की वापसी का महाकाव्य है। 17वीं शताब्दी का वह कालखंड जब संपूर्ण भारत विदेशी आक्रांताओं के पैरों तले रौंदा जा रहा था, उत्तर में मुगलों का कट्टर शासन था और दक्षिण में बीजापुर व गोलकुंडा की सल्तनतें अपनी जड़ें जमाए हुए थीं, उस अंधकारमय समय में शिवाजी ने 'स्वराज्य' की मशाल जलाई। 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी दुर्ग में जन्में इस बालक के भाग्य में केवल जागीरदारी भोगना नहीं, बल्कि एक नए राष्ट्र का निर्माण करना लिखा था। उनकी माता जीजाबाई ने उनके बाल मन में रामायण और महाभारत के पात्रों के माध्यम से जो संस्कार बोए, उन्होंने शिवाजी को केवल एक योद्धा नहीं बल्कि एक धर्मनिष्ठ और नीतिवान शासक बनाया। पिता शाहजी भोंसले की सैन्य प्रतिभा और माता के आध्यात्मिक मार्गदर्शन ने उन्हें वह दृष्टि दी जिससे उन्होंने समझ लिया था कि गुलामी की बेड़ियाँ केवल तलवार से नहीं, बल्कि संगठित शक्ति और स्वाभिमान से टूटती हैं। शिवाजी का बचपन पुणे के मावल क्षेत्र की पहाड़ियों में बीता, जहाँ उन्होंने प्रकृति के साथ-साथ वहां के सीधे-सादे मावलों के हृदय को भी जीता। इन्हीं मावलों को उन्होंने अपनी सेना की रीढ़ बनाया और उन्हें सिखाया कि

**शिवाजी महाराज की शासन व्यवस्था में जाति और पंथ के आधार पर कोई भेदभाव नहीं था। उनकी सेना में मुसलमान भी उच्च पदों पर आसीन थे और उनके तोपखाने का प्रमुख इब्राहिम खान था। उन्होंने हमेशा योग्यता को प्राथमिकता दी। उन्होंने स्वराज्य की राजभाषा के रूप में मराठी और संस्कृत को बढ़ावा दिया और राज्य व्यवहार कोष तैयार करवाया ताकि प्रशासनिक शब्दावली से विदेशी शब्दों का प्रभाव कम किया जा सके।**

स्वराज्य के लिए मरना नहीं, बल्कि लड़कर जीतना ही एकमात्र विकल्प है।



शिवाजी महाराज की सैन्य प्रतिभा का पहला परिचय तब मिला जब मात्र 16 वर्ष की अल्पायु में उन्होंने तोरण दुर्ग पर अधिकार कर लिया। यह उस समय की महान शक्तियों को एक स्पष्ट चुनौती थी। उन्होंने धीरे-धीरे चाकन, कोंडाणा और पुरंदर जैसे किलों को अपने अधिकार में लेकर अपनी शक्ति का विस्तार करना शुरू किया। उनकी रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा था 'गनिमी कावा' यानी छापामार युद्ध पद्धति। वे जानते थे कि मुगलों और आदिलशाही की विशाल सेनाओं का सामना खुले मैदान में करना आत्मघाती होगा, इसलिए उन्होंने सह्याद्रि की दुर्गम पहाड़ियों को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया। उनकी सेना छोटी थी लेकिन अत्यंत तीव्रगामी और अनुशासित थी। शिवाजी ने किलों के महत्व को बखूबी समझा था, उनका मानना था कि जिसके पास दुर्ग है, उसी के पास भूमि है। इसीलिए उन्होंने न केवल पुराने किलों की मरम्मत करवाई बल्कि रायगढ़ और सिंधुदुर्ग जैसे अजेय किलों का निर्माण भी कराया। बीजापुर के सेनापति अफजल खान के साथ उनका मुकाबला इतिहास का एक ऐसा अध्याय है जो उनकी वीरता और बुद्धिमत्ता दोनों को दर्शाता है। जब अफजल खान ने छल से उन्हें मारने का प्रयास किया, तो शिवाजी ने अपने बाघनख से उसका अंत कर दिया। इस घटना ने पूरे दक्षिण भारत में यह संदेश फैला दिया कि अब विदेशी आक्रांताओं का काल आ चुका है।

शिवाजी महाराज केवल एक विजेता नहीं थे, वे एक महान दृष्टा थे। उन्होंने भांप लिया था कि भारत की लंबी समुद्री सीमा की रक्षा किए बिना स्वराज्य कभी सुरक्षित नहीं रह सकता। उस समय सिद्दी, पुर्तगाली और अंग्रेज समुद्र के रास्ते भारत में घुसपैठ कर रहे थे। शिवाजी ने एक शक्तिशाली नौसेना का गठन किया, जिसके कारण उन्हें भारतीय नौसेना का जनक कहा जाता है। उन्होंने समुद्र के बीचों-बीच किलों का निर्माण करवाया ताकि समुद्री लुटेरों और विदेशी व्यापारियों की मनमानी पर अंकुश लगाया जा सके। उनकी दूरदर्शिता का प्रमाण यह भी था कि उन्होंने कभी भी युद्ध को धर्म युद्ध का नाम देकर निरपराधों पर अत्याचार नहीं किया। उनके शासन में महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि था। कल्याण के सूबेदार की बहू का उदाहरण विश्वविख्यात है, जिसे बंदी बनाकर लाए जाने पर शिवाजी ने उसे सम्मान सहित वापस भेजा और कहा कि काश मेरी माता भी आपकी तरह सुंदर होतीं तो मैं भी सुंदर होता। यह उनके चरित्र की पराकाष्ठा थी जिसने उन्हें जानता राजा यानी प्रजा के सुख-दुख को समझने वाला राजा बनाया।

औरंगजेब जैसे शक्तिशाली मुगल सम्राट के साथ शिवाजी का संघर्ष भारतीय इतिहास का सबसे रोमांचक हिस्सा है। आगरा के किले में शिवाजी को नजरबंद करना औरंगजेब की बड़ी भूल साबित हुई। जिस तरह से शिवाजी मिठाई के टोकरे में छिपकर अपने पुत्र संभाजी के साथ वहां से सुरक्षित निकले, उसने मुगलों के अहंकार को मिट्टी में मिला दिया। महाराष्ट्र लौटकर उन्होंने अपनी शक्ति को पुनः संगठित किया और एक-एक करके अपने खोए हुए किलों को वापस जीता। 6 जून 1674 को रायगढ़ के दुर्ग में उनका राज्याभिषेक हुआ। यह केवल एक व्यक्ति का राज्याभिषेक नहीं था, बल्कि हिंदवी स्वराज्य की विधिवत स्थापना थी। उन्होंने छत्रपति की उपाधि धारण की और सिद्ध किया कि भारत की संतानें अपना भाग्य स्वयं लिखने में सक्षम हैं। उन्होंने अष्टप्रधान मंडल की स्थापना की, जो आधुनिक समय के मंत्रिमंडल जैसा ही था। इसमें प्रशासन के विभिन्न विभागों के लिए विशेषज्ञ मंत्री नियुक्त किए गए थे। उन्होंने भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए सख्त नियम बनाए और यह सुनिश्चित किया कि किसानों को उनकी उपज का सही दाम मिले। शिवाजी महाराज की शासन व्यवस्था में जाति और पंथ के आधार पर कोई भेदभाव नहीं था। उनकी सेना में मुसलमान भी उच्च पदों पर आसीन थे और उनके तोपखाने का प्रमुख इब्राहिम खान था। उन्होंने हमेशा योग्यता को प्राथमिकता दी। उन्होंने स्वराज्य की राजभाषा के रूप में मराठी और संस्कृत को बढ़ावा दिया और राज्य व्यवहार कोष तैयार करवाया ताकि प्रशासनिक शब्दावली से विदेशी शब्दों का प्रभाव कम किया जा सके। उनकी न्याय व्यवस्था त्वरित और निष्पक्ष थी। वे अपने सैनिकों को लूट पर निर्भर रहने के बजाय सरकारी खजाने से नकद वेतन देते थे, जो उस समय एक क्रांतिकारी कदम था। पर्यावरण के प्रति भी उनकी संवेदनशीलता अनुकरणीय थी; उन्होंने स्पष्ट आदेश दिए थे कि किलों या जहाजों के निर्माण के लिए फलदार वृक्षों को न काटा जाए और वनों का संरक्षण किया जाए। शिवाजी महाराज का जीवन चुनौतियों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने कभी धैर्य नहीं खोया। उनके लिए स्वराज्य का अर्थ केवल भौगोलिक सीमाएं जीतना नहीं था, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्वतंत्रता प्राप्त करना था। समर्थ रामदास और संत तुकाराम जैसे संतों का उन पर गहरा प्रभाव था, जिन्होंने उनके भीतर राष्ट्रभक्ति की भावना को और प्रगाढ़ किया। 3 अप्रैल 1680 को मात्र 50 वर्ष की आयु में उनका देहावसान हो गया, लेकिन उनके द्वारा बोया गया स्वराज्य का बीज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका था। उनकी मृत्यु के बाद भी मराठों ने औरंगजेब के खिलाफ 27 वर्षों तक स्वतंत्रता का युद्ध लड़ा और अंततः मुगलों की कमर तोड़ दी।

# शिवाजी और धार्मिक सहिष्णुता का संदेश



डॉ रामेश्वर मिश्र

शिवाजी और धार्मिक सहिष्णुता का संदेश भारतीय इतिहास की उस प्रेरक परंपरा का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें शक्ति और सहिष्णुता का अद्वितीय संतुलन दिखाई देता है। 17वीं शताब्दी का भारत राजनीतिक अस्थिरता, साम्राज्यवादी विस्तार और धार्मिक संघर्षों से जूझ रहा था। ऐसे समय में छत्रपति शिवाजी महाराज का उदय केवल एक वीर योद्धा के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसे शासक के रूप में हुआ जिसने अपने शासन और आचरण के माध्यम से धार्मिक सहिष्णुता, न्याय और मानवता के उच्च आदर्श स्थापित किए। उनका व्यक्तित्व यह सिद्ध करता है कि सच्चा राष्ट्र निर्माण विविधता के सम्मान और सह-अस्तित्व की भावना पर आधारित होता है।

शिवाजी का जन्म 19 फरवरी 1630 को महाराष्ट्र के दुर्गम और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शिवनेरी किला में हुआ था। इसलिए 19 फरवरी को उनकी जयंती बड़े सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाई जाती है। यह दिन केवल एक ऐतिहासिक स्मृति नहीं, बल्कि भारतीय समाज के लिए राष्ट्र गौरव, स्वाभिमान और सहिष्णुता के मूल्यों को पुनः स्मरण करने का अवसर भी है। उनकी माता जीजाबाई ने बचपन से ही उनमें धर्म, नीति, करुणा और न्याय के संस्कारों का रोपण किया, जबकि पिता शाहजी भोंसले के वीरतापूर्ण जीवन ने उन्हें साहस और कर्तव्यनिष्ठा का मार्ग दिखाया। इन पारिवारिक संस्कारों ने उनके व्यक्तित्व में धार्मिक उदारता और

**शिवाजी की धार्मिक सहिष्णुता का सबसे प्रभावी प्रमाण उनके सैन्य अभियानों में मिलता है। उस समय युद्धों के दौरान धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुँचाना सामान्य बात मानी जाती थी, परन्तु शिवाजी ने इस प्रवृत्ति का सख्ती से विरोध किया। उन्होंने अपने सैनिकों को स्पष्ट आदेश दिया कि किसी भी मस्जिद, दरगाह या अन्य पवित्र स्थल को क्षति न पहुँचाई जाए। यह दृष्टिकोण उनके उच्च मानवीय आदर्शों का प्रतीक था। वे मानते थे कि धर्म का वास्तविक स्वरूप मानवता, करुणा और सद्भाव में निहित है, न कि वैमनस्य और विभाजन में।**

मानवीय संवेदना की मजबूत नींव रखी।



शिवाजी का दृष्टिकोण अपने समय की संकीर्ण धार्मिक राजनीति से भिन्न था। उन्होंने धर्म को राज्यसत्ता का साधन नहीं बनाया, बल्कि उसे व्यक्तिगत आस्था और नैतिकता का विषय माना। उनके लिए शासन का मूल उद्देश्य जनकल्याण, न्याय और सुरक्षा था। यही कारण है कि उनके राज्य में विभिन्न धर्मों के लोग समान सम्मान के साथ रहते थे और प्रशासन में सक्रिय भागीदारी निभाते थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक आदर्श राज्य वही है जहाँ सभी समुदाय अपने धार्मिक विश्वासों के साथ सुरक्षित और सम्मानित महसूस करें। शिवाजी की धार्मिक सहिष्णुता का सबसे प्रभावी प्रमाण उनके सैन्य अभियानों में मिलता है। उस समय युद्धों के दौरान धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुँचाना सामान्य बात मानी जाती थी, परन्तु शिवाजी ने इस प्रवृत्ति का सख्ती से विरोध किया। उन्होंने अपने सैनिकों को स्पष्ट आदेश दिया कि किसी भी मस्जिद, दरगाह या अन्य पवित्र स्थल को क्षति न पहुँचाई जाए। यह दृष्टिकोण उनके उच्च मानवीय आदर्शों का प्रतीक था। वे मानते थे कि धर्म का वास्तविक स्वरूप मानवता, करुणा और सद्भाव में निहित है, न कि वैमनस्य और विभाजन में। शिवाजी की धार्मिक नीति केवल सिद्धांतों तक सीमित नहीं थी, बल्कि व्यवहार में भी उतनी ही स्पष्ट दिखाई देती थी। उनके प्रशासन और सेना में विभिन्न धर्मों के लोग उच्च पदों पर नियुक्त थे। कई मुस्लिम अधिकारी उनके विश्वसनीय सेनापति और कूटनीतिज्ञ के रूप में कार्यरत थे। यह तथ्य इस बात का प्रमाण है कि शिवाजी के लिए व्यक्ति की पहचान उसके धर्म से नहीं, बल्कि उसकी योग्यता और निष्ठा से निर्धारित होती थी। यह दृष्टिकोण उस युग के लिए अत्यंत प्रगतिशील था और आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों की झलक प्रस्तुत करता है। उनके समय में मुगल साम्राज्य का प्रभाव बढ़ रहा था और धार्मिक नीतियों को लेकर अनेक प्रकार के तनाव उत्पन्न हो रहे थे। विशेषतः औरंगज़ेब की नीतियों के कारण धार्मिक असहिष्णुता का वातावरण निर्मित हुआ। ऐसे दौर में शिवाजी का उदार और संतुलित दृष्टिकोण अत्यंत महत्वपूर्ण था। उन्होंने संघर्ष अवश्य किया, परन्तु वह किसी धर्म विशेष के विरुद्ध नहीं, बल्कि राजनीतिक स्वाधीनता और जनसम्मान की रक्षा के लिए था। उनके संघर्ष का उद्देश्य सत्ता प्राप्ति मात्र नहीं, बल्कि समाज में न्याय और सम्मान की स्थापना था। शिवाजी का जीवन यह स्पष्ट करता है कि धार्मिक सहिष्णुता का अर्थ अपने धर्म से विमुख होना नहीं, बल्कि अन्य धर्मों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता रखना है। वे अपनी आस्था में दृढ़ थे, परन्तु उन्होंने कभी भी अन्य धर्मों का अपमान नहीं किया। उन्होंने यह सिद्ध किया कि एक सशक्त शासक वही है जो अपनी प्रजा की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करे और सभी समुदायों के अधिकारों को समान रूप से महत्व दे। उनके शासन में किसी भी प्रकार की धार्मिक कट्टरता या भेदभाव को स्थान नहीं दिया गया, जिससे सामाजिक सौहार्द और विश्वास की भावना मजबूत हुई।

उनकी धार्मिक नीति में मानवीय मूल्यों की गहरी छाप दिखाई देती है। महिलाओं के सम्मान, निर्दोष नागरिकों की सुरक्षा और धार्मिक स्थलों की रक्षा जैसे सिद्धांत उनके शासन के मूल आधार थे। युद्ध के समय भी उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि आम जनता और धार्मिक संस्थानों को कोई नुकसान न पहुँचे। यह दृष्टिकोण केवल राजनीतिक विवेक का परिणाम नहीं था, बल्कि उनके भीतर निहित मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक था। उन्होंने यह दिखाया कि सच्चा पराक्रम केवल युद्ध में विजय प्राप्त करने में नहीं, बल्कि मानवता की रक्षा करने में निहित होता है।

शिवाजी की सांस्कृतिक दृष्टि भी उनकी धार्मिक सहिष्णुता को पुष्ट करती है। वे भारतीय संस्कृति की विविधता को उसकी शक्ति मानते थे और विभिन्न परंपराओं तथा रीति-रिवाजों को सम्मान देते थे। उनके राज्य में हिंदू, मुस्लिम और अन्य समुदायों के लोग अपने-अपने धार्मिक अनुष्ठान स्वतंत्र रूप से कर सकते थे। यह वातावरण सामाजिक समरसता और पारस्परिक विश्वास को बढ़ावा देता था, जो किसी भी सुदृढ़ राष्ट्र के निर्माण के लिए अनिवार्य होता है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि विविधता में एकता केवल एक आदर्श वाक्य नहीं, बल्कि शासन की व्यावहारिक नीति भी हो सकती है। आज के संदर्भ में शिवाजी का यह संदेश अत्यंत प्रासंगिक प्रतीत होता है। जब समाज में वैचारिक और धार्मिक विभाजन की प्रवृत्तियाँ उभरती हैं, तब शिवाजी का आदर्श हमें सह-अस्तित्व, सम्मान और संवाद का मार्ग दिखाता है। उनका जीवन यह सिखाता है कि धर्म के नाम पर संघर्ष नहीं, बल्कि सहयोग और समन्वय का वातावरण बनाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी सांस्कृतिक और धार्मिक समरसता में निहित होती है, न कि किसी एक धर्म के वर्चस्व में। 19 फरवरी को मनाई जाने वाली उनकी जयंती हमें केवल उनके वीरतापूर्ण कारनामों की याद नहीं दिलाती, बल्कि उनके मानवीय और उदार शासन दृष्टिकोण को भी स्मरण कराती है। यह दिन हमें यह सोचने का अवसर देता है कि आज के समाज में हम किस प्रकार सहिष्णुता, न्याय और समानता के मूल्यों को सुदृढ़ कर सकते हैं।

# निजीकरण के मुद्दे पर यूपी विधान परिषद में हंगामा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** विधान परिषद में निजीकरण के मुद्दे को लेकर विपक्ष ने सत्ता पक्ष को घेरा। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव, आशुतोष सिन्हा व डॉ. मानसिंह यादव सहित सपा के अन्य सदस्यों ने आरोप लगाया कि युवाओं को स्थायी रोजगार देने का वादा कर सरकार निजीकरण की नीति लागू कर रही है।

हकीकत यह है कि न तो युवाओं को रोजगार मिल रहा है और न ही आर्थिक सुरक्षा। निजीकरण के बाद सरकारी व सार्वजनिक क्षेत्र में नियमित भर्तियां घट रही हैं। नियमित पद समाप्त हो रहे हैं। श्रम मंत्री अनिल राजभर ने विपक्ष ने आरोपों को बेबुनियाद बताया। उन्होंने पिछले करीब नौं वर्षों में दी गई नौकरियों का आंकड़े पेश करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने सबसे ज्यादा नौकरियां दी हैं। विपक्ष इस मुद्दे को लेकर सदन को गुमराह कर रहा है। इस दोनों पक्षों में जमकर



बहस हुई और सपा के सदस्यों ने सदन का बहिर्गमन किया।

विधान परिषद में बुधवार को कुंवर मानवेन्द्र सिंह के सभापतित्व में शुरू हुई सदन की कार्यवाही में विपक्ष ने बिजली के निजीकरण के मुद्दे को लेकर भी सरकार को घेरा। कहा कि बिजली विभाग की अरबों-खरबों रुपये की सरकारी संपत्तियों का आज तक कोई मूल्यांकन नहीं किया गया। सरकार बिजली का निजीकरण कर इन संपत्ति को पूंजीपतियों को कौड़ियों के दाम पर बेचने की तैयारी कर रही है। भाजपा के देवेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रश्न किया कि महोबा में पहली जनवरी से वाहनों की फिटनेस का कार्य बंद कर

■ सपा का बहिर्गमन, श्रम मंत्री ने विपक्ष के आरोपों को बताया बेबुनियाद

दिया गया है। क्या हर जिले में तीन-तीन वाहन फिटनेस स्टेशन खोले जाने हैं। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने स्पष्ट किया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देश पर स्वचलित वाहन परीक्षण स्टेशन (एटीएस) खोले जाने हैं। वाहनों की फिटनेस के लिए महोबा को झांसी से संबद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि हर जिले में अधिकतम तीन स्वचलित परीक्षण स्टेशन खोलने की अनुमति है। सभापति ने कहा कि जब तक सभी जिलों में एटीएस नहीं स्थापित हो जाते पुरानी व्यवस्था लागू रखी जाए। वहीं शिक्षक दल के ध्रुप कुमार त्रिपाठी ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन के बाद शिक्षकों की सेवाशर्तो संबंधी धारा 21 व 18 के समाप्त होने का मुद्दा उठाया।

# बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर विवाद में नया मोड़

अवधनामा संवाददाता

**वृंदावन (मथुरा)।** बांके बिहारी की नगरी वृंदावन में जहां एक तरफ ठाकुर बांके बिहारी मंदिर की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए सुप्रीम कोर्ट की हाई पावर कमेटी दिन-रात जुटी है वहीं दूसरी तरफ कुछ अराजक तत्वों ने अब 'सीधे टकराव' का रास्ता चुन लिया है। मामला अब केवल विरोध का नहीं रहा बल्कि खुलेआम जान से मारने, घर फूंकने और जूतों से पीटने की धमकी तक पहुंच गया है! पीड़ित कमेटी सदस्य दिनेश गोस्वामी के घर पर जो हुआ उसने पूरे वृंदावन के प्रशासनिक तंत्र को हिलाकर रख दिया है। 15 फरवरी की दोपहर को 'रेनू गोस्वामी' नाम की महिला करीब 15 महिलाओं के साथ दिनेश गोस्वामी के आवास के नीचे स्थित पार्लर में जबरन घुस गई।

आरोप है कि वहां मौजूद लोगों को धमकाते हुए कहा गया- वृंदावन आए तो जूतों से मारेंगे और घर में आग लगा देंगे! कैमरे में अंकित गोस्वामी और

■ कोर्ट के आदेश पर बनी कमेटी के सदस्य गोस्वामी दिनेश को महिलाओं ने धमकी

राजू गोस्वामी जैसे नामजद आरोपियों की तस्वीरें कैद हुई हैं। सवाल यह है कि क्या कॉरिडोर विरोध की आड़ में अब महिलाओं को 'शील्ड' बनाकर दबंगई की जाएगी? क्या सुप्रीम कोर्ट की कमेटी के सदस्य अब अपने ही घर में सुरक्षित नहीं हैं? यह हमला सीधे तौर पर न्यायालय की अवमानना है! दिनेश गोस्वामी का साफ कहना है कि क्योंकि वह मंदिर की वर्षों पुरानी अव्यवस्थाओं और मनमानी पर लगाम कस रहे हैं, इसीलिए कुछ खास 'सेवायत परिवार' बौखला गए हैं। 17 फरवरी को हाई पावर कमेटी की अहम बैठक होनी है। बैठक से ठीक पहले सदस्य को डराकर उन्हें घर में कैद रहने पर मजबूर करना। अगर सदस्य डरे, तो सुधार रुकेगा और फायदा सीधा उन लोगों को होगा जो मंदिर की भीड़ और अव्यवस्था से अपनी जेबें भर रहे हैं।

# प्रशिक्षण के जरिए हर कार्यकर्ता को बनाएंगे मजबूत : रंजना उपाध्याय

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** प्रदेश संगठन के दिशा-निर्देश पर बुधवार को जेल रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की कार्ययोजना बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रभारी एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय उपस्थित रहीं।

अपने संबोधन में रंजना उपाध्याय ने पार्टी पदाधिकारियों से संगठनात्मक संरचना में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया और आगामी मंडल स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण महाअभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने पार्टी की संकल्पना, वैचारिक अधिष्ठान, कार्यपद्धति, कार्य विस्तार की दृष्टि, बूथ प्रबंधन सहित विभिन्न विषयों को प्रशिक्षण में शामिल करने पर जोर दिया। इसी कड़ी में जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन की मजबूती के



■ बीजेपी का प्रशिक्षण महाअभियान शुरू, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति तैयार

लिए सभी कार्यकर्ताओं को मनसा, वाचा और कर्मणा निरंतर कार्य करना होगा। उन्होंने मंडल प्रशिक्षण महाअभियान की तैयारियों को लेकर मंडल अध्यक्षों एवं मंडल टोलियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशिक्षण महाअभियान के जिला संयोजक पुष्पराज पटेल, सह संयोजक अपर्णा सिंह गौतम एवं पंकज त्रिवेदी के साथ शरद श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के संचालन एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी निभाई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, पूर्व मंत्री रणवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक विक्रम सिंह सहित पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, रमाकांत त्रिपाठी, दिनेश बाजपेई, आशीष मिश्रा, उदय लोधी, नीरज सिंह, चंद्र प्रकाश, अर्चना त्रिपाठी, शैलेन्द्र रघुवंशी, रवींद्र पाल सिंह, कुलदीप भदौरिया, मनोज मिश्रा, प्रवीण सिंह, सुमित द्विवेदी, विक्रम चंदेल, अभिषेक श्रीवास्तव सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल टोली, मंडल प्रभारी, ब्लॉक प्रमुख, निकाय अध्यक्ष, मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं महामंत्री तथा विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के जिला संयोजक उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज के चौथी मंजिल से छात्र ने लगाई छलांग, मौत

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** मां सरस्वती पैरा मेडिकल कॉलेज महेगवां, मरदह के एक छात्र की मंगलवार को अपरान्ह करीब तीन बजे कालेज की चौथी मंजिल से गिरने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया गया कि मृत छात्र विपुल यादव (21 वर्ष) पुत्र



जयप्रकाश यादव बिरनो थाना क्षेत्र के रुहीपुर गांव का निवासी था और मां सरस्वती पैरा मेडिकल कॉलेज महेगवां, मरदह में डी. फार्मा का छात्र था। मंगलवार की दोपहर बाद वह मोबाइल पर किसी से वार्तालाप करते हुए कालेज की चौथी मंजिल तक जा पहुंचा। अचानक वार्तालाप के दौरान ही वह तैश में आकर वहीं से कूद कर मरणासन्न स्थिति में जा पहुंचा। कालेज

■ मोबाइल वार्तालाप बना चर्चा का विषय

परिसर में अप्रत्याशित रूप से हुई इस घटना से कालेज प्रशासन सकते में आ गया और आनन फानन में गम्भीर स्थिति में उसे तत्काल इलाज के लिए मऊ चिकित्सालय पहुंचाया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। विपुल की आकस्मिक मौत की सूचना पर उसके परिजनों में कोहराम मच गया। वे रोते बिलखते उसके पास पहुंचे। ड्राइवर पिता जयप्रकाश यादव के दो पुत्रों में वह बड़ा बेटा था। बेटे की मौत से गमगीन मां शकुंतला देवी और परिजनों का बुरा हाल रहा। विपुल का शव गांव लाए जाने के बाद मरदह और बिरनो थाने की पुलिस मौके पर तैनात रही। विपुल के मोबाइल वार्तालाप को लेकर तरह तरह की चर्चाएं जारी रहीं। आखिर बात किससे कर रहा था और क्या बात हुई कि आखिर विपुल को कूदना पड़ा।

# 71 हज यात्रियों का हुआ हेल्थ चेकअप व टीकाकरण

**मथुरा।** जनपद मथुरा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस्लामिया इन्टर कॉलेज मथुरा में 71 हज यात्रियों का हेल्थ चेकअप एवं टीकाकरण किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राधा वल्लभ ने बताया कि जनपद में इस्लामिया इन्टर कॉलेज मथुरा में 71 हज यात्रियों का हेल्थ चेकअप एवं टीकाकरण किया गया। अभियान के दौरान सभी हज यात्रियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ रोहितास सिंह ने अवगत कराया कि सभी हज यात्रियों का हेल्थ चेकउप किया गया, साथ ही मेंनिंगोकोक्कल, सीज़नल इंफ्लुएंजा एवं पोलिओ की वैक्सीन लगाई गई। ट्रैनर के द्वारा सभी हाजियों को ट्रैनिंग भी दी गई। इस कार्यक्रम हेतु अल्प संख्यक विभाग के द्वारा से सभी हाजियों को समस्त आवश्यक जानकारी एवं सहयोग प्रदान किया गया। हेल्थ कैम्प में चिकित्साधिकारी डॉ सचिन शर्मा, एडीईओ एमपी सिंह, जेएसआई से सीएसओ संजय, टीकाकरण का कार्य संपन किया गया।

# मथुरा में चल रही है फिल्म नैन की शूटिंग

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** ब्रज की पावन धरा पिछले 15 दिनों से सिनेमाई रंग में सराबोर रही। यहाँ एक भावुक और सामाजिक संदेश से ओत-प्रोत फीचर फिल्म 'नैन' की शूटिंग संपन्न हुई। यह फिल्म न केवल एक मां के संघर्ष की गाथा है, बल्कि समाज में नेत्रदान की कमी जैसे गंभीर विषय पर भी प्रहार करती है। फिल्म की कहानी 5 साल की एक मासूम बच्ची 'नैन' के इर्द-गिर्द घूमती है, जो देख नहीं सकती। उसकी माँ उसे दुनिया दिखाने (आँखें दिलाने) के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा देती है, लेकिन नेत्रदान के प्रति सामाजिक उदासीनता के कारण उसे दर-दर भटकना पड़ता है। मुख्य भूमिका में फिल्म में नन्ही मिष्टी ने 'नैन' का किरदार निभाया है। माँ का किरदार अभिनेत्री मेघना पांचाल माँ की भूमिका में नज़र आएंगी। अहम किरदार एडवोकेट मानसी के रूप में राजश्री त्रिवेदी अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरेंगी।

फिल्म का निर्देशन मथुरा के ही



■ पांच साल की नेत्रहीन बच्ची पर आधारित है फिल्म

अनुभवी निर्देशक प्रकाश सैनी कर रहे हैं, जिनकी हालिया फिल्म 'क्रैब इन अ बकेट' चर्चा में रही है। फिल्म की पटकथा सुनीता अग्रवाल ने लिखी है और इसका निर्माण दिल्ली के प्रोडक्शन हाउस 'फैसवा कम्यूनिकेशन' के बैनर तले निर्माता योगेश अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर व्यवस्थाओं की कमान मथुरा के वरिष्ठ पत्रकार और लाइन प्रोड्यूसर गौरव शर्मा ने संभाली। शूटिंग के दौरान मथुरा के बंगाली घाट, विश्राम घाट, होली गेट और डैम्पियर नगर जैसे प्रमुख क्षेत्रों को कैमरे में कैद किया गया। सुनीता अग्रवाल, लेखिका ने कहा कि मथुरा में शूटिंग करना एक सुखद अनुभव रहा। यहाँ के लोगों के प्रेम और सहयोग ने हमारा दिल जीत लिया। हम फिल्म की ओपनिंग मथुरा से ही करने की योजना बना रहे हैं। शूटिंग के बीच कलाकारों और क्रू ने मथुरा के खान-पान का जमकर आनंद लिया। मुंबई से आए सिनेमाटोग्राफर सोनू पासवान और अन्य टीम मेंबर्स को होलीगेट की कचोरी-जलेबी, गोंसाई की रबड़ी-पेड़े और अरोड़ा की मशहूर चाय बेहद पसंद आई। निर्माता योगेश अग्रवाल ने कहा कि मथुरा जैसी जगहों पर शूटिंग होने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है और शहर की ब्रांडिंग होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### जर्जर पानी की टंकी को बनवाने की मांग, किया प्रदर्शन



**फतेहपुर (अवधनामा संवाददाता)।** बिंदकी नगर के कुंवरपुर रोड स्थित मंडी समिति परिसर में बनी पानी की टंकी के जर्जर हो जाने को लेकर बुधवार को मिलर्स एवं गल्ला व्यापार समिति ने जोरदार प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने टंकी की तत्काल मरम्मत अथवा नई पानी की टंकी बनवाने की मांग उठाते हुए कहा कि वर्तमान स्थिति में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। व्यापारियों के अनुसार मंडी समिति परिसर में स्थित पानी की टंकी काफी पुरानी और कमजोर हो चुकी है, जिससे लगातार पानी टपकता रहता है। समिति का कहना है कि यदि समय रहते टंकी की मरम्मत नहीं कराई गई या नई टंकी का निर्माण नहीं हुआ तो कोई गंभीर हादसा हो सकता है। इस मुद्दे को लेकर मिलर्स एवं गल्ला व्यापार समिति के अध्यक्ष शिवम गुप्ता के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया।

### दो परिवारों को मिलाया गया

**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में तथा क्षेत्रधिकारी बहजोई डॉ प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक चंदौसी परामर्श केंद्र प्रभारी डाश रुकम पाल सिंह की देखरेख में गौशाला रोड पिंक चौकी चंदौसी में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ रुकम पाल सिंह के द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलर द्वारा किया गया जहां कुल 11पत्रावली सुनकर 04 पत्रावली का निस्तारण किया गया।

# 'यूजीसी अधिसूचना को कमजोर करने वाले किसी भी दबाव को अनदेखा किया जाए'

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** उच्च शिक्षा संस्थानों में सामाजिक न्याय, समता और आरक्षण से जुड़े प्रावधानों की रक्षा के लिए सबका दल यूनाइटेड के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को राष्ट्रपति सचिवालय, नई दिल्ली के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में संगठन ने यूजीसी द्वारा जारी शैक्षिक समानता से संबंधित नियमों एवं अधिसूचनाओं का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि वर्तमान यूजीसी अधिसूचना अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजनों के लिए सामाजिक न्याय और अवसर की समानता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इन प्रावधानों में किसी भी प्रकार का शिथिलीकरण या परिवर्तन संविधान के मूल उद्देश्यों के विपरीत होगा और शिक्षा में समान अवसर की अवधारणा को सीधा नुकसान



■ यूजीसी के नियमों के समर्थन में सबका दल यूनाइटेड ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

पहुंचाएगा। सबका दल यूनाइटेड ने अपने ज्ञापन में संविधान के अनुच्छेद 15(4), 15(5) एवं 46 का हवाला देते हुए कहा कि राज्य का यह दायित्व है कि वह सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के शैक्षिक हितों की रक्षा और संवर्धन करे। उच्च शिक्षा संस्थान केवल ज्ञान के केंद्र नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन के माध्यम हैं। यदि नियमों में ढील दी गई तो वंचित समुदायों को शिक्षण एवं शोध पदों से बाहर किए जाने की प्रवृत्ति बढ़ेगी। संगठन ने राष्ट्रपति से मांग की है कि वर्तमान यूजीसी अधिसूचना को कमजोर करने वाले किसी भी दबाव को अनदेखा किया जाए, सभी केंद्रीय एवं राज्य विश्वविद्यालयों में आरक्षण एवं समता संबंधी प्रावधानों का सख्ती से पालन कराया जाए तथा निजी क्षेत्र के उच्च शिक्षण संस्थानों जैसे आईआईटी, आईआईएम आदि में भी इन नियमों को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। इसके साथ ही जांच समितियों में एससी, एसटी एवं ओबीसी वर्ग के प्रतिनिधित्व को 85 प्रतिशत तक सुनिश्चित करने की भी मांग की गई।

# केएम विवि में खेल व रंगारंग कार्यक्रम के बीच हुआ कृदय-2.0 का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय का वार्षिकोत्सव कृदय 2.0 खेल और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ हुआ। छह दिवसीय कृदय 2.0 का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी के बड़े भाई देवी सिंह (डीएम) ने फीता काटकर किया।

मुख्य अतिथि देवी सिंह (डीएम) ने छात्रों को खेलों के महत्व और शारीरिक-मानसिक विकास में उनकी भूमिका पर प्रेरक उद्बोधन दिया। विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने कृदय-2.0 के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा और खेल जगत का हमेशा से गहरा संबंध रहा है, नियमित शारीरिक गतिविधियां मस्तिष्क के हिप्पोकैम्पस के विकास को बढ़ावा देती हैं। जो छात्र खेलों में सक्रिय रहते हैं वे परीक्षाओं में भी बेहतर प्रदर्शन करते हैं। मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने कहा खेल न केवल

■ मुख्य अतिथि और वाइस चांसलर ने बैंडमिंटन खेलकर करवाया प्रतियोगिताओं को शुरू

छात्रों के शारीरिक विकास में मदद करते हैं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रोफेसर डा. शरद अग्रवाल ने कहा कृदय 2.0 का दूसरा साल है, यह आयोजन विवि और मेडीकल कालेज के छात्रों की प्रतिभा को बाहर निकालने के उद्देश्य से किया गया है, जिससे डाक्टर्स और छात्रों का मनोबल और आत्म विश्वास बढ़ा रहे। इससे पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहित विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति, मेडीकल प्राचार्य डा. एनसी प्रजापति, मेडीकल सुपीटेंट डा. अभय सूद, उपकुलसचिव सुनील अग्रवाल, प्रो. डा. शरद अग्रवाल ने सरस्वती वंदना के बीच दीप प्रज्जवलित करके एवं मसाल जलाकर किया।

# उन्नत कृषि तकनीकों से कम लागत में अधिक उत्पादन कर आय बढ़ाए

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** विकास भवन सभागार में अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र सिंह द्वारा किया गया, जिसमें पिछली बैठक में प्राप्त शिकायतों के अनुपालन की जानकारी कृषकों को दी गई और शासन की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं से अवगत कराया गया।

उप कृषि निदेशक द्वारा कृषि रक्षा रसायनों, कृषि निवेश सामग्री की उपलब्धता, जायद बीजों के मिनीकिट प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा जायद अभियान के अंतर्गत ऊर्द, मूंग आदि बीजों को अनुदान पर प्राप्त करने की जानकारी दी गई। साथ ही बागवानी एवं उन्नत कृषि तकनीकों के माध्यम से कम लागत में अधिक उत्पादन कर आय बढ़ाने पर जोर दिया गया। मुख्य पशु



■ विकास भवन में किसान दिवस का आयोजन, योजनाओं व समस्याओं पर हुआ विस्तृत मंथन

चिकित्साधिकारी ने पशुओं के टीकाकरण, ईयर टैगिंग, कृत्रिम गर्भाधान एवं पशुपालन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। भेड़ पालन, बकरी पालन सहित अन्य योजनाओं पर चर्चा करते हुए कृषकों से नियमित रूप से पशुओं को कृमिनाशक दवा देने तथा वर्षा ऋतु में गलाघोटू, खुरपका एवं मुंहपका रोग के टीकाकरण कराने की अपील की गई। साथ ही दैवीय आपदा की स्थिति में क्षतिपूर्ति के लिए दुधारू पशुओं की ईयर टैगिंग अनिवार्य रूप से कराने पर जोर दिया गया। उद्यान निरीक्षक डॉ. सुनील कुमार ने केला, मिर्च, प्याज, मसाले एवं सब्जियों की खेती, फसल बीमा तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना, मुख्यमंत्री फल उद्यान योजना, आरकेवीवाई एवं एकीकृत बागवानी मिशन की जानकारी दी। उन्होंने स्प्रिंकलर सेट के माध्यम से सिंचाई व दवा छिड़काव कर उत्पादन बढ़ाने की सलाह दी।

# कांवड़ियों पर हमला : पथराव से कांवड़ खंडित

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** धर्मनगरी मथुरा में कांवड़ लेकर जलाभिषेक को जा रहे श्रद्धालुओं पर हमला कर माहौल खराब करने की कोशिश का मामला सामने आया है। थाना राया क्षेत्र के गांव ढ़गोई में कुछ लोगों द्वारा कांवड़ियों को रोककर गाली-गलौज, मारपीट और पथराव किए जाने का आरोप है। पत्थर लगने से कांवड़ खंडित हो गई, जिससे श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार सोनू और उनके परिजन ऋषि कांवड़ लेकर मंदिर में जल चढ़ाने जा रहे थे। मंदिर के निकट पहुंचते ही उन्हें रोक लिया गया और विवाद खड़ा कर दिया गया। देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई और पथराव से भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया और ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। पीड़ित पक्ष ने इसे सुनियोजित हमला बताते हुए थाना राया में तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग

■ शांति बिगाड़ने की कोशिश नाकाम करने की मांग

की है। श्रद्धालुओं का कहना है कि आस्था पर चोट किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं की गहनता से पड़ताल की जा रही है और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले तत्वों को चिन्हित कर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि मथुरा की शांत फिजा खराब करने की किसी भी कोशिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चुनाव से पहले धार्मिक भावनाओं को भड़काकर माहौल खराब करने की साजिश रची जा रही है, जिसे प्रशासन को सख्ती से विफल करना होगा।

# चतुर्वेदी समाज का ऐतिहासिक होली डोला तीन मार्च को

**मथुरा।** श्री माथुर चतुर्वेद परिषद के तत्वावधान में चतुर्वेदी समाज का प्रसिद्ध होली डोला 3 मार्च को दोपहर 2 बजे निकाला जाएगा। डोला के साथ चलने वाली झांकियां निकालने वाले लोगों से 25 फरवरी तक आवेदन मांगे हैं। इसके आयोजन को धूमधाम से करने की तैयारी परिषद के पदाधिकारियों ने प्रारम्भ कर दी हैं। परिषद के महामंत्री राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि डोला द्वारकाधीश मंदिर के नीचे से 3 मार्च को दोपहर दो बजे प्रारंभ होकर विश्राम घाट, छत्ता बाजार, होली गेट, कोतवाली रोड, भरतपुर गेट व चौक बाजार होते हुए पुनः विश्राम घाट पर संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिषद के मुख्य संरक्षक एवं अखिल भारतीय तीर्थ महासभा के मुख्य संरक्षक महेश पाठक रहेंगे। उन्होंने डोले में सम्मिलित होने के इच्छुक समाजजन यदि झांकी, ट्रैक्टर अथवा टोली के रूप में भाग लेना चाहते हैं तो वे 25 फरवरी तक श्री माथुर चतुर्वेद परिषद कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

# साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का मनाया गया जन्मदिवस

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाश्वत तिवारी का जन्मदिन संगठन द्वारा पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न जिलों व तहसीलों में कार्यक्रम आयोजित कर पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने केक काटकर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

इसी कड़ी में जनपद फतेहपुर में विभिन्न जगहों पर विभिन्न पदाधिकारियों की अगुवाई में जन्मदिवस मनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष शाश्वत तिवारी के दीर्घायु की कामना की गई। आयोजित कार्यक्रम के क्रम में कस्बा प्रेमनगर में साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के उत्तर प्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी के नेतृत्व में कई पदाधिकारी एवं सदस्यों ने केक काटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया। इस दौरान संगठन की मजबूती और पत्रकार हितों के लिए



एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह एवं जिला सचिव धीर सिंह यादव के नेतृत्व में सातमील क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं फतेहपुर शहर में राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान एवं प्रदेश उपाध्यक्ष ज़र्रेयाब खान की अगुवाई में भी जन्मदिन मनाया गया। हुसैनगंज कस्बे में उत्तराखण्ड राज्य सह प्रभारी पारुल सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसी क्रम में बिन्दकी में तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह तथा खागा में अभिमन्यु मौर्या की अगुवाई में जन्मदिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी ने संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प दोहराया। वहीं लीगल सेल के चेयरमैन एवं वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान ने भी जन्मदिन की बधाई दी। प्रेमनगर में प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी के साथ अनिल कुमार विश्वकर्मा, डॉ. जे.पी. सिंह चौहान, मेराज अहमद, प्रदीप कुमार, महेश चौधरी, संदीप निर्मल, अजय कुमार सहित अनेक लोगों ने केक काटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष शाश्वत तिवारी को बधाई दी और उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

# भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की सदस्यता को लेकर उठा सवाल



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी फतेहपुर इकाई की सदस्यता प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। सोसायटी के आजीवन सदस्यों की एक टीम द्वारा लगातार नए सदस्यों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन सक्षम अधिकारियों द्वारा सदस्यता फॉर्म स्वीकार न किए जाने से असंतोष की स्थिति बन गई है।

टीम में शामिल वीपी पाण्डेय, राजेंद्र प्रसाद साहू, रामकृष्ण पांडेय एवं गुरमीत सिंह (सभी आजीवन सदस्य) ने पियूष द्विवेदी सहित करीब 25 लोगों को आजीवन सदस्यता के लिए प्रेरित किया। इसके बाद सभी इच्छुक सदस्यों

■ आजीवन सदस्यों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

के फॉर्म और शुल्क एकत्र कर सोसायटी के सचिव अजीत सिंह से संपर्क कर जमा कराने का अनुरोध किया गया। आरोप है कि इसके बाद जिला क्षय रोग अधिकारी/नोडल अधिकारी रेड क्रॉस एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी से भी संपर्क किया गया, लेकिन किसी भी सक्षम अधिकारी ने सदस्यता फॉर्म स्वीकार करने से इनकार कर दिया। इससे नाराज आजीवन सदस्यों ने डेलिगेशन के रूप में जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए सदस्यता प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने की मांग की।

# अनुपस्थित मिले प्रभारी प्रधानाचार्य, रजिस्टर पर मिले हस्ताक्षर

■ बीईओ के निरीक्षण में मिडडे मील में 09 सितंबर के बाद से प्रविष्टि दर्ज नही

**अवधनामा संवाददाता**



**कन्नौज।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि विकास खंड तालग्राम के ग्राम रसूलपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में मिड-डे-मील योजना अंतर्गत बच्चों को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता में कमी तथा दाल में पानी की मात्रा अधिक होने की शिकायत प्राप्त हुई थी। उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को खण्ड शिक्षाधिकारी रमेश सिंह चौधरी द्वारा विद्यालय का निरीक्षण कराया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत गगन (अनुचर) उपस्थित पाए गए, जबकि प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेन्द्र कुमार निरीक्षण के समय अनुपस्थित मिले। विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापिका रेनू बाला बाल्यकाल देखभाल अवकाश पर हैं। विद्यालय में रसोईया कृष्णा कुमारी एवं शर्मिला द्वारा भोजन तैयार किया जा रहा था। निरीक्षण के समय कक्षा 6, 7 एवं 8 में नामांकित छात्रों के सापेक्ष क्रमशः 5/22, 4/12 एवं 2/16 छात्र उपस्थित पाए गए। कुल उपस्थिति मात्र 11 रही। विगत तीन दिवसों में भी छात्र उपस्थिति 16, 15 एवं 14 पाई गई, जो निरंतर गिरावट को दर्शाती है। रसोईयों द्वारा बताया गया कि मिड-डे-मील मेनू के अनुसार ही भोजन वितरित किया जाता है तथा बच्चों को विद्यालय के बाहर पक्के स्थान पर बैठाकर भोजन कराया जाता है। बच्चों द्वारा यह भी बताया गया कि सोमवार को फल एवं दूध का वितरण किया जाता है, परंतु इसके संबंध में कोई अभिलेखीय अथवा फोटोग्राफिक प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया जा सका। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेन्द्र कुमार पूर्व दिवस में भी अनुपस्थित थे तथा निरीक्षण के समय भी विद्यालय में उपस्थित नहीं मिले, जबकि उपस्थिति रजिस्टर में उनके हस्ताक्षर अंकित पाए गए। साथ ही विद्यालय की मिड-डे-मील पंजिका में दिनांक 09.09.2025 के बाद कोई प्रविष्टि अंकित नहीं की गई है। उपरोक्त तथ्यों से यह स्पष्ट है कि संबंधित प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय संचालन एवं मिड-डे-मील योजना के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही एवं उदासीनता बरती जा रही है। इसके परिणामस्वरूप छात्र उपस्थिति मात्र 22 प्रतिशत रह गई है, जो विभागीय दायित्वों के प्रति शिथिलता का स्पष्ट प्रमाण है। इससे विभाग की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक कार्यवाही की संस्तुति की जाती है तथा भविष्य में मिड-डे-मील योजना की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

# सपा में नसीमुद्दीन सिद्दीकी के आने से की बढ़ी ताकत

■ पूर्व विधायक ने वि.स. चुनाव में 250 सीटों का बताया लक्ष्य, कार्यकर्ताओं से की मिशन 2027 में जुटने की अपील

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समाजवादी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में पीडीए की ताकत पर चुनाव लड़ेगी और 2027 में विधानसभा में 250 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी और प्रदेश में पूर्ण बहुमत वाली समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी।

यह बात बुधवार को पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने गांधीनगर स्थित अपने आवास पर लखनऊ में नसीमुद्दीन सिद्दीकी से मुलाकात कर वापस लौटने उपरांत कार्यकर्ताओं के समक्ष कही। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पिछली विधानसभा में 111 सीटें समाजवादी पार्टी को प्राप्त हुई थी। लोकसभा के चुनाव में 37 सीटें समाजवादी पार्टी ने जीती थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश के विधानसभा 2027 के चुनाव में 250 से अधिक सीट पीडीए की एकजुटता से प्राप्त होगी इसके लिए कार्यकर्ता कमर कस लें। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के सपा में आने से सपा को और भी बल मिलेगा, उन्होंने उनका समाजवादी पार्टी में आने पर स्वागत भी किया। इस मौके पर उनके साथ मुजफ्फर खान, आजाद खान, अयूब सिद्दीकी, शाहनिगार सिद्दीकी, हाशिम खान, मंसूर खान, गुलाम रसूल, मंसूर खान, अकील खान, अशफाक खान सहित् समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पुस्तकालय समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद में सार्वजनिक पुस्तकालयों के सुदृढ़ीकरण, संसाधनों के बेहतर उपयोग और पाठकों में पठन संस्कृति के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि जीआईसी परिसर में स्थित जर्जर भवन का नियमानुसार ध्वस्तीकरण (डिमोलेशन) कराया जाए तथा उसी स्थान पर कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के माध्यम से एक आधुनिक मॉडल लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह मॉडल लाइब्रेरी जनपद के युवाओं के लिए ज्ञान का प्रमुख केंद्र बनेगी। जिलाधिकारी ने राजकीय जिला पुस्तकालय की वार्षिक विकास योजना के निर्धारण एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि पुस्तकालय को आधुनिक स्वरूप प्रदान किया जाए। उन्होंने पुस्तकालय में उपलब्ध फर्नीचर, पुस्तकों एवं अन्य अनुपयोगी सामग्री का नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करने तथा उपयोगी संसाधनों का पुनः उपयोग करने के निर्देश दिए।

# मिशन शक्ति केन्द्र में दो विवादों में कराया गया समझौता



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत नगर व क्षेत्र निवासी दो दंपतियों के विवाद को लेकर स्थानीय कोतवाली में नवस्थापित महिला शक्ति केन्द्र में काउंसिलिंग कराकर दोनों पक्षों के बीच चल रहे आपसी विवाद को सुलझाकर दोनों की सहमति से समझौता कराया गया।

बुधवार को स्थानीय कोतवाली मिशन शक्ति अभियान प्रभारी/ निरीक्षक सीपी तिवारी के नेतृत्व में महिला हेड कॉन्स्टेबल शशिबाला द्वारा आवेदिका अर्चना देवीपत्नी अमित कुमारनिवासी तेरारब्बू के प्रार्थना पत्र पर आवेदिका के पति अमित कुमार को बुलबाकर समझा बुझा कर काउंसलिंग कराकर समझौता कराया गया।

जबकि आवेदक समशुल पुत्र चांद मियां निवासी मोहल्ला किदवई नगर के प्रार्थना पत्र पर आवेदक की पत्नी उजमा व विपक्षी सैफी पुत्र शाहनिगार निवासी मोहल्ला मुजाहिद नगर को बुलाकर समझाया बुझाया और दोनों पक्षों में समझौता कराने के उपरान्त सकुशल रवाना किया गया। इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल शशिबाला ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को केवल कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर परिवारिक विवादों को आपसी संवाद से सुलझा कर सकुशल रवाना किया जा रहा है।

# बीएम सेवा समिति द्वारा गरीबों का निःशुल्क इलाज होगा

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक सराहनीय पहल की गई है। बीएम सेवा समिति के तत्वावधान में जरूरतमंद एवं गरीब मरीजों को निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

बुधवार को नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित अमन हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा. गयासुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि समिति के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाएगी। डायरेक्टर ने बताया कि कई ऐसे परिवार हैं जो आर्थिक तंगी के कारण समय पर इलाज नहीं करा पाते, जिससे छोटी बीमारी भी गंभीर रूप ले लेती है। बी एम सेवा समिति के सहयोग से अब ऐसे मरीजों को निशुल्क जांच, परामर्श और आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। जरूरत पड़ने पर दवाइयों की व्यवस्था भी समिति द्वारा कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य केवल उपचार करना ही नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्ग को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी है। समय-समय पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर लोगों की मुफ्त जांच की जाएगी और गंभीर रोगों की पहचान कर उनका उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। बताया कि बी एम सेवा समिति कि इस पहल से क्षेत्र के सैकड़ों गरीब परिवारों को राहत मिलेगी। इस अवसर पर अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

# सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं मानक के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं

■ डीएम व एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर दिये निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**



**कन्नौज।** जनपद में संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा परीक्षा केंद्रों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।बुधवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा निरीक्षण के दौरान के.के. इंटर कॉलेज एवं मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज में तैनात पुलिस बल, सीसीटीवी व्यवस्था, प्रवेश द्वार पर चेकिंग, परीक्षार्थियों की पहचान सत्यापन, कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति तथा परीक्षा से संबंधित अन्य सुरक्षा एवं व्यवस्थात्मक पहलुओं का गहन अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, अनुशासन एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराए जाने हेतु संबंधित केंद्र व्यवस्थापकों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं मानक के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जनपद में बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न हों, जिससे परीक्षार्थी निर्भीक होकर परीक्षा में सम्मिलित हो सकें। पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहते हुए निरंतर भ्रमणशील रहने, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

# शिवाजी कांवेंट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**



**जालौन (उरई)।** आज जितनी भी मानव की प्रगति दिख रही है उसमें विज्ञान का एक अहम योगदान है बिना विज्ञान के मानव की प्रगति संभव नहीं थी और इसी प्रगति को सतत बढ़ाने के लिए शिवाजी कान्वेंट स्कूल जालौन में साइंस एग्जीबिशन का कार्यक्रम रखा गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन नगर जालौन के प्रमुख समाजसेवी श्री राजकुमार विश्नोई जी ने फीता काटकर किया। बच्चों के प्रोजेक्ट देखकर उन्होंने कहा कि बच्चों ने भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए अपने प्रोजेक्ट तैयार किए हैं यह बच्चे भविष्य में जाकर अपना बहुत नाम करेंगे और समाज को भी अहम योगदान देने में मदद करेंगे। नगर जालौन के महाराणा प्रताप साइंस इंटर कॉलेज के प्रबंधक श्री मंगल सिंह चौहान ने साइंस एग्जीबिशन का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से कई अहम सवाल पूछे बच्चों के संतोषजनक एवं भविष्य में आने वाली समस्याओं से संबंधित उत्तर देने के बाद उन्होंने कहा कि बच्चे भविष्य में बहुत अच्छा कार्य करेंगे एवं यह समाज के मददगार होंगे। अच्छे नागरिक बनकर देश की सेवा करेंगे। विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष श्री शैलेंद्र निगम एवं प्रबंधक मनोज कुमार बाथम ने शिवाजी की तस्वीर देकर एवं शाल उढाकर उनको सम्मानित किया। विद्यालय के कोषाध्यक्ष श्री रत्नेश बिश्नोई ने भी बच्चों को बधाई दी। विद्यालय के कक्षा तीन के छात्र अर्चित निगम ने पृथ्वी पर भूकंप से बचने के लिए एक प्रोजेक्ट तैयार किया जिसमें धरती के कांपते ही आपके घर में अलार्म बज जाएगा जिससे सभी लोग सजग होकर अपने आप को बचा सकते हैं। इसी प्रकार से क्लास फिफ्थ के छात्र हारिश ने एक प्रोजेक्ट बनाया जिसमें उन्होंने बताया कि पृथ्वी की ऊर्जा कभी खत्म नहीं होती है केवल परिवर्तित होती है कक्षा 8 के तेजस एवं श्रेयस बिश्नोई ने हार्ट का चित्र बनाकर मानव शरीर के बारे में जानकारी दी। कक्षा 8 की छात्रा ओजस बिश्नोई ने भविष्य की पार्किंग को देखते हुए उसने मल्टी पार्किंग का प्रोजेक्ट बनाया। क्लास फोर्थ की छात्रा अनन्या बाथम ने जल चक्र का प्रोजेक्ट बनाया। क्लास फिफ्थ की छात्रा पाखी ने एक ऐसा प्रोजेक्ट बनाया जिसमें स्ट्रीट लाइट दिन के समय बंद रहेगी और रात्रि का अंधेरा होते ही स्ट्रीट लाइट जल उठेंगे। इससे भविष्य की जरूरत को देखते हुए बिजली कम खर्च हो और उसका सही सदुपयोग होगा। इसी प्रकार से अन्य छात्रों ने एक से बढ़कर एक प्रोजेक्ट बनाए और समाज की जरूरत को ध्यान में रखते हुए भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए उनसे निपटने के लिए आज नन्हे बच्चों ने अपने प्रोजेक्ट बनाकर दमखम दिखाया।

# मौन साधकों की प्रेरणा ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है: डॉ. अली

**अवधनामा संवाददाता**



■ राष्ट्र निर्माण के मौन साधक इंद्रेश जी के जन्मदिवस पर ग्रामीण विद्यार्थियों में पाठ्य सामग्री एवं मिष्ठान वितरण

**महमूदाबाद।** आज मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक एवं राष्ट्र जीवन के प्रेरक व्यक्तित्व इंद्रेश कुमार जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राजकीय इण्टर कॉलेज लैलखुर्द में एक प्रेरणादायी सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के बीच शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें अध्ययन हेतु आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना था।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को कॉपी, पेन, पेंसिल एवं अन्य आवश्यक पाठ्य सामग्री के साथ-साथ मिष्ठान का वितरण किया गया। विद्यार्थियों के चेहरों पर प्रसन्नता और उत्साह स्पष्ट झलक रहा था।

कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. अली जफर ने अपने संबोधन में कहा कि इंद्रेश जी राष्ट्र निर्माण के मौन साधक हैं। उन्होंने बिना किसी प्रचार-प्रसार के समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने, संवाद स्थापित करने और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने का सतत प्रयास किया है। उनका जीवन सेवा, समर्पण और सकारात्मक राष्ट्र चिंतन का प्रेरक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की सशक्त नींव शिक्षा से ही निर्मित होती है, और जब ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को उचित संसाधन एवं मार्गदर्शन मिलता है तो वे भी राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा में अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं।

डॉ. जफर ने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच ही जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपनी भूमिका को समझें।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षकों ने भी इंद्रेश जी के दीर्घ, स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन की कामना की और उनके विचारों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्यक्रम विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाते हैं और उन्हें समाज से जुड़ाव का संदेश देते हैं।

समारोह का वातावरण अत्यंत सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण रहा। अंत में सभी उपस्थितजनों ने राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। यह आयोजन केवल जन्मदिवस का उत्सव नहीं, बल्कि सेवा और शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का एक सार्थक प्रयास रहा, जिसने विद्यार्थियों के मन में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया। इस मौके कालेज के प्रधानाचार्य राम स्नेही पराशर, सुरेंद्र सिंह, सुशील वर्मा, जियाउल अर्श, एहतेशाम, अमन, मोहम्मद शाद , मोहम्मद आरिफ आदि लोग उपस्थित रहे।

# साह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में फैशन टेक्नोलॉजी एवं इंटीरियर डिज़ाइन पाठ्यक्रमों का हुआ शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**चन्दौली।** मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी एवं एससीडी एस के सहयोग से अल हनीफ एजुकेशनल सेंटर संस्थान सेमरा में फैशन टेक्नोलॉजी और इंटीरियर डिज़ाइन के नए पाठ्यक्रमों का शुभारंभ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य उभरते हुए क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को किफायती शुल्क पर उपलब्ध कराना है, ताकि विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। उद्घाटन समारोह प्रतिष्ठित अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ । जिनमें एमएएनयूयू के कुलपति प्रो. सैयद ऐनुल हसन,एससीडी की अध्यक्षा डॉ. समन हुसैनी तथा एमएएनयूयू स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी के डीन प्रो.अब्दुल वहीद शामिल थे। कार्यक्रम का आयोजन साह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डॉ. हाजी वसीम अहमद के मार्गदर्शन में किया गया। डॉ हाजी वसीम ने बताया कि फैशन टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम पारंपरिक तकनीकों और आधुनिक नवाचारों के समन्वय पर आधारित है, जिससे विद्यार्थियों को फैशन उद्योग में विभिन्न अवसरों के लिए तैयार किया जा सके।

इंटीरियर डिज़ाइन पाठ्यक्रम रचनात्मकता और व्यावहारिक कौशल पर विशेष बल देता है, जिससे छात्र कार्यात्मक एवं सौंदर्यपूर्ण स्थानों की डिजाइनिंग में दक्ष बन सकें। दोनों पाठ्यक्रम उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने, उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकसित करने तथा विद्यार्थियों में उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए हैं। डॉ. हाजी वसीम अहमद ने कहा, हमारा संयुक्त प्रयास विद्यार्थियों के कौशल को सुदृढ़ बनाकर उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर अवसर प्रदान करना है। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। इच्छुक अभ्यर्थी सेंट अल-हनीफ एजुकेशनल सेंटर की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर या प्रशासन से संपर्क कर पाठ्यक्रम संरचना, समय-सारिणी एवं शुल्क संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनीं समस्याएं

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अपने कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। जनसुनवाई के दौरान एक मार्मिक दृश्य उस समय देखने को मिला जब बुजुर्ग अशोक शर्मा ने चलने में हो रही कठिनाई के संबंध में अपनी व्यथा सुनाई। उन्होंने बताया कि बैसाखी के सहारे भी उन्हें ठीक से चलने में दिक्कत होती है। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया। मौके पर ही ट्राइसाइकिल और बैशाखी पलब्ध कराई गई।

# भगवान सदैव करते हैं अपने भक्तों की रक्षा

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम बेलपार पंडित में चल रहे भागवत कथा के पांचवें दिन मंगलवार काशी से पधारे कथा व्यास मानस मणि शास्त्री ने श्रोताओं को गोवर्धन लीला की कथा का रसपान कराया। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की गोवर्धन लीला द्वापर युग में इंद्र के अहंकार को तोड़ने और प्रकृति के प्रेम को दर्शाने की कथा है। श्री कृष्ण ने इंद्र पूजा रोककर व्रजवासियों को गोवर्धन पर्वत की पूजा करने को कहा, जिससे क्रोधित होकर इंद्र ने भयंकर बारिश की इन्द्र के कोप से व्रजवासियों को बचाने के लिए श्री कृष्ण ने खेल-खेल में गोवर्धन पर्वत को अपनी बाई हाथ की छोटी उंगली पर उठा लिया। ब्रज के सभी लोग गोवर्धन के नीचे शरण लेकर सुरक्षित हो गए। सात दिनों तक मूसलाधार बारिश हुई लेकिन श्रीकृष्ण के प्रभाव से गोवर्धन के नीचे किसी को भी भूख, प्यास या कष्ट नहीं हुआ। अंत में इंद्र को अपने भूल का एहसास हुआ और उन्होंने श्री कृष्ण से माफी मांगी।

कथा व्यास ने कहा कि यह कथा हमें यह संदेश देती है कि अहंकार का अंत निश्चित है और ईश्वर सदैव अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, करुणा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कथा व्यास ने धर्म, सत्य और कर्तव्य पालन का संदेश देते हुए समाज में नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। कथा में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक आशुतोष उपाध्याय, पूर्व ब्लॉक प्रमुख जितेंद्र उपाध्याय,आचार्य आनंद तिवारी, आचार्य तरूण मिश्र, पंडित मोहित द्विवेदी, सत्य प्रकाश मणि तिवारी, हरिओम उपाध्याय, ओमकार मिश्रा, प्रदीप उपाध्याय, ठाकुर प्रसाद मिश्रा, बालमुनि पांडेय,राजू सिंह, कमलेश तिवारी, महावीर पांडेय,मुख्य यजमान रमा तिवारी, मुकेश तिवारी, संजय तिवारी, रमावती देवी सहित भारी संख्या में श्रोता उपस्थित थे।

# राष्ट्रहित का बोध ही प्रशिक्षण का मकसद: संतराज यादव

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** बुधवार, क्षेत्र के और चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत तीन सत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र की कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष व जिले के प्रभारी संतराज यादव ने कहा कि पार्टी का मूल मंत्र है चरैवेति चरैवेति और इसी मंत्र को चरितार्थ करते हुए समय समय पर हमारा संगठन ऐसे प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन करता है। प्रशिक्षण का मकसद है कि एक कार्यकर्ता को अपने राजनीतिक जीवन में किस प्रकार से समाज में समन्वय स्थापित करना चाहिए। आगे यह प्रशिक्षण विधानसभावार और मंडलवार आयोजित होना है जिसमें बूथ से लेकर मंडल स्तर के कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र और समाज के लिए किस प्रकार से हमें कार्य करना है, हमारी क्या योजना होनी चाहिए, क्या दिनचर्या होनी चाहिए, कार्यकर्ताओं का एकदूसरे के प्रति क्या व्यवहार होना चाहिए, नागरिक कर्तव्य क्या होना चाहिए इसका प्रशिक्षण इस कार्यशाला के माध्यम से कराया जाएगा। हमारा मकसद व्यक्ति निर्माण से समाज निर्माण, समाज निर्माण से राष्ट्र निर्माण है। उन्होंने बताया कि आगे हर मंडलों की संचालन समिति बनाई जाएगी तथा मंडल प्रशिक्षण के दौरान रात्रि विश्राम वहीं करना होगा। 14 मार्च से 14 अप्रैल तक प्रत्येक मंडलों की प्रशिक्षण कार्यशालाएं सम्पन्न कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति अपने इन्हीं कर्तव्यों की पूर्ति के लिए भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता अन्य दलों से भिन्न होता है। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की एकमात्र ऐसी पार्टी है जो समय समय पर अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के माध्यम से अनुशासन और देश सेवा का पाठ पढ़ाती रहती है। सरकार और संगठन के तालमेल को बनाए रखने के लिए आज तीन वर्षों के बाद प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई है। दूसरे और तीसरे सत्र की कार्यशालाओं में विधानसभावार टोली बैठक कर आगामी मंडलों की कार्यशालाओं के लिए योजना रचना बनाई गई। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने किया तथा क्षेत्र के आई टी के संयोजक व प्रशिक्षण महाअभियान के सह संयोजक अनादिप्रिय पाठक ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के जिला संयोजक जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी रहे। कार्यशाला में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक डा सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, मारकंडे शाही, अंतर्यामी सिंह, पूर्व महामंत्री कृष्णनाथ राय, जितेंद्र पांडे, जिला उपाध्यक्ष अजय शाही, ऊषा पासवान, संजय सिंह एडवोकेट, अजय कुमार दुबे, जिला महामंत्री प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, जिला मंत्री डा हेमंत मिश्रा, अरविंद पांडे बबुना, निर्मला गौतम, अभिषेक जायसवाल, भारती शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, ब्लाक प्रमुख पिंटू गुप्ता, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, मारकंडे गिरी, अभयनाथ त्रिपाठी, महेश मणि, सुधीर श्रीवास्तव, डा विनय राव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा, भगवान यादव, दिनेश शुक्ला, राजन यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय पांडे, आराधना पांडे, सोमेश्वर नाथ त्रिपाठी, अमित तिवारी सहित सभी मंडल अध्यक्ष, मॉडल प्रभारी और कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# चैंपियंस लीगः स्टार फुटबॉलर विनीशियस जूनियर के साथ नस्लीय दुर्व्यवहार? बेनफिका के फुटबॉलर्स पर लगाए गंभीर आरोप



**मैड्रिड।** चैंपियंस लीग प्लेऑफ में विनीशियस जूनियर ने रियल मैड्रिड की ओर से बेनफिका के खिलाफ विजयी गोल किया, लेकिन मैच के दौरान नस्लीय टिप्पणी का आरोप लगाया। रेफरी को शिकायत के बाद खेल कुछ देर रोका गया, जबकि बेनफिका खेमे ने आरोपों से इनकार किया। अन्य मुकाबलों में पीएसजी ने मोनाको को 3-2 से हराया। ब्राजील के खिलाड़ी विनीशियस जूनियर ने चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के प्लेऑफ के मुकाबले में रियल मैड्रिड की तरफ से बेनफिका के खिलाफ विजयी गोल करने के बाद नस्लीय दुर्व्यवहार के आरोप लगाए। खेल को तब रोक दिया गया जब विनीशियस ने दावा किया कि रियल मैड्रिड की 1-0 से जीत के दौरान एक प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी ने नस्लीय टिप्पणी करके उनका अपमान किया। रियल मैड्रिड के डिफेंडर ट्रेंट अलेक्जेंडर अर्नोल्ड ने मैच के बाद कहा, अपने करियर के दौरान उन्हें कई बार इस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा है और उन्होंने इसे बखूबी संभाला है। लेकिन उनके प्रति इस तरह का व्यवहार जारी रहना और इस मैच की रात ऐसा होना फुटबॉल के लिए शर्मनाक है। इस बीच मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को मोनाको के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। पीएसजी एक समय दो गोल से पीछे चल रहा था, लेकिन सब्स्टिट्यूट खिलाड़ी डेजायर डूए के शानदार प्रदर्शन से वह आखिर में 3-2 से जीत हासिल करने में सफल रहा। अन्य मैचों में गैलाटसराय ने युवेंटस को 5-2 से हराया जबकि बोरूसिया डॉर्टमुंड ने अटलांटा के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की। विनीशियस ने स्टेडियम ऑफ लाइट में बेनफिका के खिलाफ प्लेऑफ के पहले चरण में रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रियल मैड्रिड को बढ़त दिलाने के बाद रेफरी फ्रांकोइस लेटेक्सियर को नस्लवादी टिप्पणी की जानकारी दी।

उन्होंने अर्जेंटीना के खिलाड़ी जियानलुका प्रेस्टियानी की ओर इशारा किया। बेनफिका के कोच जोस मोरिन्हो ने हालांकि कहा कि उनके खिलाड़ी ने नस्लीय टिप्पणी करने के आरोपों से इनकार किया है। मोरिन्हो ने कहा, उन्होंने मुझे अलग-अलग बातें बताई। लेकिन कुछ तो गड़बड़ है क्योंकि हर बार ऐसा होता है। जहां भी विनीशियस खेला, वहां हमेशा कुछ न कुछ हुआ।

# अभिषेक और वरुण की बादशाहत बरकरार



**नई दिल्ली।** आईसीसी की ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अभिषेक शर्मा और वरुण चक्रवर्ती की बादशाहत बरकरार है। दोनों क्रमशः बल्लेबाजों और गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर हैं जबकि पाकिस्तान के सईम अयूब ऑलराउंडर्स की रैंड्डाहाकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग जारी की। इसमें भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का जलवा कायम है। दोनों क्रमशः बल्लेबाजों और गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं, पाकिस्तान के सईम अयूब ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गए हैं। उन्होंने जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा को पीछे छोड़ा।

आईसीसी की ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। पाकिस्तान के स्टार खिलाड़ी सईम अयूब एक बार फिर नंबर-1 टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर बन गए हैं। अयूब और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा के बीच पिछले कुछ समय से नंबर-1 की कड़ी टक्कर चल रही थी। दोनों खिलाड़ियों ने हाल के महीनों में बारी-बारी से शीर्ष स्थान हासिल किया। ताजा अपडेट में अयूब ने श्रीलंका के कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ तीन विकेट लेकर फिर से शीर्ष स्थान पर कब्जा कर लिया। रजा अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। नेपाल के दीपेंद्र सिंह एयरी (दो स्थान की छलांग) और अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह ओमरजई (चार स्थान की बढ़त) संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के आक्रामक बल्लेबाज पथुम निसांका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कैंडी में शानदार शतक जड़कर तीन स्थान की छलांग लगाई और तीसरे स्थान पर पहुंच गए।

भारत के ओपनर अभिषेक शर्मा खराब फॉर्म के बावजूद शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। वहीं उनके साथी ईशान किशन ने पाकिस्तान के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन के दम पर 17 स्थान की बड़ी छलांग लगाते हुए आठवां स्थान हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका के रयान रिकेल्टन (22 स्थान ऊपर, 11वें) और एडेन मार्करम (छह स्थान ऊपर, संयुक्त 15वें), अमेरिका के साईतेजा मुक्कामल्ला (16 स्थान ऊपर, 21वें) और इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी जैकब बेथेल (22 स्थान ऊपर, 32वें) को भी टी20 विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन का फायदा मिला है।

गेंदबाजों की रैंकिंग में भी शीर्ष स्थान की जंग दिलचस्प हो गई है। अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान एक स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं और भारत के वरुण चक्रवर्ती के बेहद करीब हैं, जो फिलहाल पहले स्थान पर हैं।

जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्रैड इवांस लगातार दो मैचों में तीन-तीन विकेट लेकर 10 स्थान की छलांग लगाते हुए पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा भारत के अक्षर पटेल (चार स्थान ऊपर, 14वें) और जसप्रीत बुमराह (छह स्थान ऊपर, 15वें) तथा आयरलैंड के स्पिनर मैथ्यू हम्फ्रेस (23 स्थान ऊपर, 23वें) को भी ताजा रैंकिंग में फायदा मिला है।

## 67 साल में पहली बार फाइनल में जम्मू-कश्मीर, पर आसान नहीं रहा है सफर



**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर ने पहली बार 1959-60 के सत्र में रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया था और तब से लेकर अब तक उसे मजबूत दावेदार नहीं माना जाता था। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए नबी ने कहा, पिछली बार हम क्वार्टर फाइनल में हार गए थे, लेकिन हमने कड़ी मेहनत की और हम फाइनल में पहुंचने के हकदार थे। जम्मू कश्मीर ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के कल्याणी में खेले गए रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के चौथे दिन दो बार के पूर्व चैंपियन बंगाल को छह विकेट से करारी शिकस्त दी। साथ ही टीम ने 67 साल के अपने रणजी ट्रॉफी इतिहास में पहली बार फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया। बंगाल ने जम्मू कश्मीर के सामने 126 रन का लक्ष्य रखा था। जम्मू कश्मीर ने 34.4 ओवर में चार विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर दिया। उसकी तरफ से वंशज शर्मा ने नाबाद 43 और अब्दुल समद ने नाबाद 30 रन बनाए। इससे पहले तेज गेंदबाज आकिब नबी ने मैच में नौ विकेट (पहली पारी में पांच और दूसरी पारी में चार विकेट) लेकर बंगाल की जीत की संभावनाओं को पूरी तरह से खत्म कर दिया था। बीसीसीआई के अध्यक्ष मिथुन मनहास जब 2021 में जम्मू कश्मीर क्रिकेट संघ (जेकेसीए) के प्रबंधन से जुड़े तो उन्हें एक ऐसी संस्था में चीजों को ठीक करना पड़ा जो कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के आरोपों से जूझ रहा थी।मनहास ने कहा, %जब मैंने प्रशासक का पद संभाला था, तब यह इतना आसान नहीं था। बीसीसीआई के तत्कालीन सचिव जय शाह ने मुझे पूरी छूट दी थी और कहा था कि जम्मू कश्मीर की क्रिकेट को पटरी पर लाने के लिए जो भी जरूरी हो, वह करो।% मनहास ने कहा, %मैं टीवी पर मैच देख रहा था। मोहम्मद शमी और आकाश दीप जैसे खिलाड़ियों वाली बंगाल की टीम को हराना बहुत बड़ी उपलब्धि है। मेरे अंदर का क्रिकेटर भावुक है क्योंकि मैंने अपना प्रथम श्रेणी का करियर वहीं समाप्त किया और राज्य इकाई के साथ भी काम किया। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस केंद्र शासित प्रदेश की क्रिकेट टीम के पहली बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचने को उल्लेखनीय उपलब्धि करार देते हुए बुधवार को खिलाड़ियों को बधाई दी। उमर ने जम्मू कश्मीर की जनता की तरफ से भी टीम को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि इस क्षेत्र के क्रिकेटर जल्द ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे। उन्होंने पत्रकारों से कहा, मैं अपनी तरफ से और जम्मू कश्मीर के लोगों की तरफ से हमारी क्रिकेट टीम को हार्दिक बधाई देता हूं। मुझे उम्मीद है कि वह दिन दूर नहीं जब हम जम्मू कश्मीर के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देखेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में टीम की प्रगति निरंतर कड़ी मेहनत, अनुशासन, कोचिंग और सहायक स्टाफ के मार्गदर्शन को दर्शाती है। जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम को इस उपलब्धि पर एलजी मनोज सिन्हा और उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी और पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने बधाई दी है। मनोज सिन्हा के कार्यालय के आधिकारिक एक्स अकाउंट ने उनके हवाले से लिखा, रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में शानदार जीत के लिए जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम को बधाई। अपने जम्मू-कश्मीर के खेल इतिहास में एक नया सुनहरा अध्याय लिखा है।

## अदिति हुंडिया से शादी करेंगे ईशान किशन? अटकलों पर मां सुचित्रा देवी का बयान



**मुंबई।** ईशान किशन ने टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ 77 रन की शानदार पारी खेलकर भारत को जीत दिलाई। उनके दादा के बयान से मॉडल अदिति हुंडिया संग शादी की अफवाहें उड़ीं, लेकिन मां सुचित्रा देवी ने इन खबरों को खारिज करते हुए कहा कि फिलहाल ईशान का ध्यान सिर्फ क्रिकेट पर है।

टी20 विश्वकप 2026 में पाकिस्तान के खिलाफ तूफानी पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले ईशान किशन इन दिनों अलग वजह से चर्चा में हैं। वजह है उनके और अदिति हुंडिया के रिलेशनशिप की अटकलें। वैसे तो रूमर्स काफी पहले से चल रहे थे कि ईशान और अदिति रिलेशनशिप में हैं, लेकिन हाल फिलहाल में इस बात की पुष्टि हुई है।

ऐसे में अब चर्चा इस बात की शुरू हो चुकी है कि क्यों दोनों शादी करेंगे। इन अटकलों पर अब ईशान किशन की मां सुचित्रा देवी का बयान आया है।

ईशान ने 15 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर सुर्खियां बटोरीं। बाएं हाथ के इस ओपनर ने 40 गेंदों पर 77 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर भारत को बड़ी जीत दिलाई। उनकी इस मैच जिताऊ पारी की बदौलत भारत ने 61 रन से मुकाबला अपने नाम किया। ईशान ने न सिर्फ बल्ले से कमाल दिखाया, बल्कि विकेट के पीछे भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने उस्मान खान को स्टंप आउट कर मैच का रुख पूरी तरह भारत की ओर मोड़ दिया।

मैच के बाद जहां हर ओर उनकी बल्लेबाजी की चर्चा हो रही थी, वहीं उनके निजी जीवन को लेकर भी खबरें सामने आने लगीं। ईशान के दादा अनुराग पांडेय ने मॉडल अदिति हुंडिया के साथ उनके रिश्ते की पुष्टि कर दी। उन्होंने कहा, जो भी ईशान शादी के लिए चुनेगा, हमें पूरी तरह स्वीकार है। अदिति उसकी गर्लफ्रेंड है। वह एक मॉडल है। बच्चों की खुशी को स्वीकार करना चाहिए। दादा के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर ईशान और अदिति की शादी की अटकलें तेज हो गईं।

हालांकि, जल्द शादी की अफवाहों पर ईशान की मां सुचित्रा देवी ने स्पष्ट रूप से विराम लगा दिया। उन्होंने कहा, अभी शादी की बात नहीं है, यह उसके क्रिकेट खेलने का समय है। वह अभी इतना बड़ा नहीं हुआ है कि शादी की बात की जाए। दादा जी थोड़े उम्रदराज हो गए हैं। बुजुर्ग लोग थोड़ा उत्साहित हो जाते हैं। सोशल मीडिया पर जो देखा, उसी के आधार पर उन्होंने यह सब कहा। उनके इस बयान से साफ हो गया कि फिलहाल परिवार की प्राथमिकता ईशान का क्रिकेट करियर है।

## वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन के बाद अलीबाग के लिए रवाना अनुष्का शर्मा और विराट



**मुंबई।** क्रिकेटर विराट कोहली और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा अक्सर वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन के लिए आते हैं। कल मंगलवार 17 फरवरी को इस चर्चित जोड़ी को प्रेमानंद महाराज के आश्रम में देखा गया। दोनों ने वहां आम श्रद्धालुओं की तरह जमीन पर बैठकर सत्संग सुना। आज बुधवार 18 फरवरी को अनुष्का और विराट अलीबाग के लिए रवाना हो गए हैं। मंगलवार को अनुष्का शर्मा और विराट कोहली को संत प्रेमानंद जी महाराज के वृंदावन स्थित आश्रम में देखा गया था। वहीं, आज इस जोड़ी को उनके अलीबाग फार्महाउस की ओर जाते हुए देखा गया। मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया पर दोनों को स्पॉट किया गया।

इनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अनुष्का ब्लैक ट्राउजर, व्हाइट शर्ट और ग्रीन स्वेटर में नजर आईं। वहीं, विराट कोहली ओवरशर्ट के साथ टी-शर्ट पहने दिखे। अनुष्का और विराट जब गुजरे तो उनकी एक झलक के लिए फैंस की भीड़ जुट गई। अनुष्का शर्मा और विराट को वृंदावन में प्रेमानंद महाराज से मिलने जाने के एक दिन बाद सार्वजनिक रूप से देखा गया है। बीते दिन की उनकी वृंदावन के संत के आश्रम से वायरल हुई तस्वीरों और वीडियो में दोनों को पूरे भक्ति भाव में डूबकर सत्संग में हिस्सा लेते देखा गया। वे आम श्रद्धालु की तरह ही दूसरे भक्तों के बीच जमीन पर बैठे। इस दौरान वे काफी शांत और भक्ति में लीन नजर आए। बता दें कि अनुष्का और विराट पहले भी कई बार प्रेमानंद महाराज से मिलने वृंदावन जा चुके हैं। वे अक्सर आध्यात्मिक मार्गदर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए ब्रज की यात्रा करते हैं। इससे पहले कपल दिसंबर में वृंदावन गए थे, जहां उन्होंने प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की थी।

## ईडी ने मलयालम अभिनेता जयसूर्या की 39 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क की

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत लोकप्रिय मलयालम अभिनेता जयसूर्या की 39 लाख रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, आधिकारिक सूत्रों ने आज बुधवार को यह जानकारी दी। एक्टर और उनकी पत्नी से दिसंबर 2025 में फेडरल जांच एजेंसी ने सेव बॉक्स नाम के एक ऑनलाइन बोली एप्लीकेशन के जरिए कुछ लोगों के साथ कथित धोखाधड़ी के मामले में पूछताछ की थी। बताया जा रहा है कि इस कथित इन्वेस्टमेंट स्कीम को स्वाति रहीम नामक शख्स ने चलाया। सूत्रों ने बताया कि ईडी की यह जांच त्रिशूर ईस्ट पुलिस की तरफ से दर्ज कम से कम चार एफआईआर से जुड़ी है।

## ‘मजबूत महिलाओं से पुरुषों को होती है परेशानी’, बरुण सोबती ने ओटीटी को बताया गेम चेंजर

**भूमिका**

« बरुण सोबती ‘कोहरा’ के पहले सीजन में भी प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। उनका किरदार दूसरे सीजन में भी उतना ही प्रमुख है।



**मुंबई।** ‘कोहरा’ और ‘असुर’ जैसी सीरीज से सुर्खियां बटोरने वाले अभिनेता बरुण सोबती ने महिलाओं को लेकर पुरुषों की सोच के बारे में बात की है। जानिए एक्टर ने क्यों पुरुषों को बताया इनसिक्योर... अभिनेता बरुण सोबती हाल ही में नेटफ्लिक्स की सीरीज ‘कोहरा’ के दूसरे सीजन में नजर आए हैं। सीरीज में उनके काम को काफी पसंद किया गया है। अब अभिनेता ने इंडस्ट्री में महिलाओं को लेकर बन रही फिल्मों और काम पर बात की। साथ ही उन्होंने पुरुषों के अधिकार को लेकर पुरुषों की इनसिक्योरिटी को लेकर बात करते हुए इसे एक आम समस्या बताया है।

हिंदुस्तान टाइम्स से बात करते हुए बरुण ने ‘कोहरा 2’ को लेकर कहा कि सीरीज में दिखाया गया शक्ति समीकरण प्रोफेशनल जीवन में लोगों की असल सोच को दिखाता है। उन्होंने कहा कि यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप किस परिवार में पले-बढ़े हैं। लेकिन हां, यह एक आम धारणा है और हम इसे नकार नहीं सकते। स्पष्ट है कि पुरुषों को मजबूत महिलाओं से परेशानी होती है। उनसे आदेश लेना आज भी एक बड़ी बात है। यहां तक कि जब कोई महिला किसी बहस में अपनी बात मजबूती से रखती है, तो मैंने पुरुषों को असहज होते देखा है। मैं सभी पुरुषों की बात नहीं कर रहा हूं, लेकिन ज्यादातर मामलों में ऐसा ही होता है। अपने करियर में ओटीटी की महत्ता पर बात करते हुए एक्टर ने कहा कि ओटीटी शो के सफल होने के बाद चीजें बदल गई। इसकी शुरुआत असुर से हुई। वह लोकप्रिय था, लेकिन कोहरा के साथ बात बदल गई। कुछ शो आम लोग देखते हैं और कुछ शो सिर्फ इंडस्ट्री के लोग देखते हैं।कोहरा को इंडस्ट्री के लोग देखते थे और तभी से मुझे ज्यादा काम मिलने लगा। स्ट्रीमिंग कंटेंट ने कई अभिनेताओं के लिए अवसर पैदा किए हैं। कोहरा ने मुझे एक नई पहचान दिलाई है।

बरुण सोबती ‘कोहरा’ के पहले सीजन में भी प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। उनका किरदार दूसरे सीजन में भी उतना ही प्रमुख है। इस बार वो मोना सिंह के साथ प्रमुख भूमिका में हैं। सीरीज में दिखाया गया है कि मोना सिंह के किरदार से ऑर्डर लेने में उन्हें असहजता महसूस होती है, क्योंकि एक महिला उनकी बॉस है। ‘कोहरा’ के अलावा बरुण ‘असुर’ के दोनों सीजन में भी अहम भूमिका में नजर आए हैं।

# क्या नव्या नवेली पर था नाना की विरासत को आगे बढ़ाने का दबाव



**मुंबई।** अमिताभ बच्चन की नातिन होने के बावजूद नव्या नवेली नंदा ने कभी भी फिल्मों की ओर अपना रुख नहीं किया। अब उन्होंने बताया कि क्या उन पर कभी इस बात को लेकर कोई दबाव था या नहीं?

महानायक अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा बॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित फिल्मी घराने से आने के बावजूद एक्टिंग की दुनिया से दूर हैं। नव्या का कहना है कि बच्चन परिवार की नातिन होने के बावजूद उन्होंने कभी भी अभिनय की दुनिया में कदम रखने के लिए कोई दबाव महसूस नहीं किया। उन्होंने कहा कि परिवार में सभी अपने निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं।

वैरायटी इंडिया के साथ बातचीत के दौरान नव्या नवेली ने स्पष्ट किया कि घर में इतने दिग्गज कलाकार होने के बावजूद उन पर कभी भी एक्टिंग को लेकर दबाव नहीं बनाया गया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मेरा परिवार हमेशा से सभी को अपने स्वतंत्र निर्णय लेने में सहायक रहा है, खासकर जब बात उनके करियर की हो। इसलिए परिवार के किसी विशेष पक्ष या विरासत से जुड़ने का कभी कोई दबाव नहीं था।

नव्या ने बताया कि उनकी रुचि हमेशा से एंटरप्रेन्योरशिप की ओर रही है। मुझे लगता है कि मैंने बचपन में हमेशा मेरे पिता (बिजनेसमैन निखिल नंदा) को काम करते देखा। मेरी दादी, बुआ और मां (श्वेता बच्चन नंदा) को अपना खुद का व्यवसाय शुरू करते देखना ही मेरे लिए प्रेरणा और उत्साह का जरिया रहा है। यही वो चीज थी जिसने मुझे बचपन में प्रेरित और उत्साहित किया। बहुत छोटी उम्र से ही मेरे मन में यह बात साफ थी कि मैं अपने करियर में इसी लाइन को चुनूंगी और इसी दिशा में आगे बढ़ूंगी।

अपने लिए सफलता का अर्थ बताते हुए नव्या ने कहा, ‘मुझे लगता है कि यह शायद एक ऐसा सवाल है जिससे हम सभी जूझते हैं, कि सफलता का असली अर्थ क्या है? मैं डेवलपमेंट सेक्टर में काम करती हूं और मेरे लिए उपलब्धि या सफलता कोई बड़ी संख्या नहीं है।

## मलयालम फिल्म ‘लोका 2’ की स्क्रिप्ट पर कल्याणी प्रियदर्शन ने दिया बड़ा अपडेट



**मुंबई।** मलयालम फिल्म ‘लोका चैप्टर 1’ का दूसरा पार्ट भी जल्द बनेगा। इस बारे में हाल ही में एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने जानकारी साझा की है। जानिए, कब शुरू होगी, इस फिल्म की शूटिंग?

पिछले साल मलयालम फिल्म ‘लोका चैप्टर 1’ ने दर्शकों को हैरान किया। फिल्म की कहानी वुमन सुपरहीरो चंद्रा पर थी। बॉक्स ऑफिस पर भी इसने कमाल का कलेक्शन किया। अब इसका दूसरा पार्ट भी बनने वाला है। फिल्म को लेकर लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने अपडेट दिया है।

हाल ही में एक इवेंट में कल्याणी प्रियदर्शन शामिल हुईं। इस दौरान ही एक्ट्रेस ने ‘लोका 2’ को लेकर बात की। वह कहती हैं, ‘फिल्म ‘लोका 2’ की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि शूटिंग सितंबर से शुरू होगी। मैं फिल्म का हिस्सा हूं। आप फिल्म का इंतजार करें।

मलयालम फिल्म ‘लोका’ एक वुमन सुपरहीरो की कहानी थी। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर होती हैं। वह बेंगलुरु में रहने आती है और असहाय पुरुष और महिलाओं को मुश्किलों से बचाती है। वह उड़ सकती है, उसके पास लड़ने की असीम क्षमता, ताकत है। इस फिल्म का एक्शन, ड्रामा दर्शकों को पसंद आया है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छाई कमाई की थी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार फिल्म ‘लोका’ का बजट 33 करोड़ रुपये है। इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ग्रास 183.96 करोड़ रुपये कमाए थे। इस फिल्म को कई एक्ट्रेस से सराहा। इस पहली वुमन सुपरहीरो मूवी कहा।

## ‘कोर्ट के हर आदेश का सम्मान’, राजपाल यादव ने मदद करने वालों का जताया आभार



**मुंबई।** चेक बाउंस मामले में मुश्किलों का सामना कर रहे अभिनेता राजपाल यादव लगभग 11 दिन जेल में बिताने के बाद अब बाहर आ गए हैं। हाई कोर्ट द्वारा सजा निलंबित किए जाने के बाद अभिनेता राजपाल यादव ने जेल से बाहर आने के बाद अपने समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने जल्द ही एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले से जुड़े सवालों के जवाब देने की भी बात कही। मीडिया से बात करते हुए राजपाल यादव ने लोगों से मिल रहे समर्थन के लिए आभार जताया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस मामले में जितनी भी कानूनी बातें हैं, उनके बारे में हमारे वकील भास्कर उपाध्याय ही जानकारी रख रहे हैं।

चूंकि मामला अभी कोर्ट में है, इसलिए मैं इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दूंगा। मैं हाईकोर्ट के हर आदेश का सम्मान करता हूं। मैं जल्द ही इस मामले पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करूंगा, जिसमें इस मामले से जुड़े जितने भी सवाल हैं, उनका जवाब देने का प्रयास करूंगा। राजपाल यादव ने इस मुश्किल वक्त में उनका साथ देने के लिए और उनकी मदद करने वाले सभी लोगों का दिल से आभार जताया। उन्होंने कहा कि कई लोग ऐसे भी हैं, जो सोशल मीडिया पर नहीं आए हैं, लेकिन उन्होंने भी मेरी मदद की है। उनका भी मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। साथ ही उन्होंने इंडस्ट्री का भी आभार जताया।

2010 के चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव ने 5 फरवरी को तिहाड़ जेल में सरेंडर किया था।

इसके बाद सोमवार 16 फरवरी को दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्हें अंतरिम बेल देते हुए जेल से बाहर आने का निर्देश दिया था। इसके अगले दिन यानी 17 फरवरी को राजपाल यादव लगभग 11 दिन जेल में बिताने के बाद बाहर आए। वो 9 करोड़ रुपए का कर्ज न चुका पाने के मामले में जेल गए थे।

## एआई समिट में शामिल होने दिल्ली पहुंचे ब्राजील के राष्ट्रपति

**बैठक**

**एमईए ने उनकी यात्रा के दौरान होने वाली अहम बैठक का भी जिक्र किया।**



**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। वह यहां इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हिस्सा लेने आए हैं। दिल्ली पहुंचने पर उनका स्वागत विदेश राज्य मंत्री पवित्रा मार्गेरिटा ने किया। एयरपोर्ट पर उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा पांच दिवसीय भारत दौरे पर बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनका स्वागत विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने किया।विदेश विभाग ने आधिकारिक एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी दी। बताया ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा, राजकीय दौरे पर नई दिल्ली आए हैं। उनका विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने स्वागत किया। एमईए ने उनकी यात्रा के दौरान होने वाली अहम बैठक का भी जिक्र किया। आगे लिखा कि इस दौरे के दौरान राष्ट्रपति लूला इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेंगे और फिर पीएम नरेंद्र मोदी संग द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। मंत्रालय ने इस दौरे को दोनों देशों की साझेदारी को मजबूत करने वाला करार दिया है। इस एक्स पोस्ट में आगे लिखा है, भारत और ब्राजील के बीच करीबी और कई तरह के रिश्ते हैं। ये रिश्ते, जो रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचे हैं, दरअसल, एक समान ग्लोबल विजन, लोकतांत्रिक मूल्यों और समावेशी विकास की प्रतिबद्धता में ही निहित हैं। राष्ट्रपति लूला की यात्रा से भारत-ब्राजील साझेदारी को जबरदस्त रफ्तार मिलेगी। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा 18 से 22 फरवरी तक भारत में रहेंगे। यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रहा है। इस बार राष्ट्रपति लूला अपने साथ सैकड़ों कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल लेकर पहुंचे हैं।

भारत पहुंचने के बाद राष्ट्रपति लूला 19 और 20 फरवरी को नई दिल्ली में हो रहे दूसरे एआई इम्पैक्ट समिट में हिस्सा लेंगे। उन्होंने भारत रवाना होते समय पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वे इस समिट में भाग लेंगे और भारत के साथ नए अवसरों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि 2025 में भारत और ब्राजील के बीच व्यापार 15 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा ÷दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं का समीक्षा करेंगे।

## 640 करोड़ रुपये का साइबर घोटाला



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 640 करोड़ रुपये के साइबर घोटाले में हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है और आरोपी सीए की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में आरोपियों से पूछताछ जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 640 करोड़ रुपये के साइबर घोटाले से जुड़े मामले में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) को अग्रिम जमानत देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। जस्टिस एमएम सुंदरेश और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा जिसमें सीए भास्कर यादव को अग्रिम जमानत देने से मना कर दिया गया था और उन्हें 10 दिनों में सरेंडर करने का निर्देश दिया गया था। हाई कोर्ट ने 2 फरवरी को यादव और अशोक कुमार शर्मा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थीं। फैसले में हाई कोर्ट ने कहा था कि यह मनी लॉन्ड्रिंग का एक पेचीदा जाल है, और ईडी द्वारा दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की जरूरत गलत नहीं है। अदालत ने कहा, यह सिर्फ क्रिप्टोकरेंसी में डील करने का मामला नहीं है। यह पैसे के मूवमेंट का एक बड़ा और पेचीदा जाल दिखाता है, जो भोले-भाले निवेशकों की जेब से धोखे से निकाला गया है। हाई कोर्ट ने कहा था कि व्यक्तिगत आजादी सबसे जरूरी है, लेकिन वे देश की अर्थव्यवस्था के बड़े हित में सही पूछताछ करने की जरूरत को नजरअंदाज नहीं कर सकते। इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की दो FIR से शुरू हुई है। ये एफआईआर जुए, सट्टे और पार्ट-टाइम जॉब और फिशिंग स्कैम से हुए 640 करोड़ रुपये के साइबर घोटाले के आरोपों की जांच के लिए दर्ज की गई थीं। लोगों का पैसा 5,000 से ज़्यादा भारतीय बैंक अकाउंट के जरिए ठगा गया और बाद में यूएई के पेमेंट प्लेटफॉर्म PYYPL पर अपलोड कर दिया गया।

# योग्य मतदाताओं को शामिल करना ही उद्देश्यः ज्ञानेश कुमार




**गुवाहाटी।** असम में एसआर को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि इसका उद्देश्य केवल योग्य मतदाताओं को शामिल करना और अयोग्य को बाहर करना था। चुनाव तैयारियों में ईवीएम पर रंगीन फोटो और 1200 मतदाता सीमा जैसी नई व्यवस्था लागू होगी। असम में चल रही विशेष पुनरीक्षण (स्क्र) प्रक्रिया को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि असम में कराए गए विशेष पुनरीक्षण का उद्देश्य केवल यह सुनिश्चित करना था कि सभी पात्र मतदाता सूची में शामिल हों और अपात्र नामों को हटाया जाए। तीन दिवसीय दौरे के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि चुनाव से पहले मतदाता सूची का पुनरीक्षण कानूनन अनिवार्य है। असम में यह प्रक्रिया इसलिए कराई गई क्योंकि यह देश का एकमात्र राज्य है जहां राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (ह्रञ्ज) की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। चुनाव तिथियों के निर्धारण पर पूछे गए सवाल के जवाब में ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बीहू असम का अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। इसलिए समीक्षा बैठकों के दौरान विभिन्न पक्षों से प्राप्त सुझावों और प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने संकेत दिया कि चुनाव कार्यक्रम तय करते समय राज्य की सांस्कृतिक और सामाजिक परिस्थितियों को ध्यान में रखा जाएगा। ज्ञानेश कुमार के मुताबिक, आयोग की प्राथमिकता स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुचारु चुनाव कराना है, लेकिन इसके साथ ही स्थानीय परंपराओं और जनभावनाओं का सम्मान करना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी पक्षों से प्राप्त सुझावों का मूल्यांकन कर संतुलित और व्यावहारिक चुनाव कार्यक्रम घोषित किया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने स्पष्ट किया कि चुनावी नियमों के अनुसार मतदान से पहले मतदाता सूची का अद्यतन जरूरी है। इसी के तहत 12 राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण कराया गया, जबकि असम में विशेष पुनरीक्षण आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया सफल रही है। राज्य के सभी जिलों से कुल लगभग 500 लोगों ने ही अपने नाम जोड़ने या किसी अन्य नाम को हटाने के लिए अपील दायर की है, जो इस बात का संकेत है कि सूची काफी हद तक सटीक है। मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी तीन दिवसीय दौरे पर असम आए थे। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

## मुस्लिम आरक्षण रद्द करने पर महाराष्ट्र में सियासी संग्राम



**मुंबई** महाराष्ट्र में मुस्लिमों के पांच प्रतिशत आरक्षण पर 12 साल पुराना विवाद फिर चर्चा में है। सामाजिक न्याय विभाग के ताजा आदेश के बाद कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने देवेंद्र फडणवीस सरकार पर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का आरोप लगाया, जिससे राज्य की सियासत गरमा गई है। महाराष्ट्र में मुस्लिम समुदाय को मिलने वाला पांच प्रतिशत आरक्षण एक बार फिर सियासी बहस के केंद्र में है। ऐसे में अब इस मामले में मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने राज्य की भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आरक्षण रद्द करने का फैसला सामाजिक न्याय और समान अवसरों की भावना के खिलाफ है। बुधवार को उन्होंने कहा कि भाजपा की अगुवाई वाली सरकार की तरफ से मुस्लिम समुदाय को मिलने वाला पांच प्रतिशत आरक्षण रद्द करना लोकतंत्र के लिए हानिकारक है। उनका कहना है कि इस फैसले से मुस्लिम समाज मुख्यधारा से दूर हो सकता है। बता दें कि इस मामले में सियासी संग्राम की शुरुआत तब हुई जब मंगलवार देर रात महाराष्ट्र सरकार के सामाजिक न्याय विभाग की तरफ से मंगलवार देर रात जारी इस आदेश के मुताबिक अब मुस्लिम समुदाय के लोगों को पांच फीसदी आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। हालांकि, कानूनी रूप से यह आदेश करीब एक दशक से अमान्य था, लेकिन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार के आदेश पर नए सिरे से चर्चा शुरू हो गई है।

मुंबई नॉर्थ-सेंट्रल से सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि सरकार ने हाईकोर्ट के अंतरिम स्थगन आदेश और अध्यादेश की अवधि समाप्त होने का हवाला देकर पहले की प्रक्रिया को ही रद्द कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ भाजपा 'सबका साथ, सबका विकास' की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ आरक्षण से जुड़े जरूरी दस्तावेजों और प्रक्रियाओं को आगे नहीं बढ़ने देती। इस दौरान गायकवाड़ ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अदालत ने मुस्लिम समुदाय को शिक्षा में 5 प्रतिशत आरक्षण को बरकरार रखा था, लेकिन राज्य सरकार ने इसे पूरी तरह लागू नहीं किया।

# अभिषेक बनर्जी ने चुनाव आयोग पर साधा निशाना



**नई दिल्ली।** टीएमसी के वरिष्ठ नेता ने बुधवार को चुनाव आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर अभ्यास के दौरान सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अवहेलना किया जा रहा है। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला?

पश्चिम बंगाल में कुछ महीनों में चुनाव होने वाले हैं। इसी बीच टीएमसी के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को चुनाव आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर अभ्यास के दौरान सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अवहेलना किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव अधिकारी व्हाट्सएप के माध्यम से अपने अधीनस्थों को निर्देश जारी कर रहे हैं। उन्होंने एक्स पर व्हाट्सएप ग्रुप चैट के कथित स्क्रीनशॉट साझा किया। इसके साथ ही बनर्जी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार पारदर्शिता, उचित प्रक्रिया और संचार के आधिकारिक चैनलों के पालन पर जोर दिया है। ÷फिर भी हम देख रहे हैं कि निर्देश औपचारिक, पता लगाने योग्य और जवाबदेह तंत्रों के बजाय व्हाट्सएप के माध्यम से प्रसारित किए जा रहे हैं।÷उन्होंने स्पेशल रोल ऑब्जर्वर सी मुरुगन द्वारा सीधे माइक्रो ऑब्जर्वरों को भेजे गए निर्देशों पर भी सवाल उठाया। उन्होंने पूछा, इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि विशेष रोल ऑब्जर्वर सी. मुरुगन द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप में माइक्रो ऑब्जर्वरों को सीधे जन्म प्रमाण पत्रों की स्वीकार्यता के संबंध में निर्देश जारी करने की विश्वसनीय रिपोर्टें हैं, ताकि हटाए गए प्रमाण पत्रों की संख्या को बढ़ाया जा सके। क्या मुझे चुनाव आयोग को सर्वोच्च न्यायालय के उस स्पष्ट निर्देश की याद दिलाने की आवश्यकता है कि माइक्रो ऑब्जर्वरों की भूमिका केवल सहायक ही रहनी चाहिए?

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बनर्जी ने सवाल उठाया कि वैधानिक प्रक्रिया को क्यों नजरअंदाज किया जा रहा है। यह किसके निर्देशों पर किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विशिष्ट जिलों से जुड़े रोल ऑब्जर्वर के लॉगिन क्रेडेंशियल कोलकाता से केंद्रीय रूप से प्राप्त किए जा रहे थे। उनका दुरुपयोग किया जा रहा था। उन्होंने दावा किया, ÷लॉगिन डेटा का दुरुपयोग करके क्वेरी जेनरेट की जा रही हैं। दिल्ली में ईसीआई के राजनीतिक आकाओं के निर्देश पर एक विशेष समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। यदि इस मामले की स्वतंत्र रूप से जांच की जाए, तो यह साबित हो जाएगा कि लॉगिन डिवाइस का टावर लोकेशन और आईपी एड्रेस संबंधित रोल ऑब्जर्वर के वास्तविक लोकेशन से भिन्न हैं। टीएमसी नेता ने कहा कि उनकी पार्टी इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में उठाएगी। कोर्ट एसआईआर अभ्यास के खिलाफ कई याचिकाओं की सुनवाई कर रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा दायर एक याचिका भी शामिल है। उन्होंने कहा, ÷चुनाव आयोग को जनता के भरोसे से वैधता मिलती है। न कि राजनीतिक संरक्षण से। हम इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय में ले जाएंगे। इसके अलावा, दिल्ली के जमींदारों के साथ गठबंधन करने वाले या उनके इशारे पर काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को सख्त और कठोर कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

## चीन में पटाखा फैक्टरी में लगी आग, 12 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** चीन में एक पटाखा फैक्टरी में आग लगने की घटना सामने आई है। इस घटना में 12 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। तीन दिन आतिशबाजी के चलते हुआ यह तीसरा बड़ा हादसा है। चीन के हुबेई राज्य में आज एक पटाखों की दुकान में आग की घटना सामने आई है। इस धमाके में 12 लोगों की मौत हो गई, सरकारी मीडिया ने बताया कि यह देश में लूनर नए साल के जश्न के दौरान हुआ दूसरा धमाका है। चीन में पटाखे लूनर नए साल मनाने का एक बड़ा हिस्सा हैं, लेकिन इनके इस्तेमाल से कई हादसे भी हुए हैं। रविवार को, पूर्वी जिआंग्सू राज्य में एक पटाखों की दुकान में हुए एक और हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा था कि एक निवासी ने दुकान के पास पटाखे जलाए थे।

## अमेरिकी संसद भवन की तरफ हथियार लेकर दौड़ा 18 वर्ष का किशोर



**नई दिल्ली।** अमेरिकी संसद भवन की ओर लोडेड शॉटगन लेकर बढ़ रहे 18 वर्षीय युवक को कैपिटल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। संदिग्ध के पास टैक्टिकल गियर और अतिरिक्त गोला-बारूद भी मिला। अमेरिकी संसद भवन (यूएस कैपिटल) की सुरक्षा में उस समय हलचल मच गई जब एक 18 वर्षीय युवक लोडेड शॉटगन के साथ इमारत की ओर बढ़ता हुआ पाया गया। यूनाइटेड स्टेट्स कैपिटल पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत उसे घेरकर गिरफ्तार कर लिया। त्वरित कार्रवाई के चलते घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान जॉर्जिया के स्मिर्ना निवासी कार्टर कामाचो के रूप में हुई है। वह मंगलवार दोपहर कैपिटल के लोअर वेस्ट टेरेस की दिशा में हथियार लेकर जा रहा था, तभी ड्यूटी पर मौजूद अधिकारियों की नजर उस पर पड़ गई। अधिकारियों ने उसे रोकते हुए हथियार नीचे रखने और जमीन पर लेटने का आदेश दिया, जिसका उसने पालन किया और उसे बिना किसी प्रतिरोध के हिरासत में ले लिया गया। कैपिटल पुलिस प्रमुख माइकल सुलिवन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आरोपी कैपिटल की सीढ़ियों के आधार तक पहुंच गया था, इससे पहले कि उसे पकड़ा गया। मुठभेड़ के दौरान अधिकारियों ने एहतियातन अपने हथियार भी निकाल लिए थे। जांच में पता चला कि आरोपी एक सफेद मर्सिडीज-बेंज एसयूवी से मैरीलैंड एवेन्यू साउथवेस्ट के 100 ब्लॉक तक आया था और वहीं से शॉटगन लेकर बाहर निकला। वाहन से केव्लर हेलमेट, गैस मास्क और अतिरिक्त गोला-बारूद भी बरामद हुआ है। पुलिस ने यह भी बताया कि वाहन आरोपी के नाम पर पंजीकृत नहीं था। अधिकारियों के मुताबिक, संदिग्ध टैक्टिकल वेस्ट और टैक्टिकल ग्लव्स पहने हुए था और उसके पास कई राउंड गोलियां भी थीं।

उसे गैरकानूनी गतिविधियों, बिना लाइसेंस राइफल रखने, अपंजीकृत हथियार और अपंजीकृत गोला-बारूद रखने जैसे आरोपों में चार्ज किया गया है। फिलहाल कैपिटल पुलिस की थ्रेट असेसमेंट यूनिट उसके मकसद की जांच कर रही है।

घटना के बाद इलाके में यातायात अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया और लोगों को उस क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने बताया कि नियमित सुरक्षा अभ्यास और एक्टिव थ्रेट ड्रिल्स की वजह से पुलिस की प्रतिक्रिया तेज और प्रभावी रही। वहीं, पुलिस ने स्पष्ट किया कि इस घटना का आगामी स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन की सुरक्षा व्यवस्था पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

## यूएस ने 24 घंटे में पश्चिम एशिया भेजे 50 से ज्यादा लड़ाकू विमान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लगातार गहराता जा रहा है। दोनों देशों के बीच जिनेवा में बातचीत भी जारी है, लेकिन इसके बाद भी तनाव बना हुआ है। अब अमेरिका ने ईरान में अपनी सैन्य तैनाती बढ़ा दी है तो ईरान के सर्वोच्च नेता ने भी अमेरिका को धमकी दी है। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव गहराता जा रहा है। पहले खबर आई कि अमेरिका ने अपने दो युद्धपोत पश्चिम एशिया में तैनात किए हैं। जिसके बाद आशंका हुई कि अमेरिका, ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई कर सकता है। अब खबर आई है कि अमेरिका ने बीते 24 घंटे में 50 से ज्यादा लड़ाकू विमान पश्चिम एशिया भेजे हैं। इसे अमेरिका द्वारा ईरान के आसपास अपनी नौसैन्य और वायु सेना की तैनाती बढ़ाने के तौर पर देखा जा रहा है।

# भारतीय समकक्ष के दौरे का बेसब्री से इंतजार, मजबूत होंगे संबंधः जोनास



**नॉर्वे।** नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर पीएम मोदी के यात्रा को लेकर उत्साहित है। ओस्लो में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात में भारत की सुधार प्रगति की सराहना की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साल के अंत में नॉर्वे की यात्रा कर सकते हैं। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर ने कहा कि वे इस साल के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। इस यात्रा में द्विपक्षीय सहयोग का और विस्तार होगा। ओस्लो में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात के दौरान स्टोर ने भारत की सुधार संबंधी प्रगति की सराहना की। वहीं, उन्होंने कहा कि नॉर्वे और भारत मत्स्य पालन, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी, समुद्री और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने नॉर्वे में भारतीय प्रवासियों के योगदान की भी प्रशंसा की। वित्त मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, उन्होंने ईएफटीए और टीईपीए के संचालन पर भी चर्चा की। दोनों देशों के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों की रूपरेखा तैयार की, जिनमें उच्च-तकनीकी विनिर्माण, कार्बन कैप्चर स्टोरेज, स्टार्टअप, सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा और अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित क्षेत्र शामिल हैं। सीतारमण ने ओस्लो में व्यापार और उद्योग मंत्री सेसिली मैसरेथ और यहां तक कि मत्स्य पालन और महासागर नीति के राज्य सचिव ट्रॉनस्टैड सेजबक्कन से मुलाकात की। नेताओं ने हरित प्रौद्योगिकी, दुर्लभ पृथ्वी प्रसंस्करण, समुद्री और जहाजरानी उद्योग और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में गहरा सहयोग स्थापित करने और पारस्परिक अवसरों की खोज करने के तरीकों पर चर्चा की।विशेष रूप से भारत के ईएफटीए और टीईपीए समझौतों के संदर्भ में। मैसरेथ ने बताया कि वह और उनकी टीम इस साल के अंत में होने वाली प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। सचिव सेजबक्केन ने नॉर्वे के समुद्री उद्योग में भारत द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका का भी बात की। वित्त मंत्री ने कहा कि टीईपीए का प्रभावी संचालन दोनों पक्षों के लिए पारस्परिक लाभ को बढ़ावा देगा और वह इसके समय पर संचालन की प्रतीक्षा कर रही हैं।

सीतारामण ने ओस्लो में नॉर्वे के प्रमुख सीईओ और निवेशकों के साथ एक गोलमेज बैठक में भी भाग लिया। नॉर्वे के व्यापार और निवेश समुदाय के 35 से अधिक सीईओ और शीर्ष स्तर के प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि नॉर्वे की उनकी आधिकारिक यात्रा के दौरान भारत को एक निवेश गंतव्य और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में लेकर आकर्षक और सकारात्मक चर्चाएं हुईं।

## अमेरिका-ईरान बातचीत में तनाव

**जिनेवा।** अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की वार्ता का कोई नतीजा नहीं निकला। परमाणु मुद्दे को लेकर दोनों देशों के बीच जिनेवा परोक्ष रूप से वार्ता हुई। ईरानी मीडिया के अनुसार, ये बैठक करीब तीन घंटे चली। वहीं इस पर अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि ईरान राष्ट्रपति ट्रंप की शर्तें मानने को तैयार नहीं है। अमेरिका और ईरान के बीच चल रही कूटनीतिक बातचीत को लेकर ताजा बयान सामने आया है। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि ईरान अभी तक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से तय की गई मुख्य शर्तों को मानने के लिए तैयार नहीं है।अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने बताया कि जिनेवा में हुई बातचीत कुछ मायनों में ठीक रही, क्योंकि दोनों देशों ने आगे भी बैठक जारी रखने पर सहमति जताई है।

# भारत के विदेश सचिव ने की जमात-ए-इस्लामी के अमीर से मुलाकात



**ढाका।** भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने ढाका में बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री तारीक रहमान के शपथग्रहण समारोह के दौरान जमात-ए-इस्लामी के अमीर शफीकुर रहमान से शिष्टाचार मुलाकात की। मिस्री ने भारत-बांग्लादेश के लोगों के बीच मजबूत संबंधों को रेखांकित किया और निरंतर सहयोग का भरोसा दिया। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर जमात-ए-इस्लामी के अमीर डॉ. शफीकुर रहमान से शिष्टाचार भेंट की। यह जानकारी बांग्लादेश स्थित भारतीय उच्चायोग ने अपने आधिकारिक फेसबुक पोस्ट में दी। विदेश सचिव ने डॉ. रहमान को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं और बांग्लादेश के प्रति भारत के निरंतर समर्थन को दोहराया। उन्होंने दोनों देशों के संबंधों को जन-केंद्रित बताते हुए सहयोग को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। डॉ. शफीकुर रहमान ने भी दोनों देशों के बीच गहरे सभ्यतागत संबंधों का उल्लेख किया और द्विपक्षीय रिश्तों को और मजबूत करने की उम्मीद जताई।

इसी अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने प्रधानमंत्री तारिक रहमान से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं और भारत आने का निमंत्रण सौंपा। बिरला ने कहा कि भारत बांग्लादेश के लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी राष्ट्र निर्माण के प्रयासों में सहयोग के लिए तैयार है। बांग्लादेश के भारत में उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह ने ओम बिरला की यात्रा की सराहना की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि दोनों नेताओं ने दोनों देशों के लोगों के कल्याण के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पत्र में तारिक रहमान को भारत आने का आमंत्रण दिया और उनकी पत्नी जुबैदा रहमान तथा बेटी जाइमा को भी साथ आने का आग्रह किया। पत्र में उन्होंने बांग्लादेश की प्रगति और समृद्धि के लिए शुभकामनाएं दीं।

## 11 साल बाद अमेजन से निकाले गए भारतीय मूल के टेक मैनेजर




**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वॉशिंगटन में एक भारतीय मूल के टेक मैनेजर हेमंत विरमानी कंपनी से निकाले जाने के बाद नई शुरुआत कर रहे हैं।

उन्हें 11 साल नौकरी करने के बाद अचानक अमेजन कंपनी से निकाल दिया गया था। वे उस वक्त बेहद हताश थे, इस दौरान उनकी बेटी ने हिम्मत दी और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पढ़ें हेमंत की कहानी...

हेमंत विरमानी भारतीय मूल के एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर और टेक मैनेजर हैं, जो अमेरिका के वॉशिंगटन में रहते हैं। वे करीब 11.5 साल तक अमेजन में काम कर चुके थे। अक्तूबर 2025 में कंपनी की छंटनी में उनकी नौकरी चली गई, जिससे उनकी कहानी चर्चा में आ गई। हेमंत अमेजन में सीनियर मैनेजर, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के पद पर थे। उनकी जिम्मेदारी इंजीनियरिंग टीम को लीड करना और टेक्नोलॉजी की लंबी योजना बनाना थी। उनका काम खास तौर पर दुनिया भर में ऑनलाइन सामान बेचने की तकनीक को बेहतर बनाना था।

हेमंत ने बताया कि एक रात अचानक ईमेल आया कि उनकी नौकरी खत्म कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अमेजन उनकी जिंदगी का बड़ा हिस्सा बन चुका था, इसलिए यह खबर बहुत कठिन लगी।

बता दें कि, हेमंत ने बीआईटीएस पिलानी से सॉफ्टवेयर सिस्टम में मास्टर्स किया और दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (अब डीटीयू) से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। उन्होंने बताया कि इस मुश्किल समय में उनकी बेटी ने उन्हें हिम्मत दी और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

वे अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)सीख रहे हैं। एक छोटे एआई प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं ताकि नई स्किल मिल सके।

इसके साथ-साथ नई नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं और नेटवर्क बना रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे चिंता तो है, लेकिन हो सकता है यह मुश्किल आगे चलकर मेरे लिए अच्छा मौका साबित हो।

# सेनानियों की कुर्बानी को नहीं भुलाया जा सकता : जिलाध्यक्ष



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** बक्शा विकास खण्ड के मई गांव में बुधवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजाराम मिश्र का शहीद दिवस मनाया गया। मूर्ति स्थल पर मौजूद मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमोद के. सिंह सहित दर्जन भर लोगों ने राजाराम जी को नमन करते हुये उनके योगदान को याद किया।

इस मौके पर सिंह ने कहा कि सेनानियों की कुर्बानी को भुलाया नही जा सकता। हमें देश के इतिहास एवं शहीदों के इतिहास का जानकारी बच्चों को देनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष लालजी चौहान ने कहा कि कभी सोचिए की हमने देश को क्या दिया तब किसी की आलोचना करिए। आयोजक वरिष्ठ कांग्रेसी पूर्व उपाध्यक्ष देवराज पाण्डेय ने मई गांव निवासी शहीद राजाराम जी की गाथा सुनाते हुए कहा कि पड़ोसी गांव कर्तिहा में प्राथमिक विद्यालय से कक्षा 5 तक की पढ़ाई करते हुए अंग्रेजों की प्रताड़ना के किस्से सुनते हुये राजाराम युवा अवस्था में ही क्षेत्रीय लोगों के साथ मिलकर संगठन तैयार कर लिया था। निःसन्तान राजाराम जी की स्मारक गांव के ही विक्रमादित्य मिश्र ने बनवाया। जीर्ण-शीर्ण स्मारक के सुंदरीकरण का जिम्मा सेवानिवृत्त शिक्षक देवराज पाण्डेय ने क्षेत्रीय लोगों, सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी राधेश्याम गुप्ता आदि के सहयोग से मूर्ति का सुंदरीकरण कराया गया। इस दौरान सेनानी राजाराम जी की मूर्ति पर माल्यार्पण करके उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक ऊधो तिवारी ने किया। इस अवसर पर डा. प्रभात विक्रम सिंह, मिथिलेश मिश्र, इकबाल, तारिक, रामयश यादव, दयाराम यादव, ब्लाक अध्यक्ष बबलू गुप्ता, वेद प्रकाश शुक्ल, बच्चा उपाध्याय, दीपक निगम सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

इस दौरान प्राथमिक विद्यालय के सौ बच्चों को कॉपी, कलम सहित जरूरी सामान दिया गया। वहीं मुख्य अतिथि ने सेनानी परिवार के हिमांशू मिश्र, गीता देवी एवं मुद्रिका देवी को सम्मानित किया। अन्त में ग्राम प्रधान सुभाष चन्द्र ने समस्त लोगों के प्रति आभार जताया।

# सबा कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिक उत्सव धुमधाम से मनाया



**अवधनामा संवाददाता**

**मुबारकपुर/आजमगढ़।** मुबारकपुर के प्रसिद्ध सबा कॉन्वेंट स्कूल की दूसरी ब्रांच भटौरा के कैंपस में 22वां वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया द्य कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जैसे विद्या आश्रम , सेव द गर्ल , चन्द्रशेखर आज़ाद , जय जवान जी किसान ,कॉमेडी, महिला सशक्तिकरण, डानडी मार्च ,एजुकेशनल थीम ,सहित देश भक्ति गीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसको देख और सुन कर मुख्य अतिथियों और अभिभावकों का बच्चों ने दिल लिया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुबारकपुर थाना प्रभारी शशि मौली पांडे और विशिष्ट अतिथि मुबारकपुर कस्बा प्रभारी मुरारी मिश्रा रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि शशि मौली पांडे ने कहा की जिस तरह से यहाँ के बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई है मैं उन बच्चों को, गार्जियन और टीचर्स को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं... और साथ ही स्कूल के मैनेजर प्रिंसिपल को भी बधाई देता हूं। वहीँ सबा कॉन्वेंट स्कूल के मैनेजर अफ़रोज़ अहमद ने कहा की स्कूल की दूसरी ब्रांच भटौरा में 22वां वार्षिकोत्सव आयोजित की गया था जो बड़े ही धूमधाम से मनाया गया ! मैनजर अफ़रोज़ अहमद ने कहा की आज के कार्यक्रम में बच्चों ने बहुत शानदार प्रस्तुति पेश किया है मैं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ और साथ ही सभी अभिभावकों का धन्यवाद देता हूँ जो हमारे स्कूल के लिए उनका हमेशा सहयोग रहता है, उन्होंने ने अपने स्कूल के सभी टीचर्स और स्टाफ का आभार प्रकट किया।

## यमुना में कूदने के प्रयास कर रहे युवक को पीएसी के जवानों ने बचाया

**प्रयागराज।** यमुना में कूदने के प्रयास कर रहे युवक को 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद के बाढ़ राहत बी- दल के जवानों ने बचा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते सोमवार को समय लगभग 1500 बजे पाली प्रभारी पीसी दिनेश सिंह राणा के हमराह नए यमुना ब्रिज के नीचे हेड कांस्टेबल मनोज सिंह राणा, आरक्षी संजय कुमार, आरक्षी नितिन कुमार और क्यूआरटी ड्यूटी में नायक नितिन कुमार, आरक्षी हितेष कुमार, आरक्षी प्रशांत चौहान तथा मोबाइल ड्यूटी में आरक्षी आकिल अंसारी और आरक्षी प्रिंस जल पुलिस की ड्यूटी कर रहे थे। जहां पर छंगू पुत्र लल्लू सिंह जिसकी उम्र लगभग (27) निवासी चुंगी अलोपीबाग शास्त्री पुल थाना दारागंज प्रयागराज, नए यमुना ब्रिज पर पहुंचा और पुल से नदी में छलांग लगाने के इरादे से पुल की रेलिंग के ऊपर चढ़ा। जिसको उपरोक्त कर्मियों के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए लाउड हेलर द्वारा निर्देशित कर उसका ध्यान बंटाया गया और पीसी दिनेश सिंह राणा व हेड कांस्टेबल मनोज सिंह राणा के द्वारा पुल के ऊपर जाकर उसे पकड़ लिया गया। छंगू को उसी समय यमुना ब्रिज के नीचे ड्यूटीरत शेष कर्मियों द्वारा लगातार निगरानी की गई।

# जिलाधिकारी द्वारा बोर्ड परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परिषदीय बोर्ड परीक्षा-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकल विहीन संपादित कराए जाने के उद्देश्य से किसान आदर्श राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, प्रतापगंज में बनाए गए परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्र पर विभिन्न कक्षों का भ्रमण कर परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता, स्ट्रांग रूम की व्यवस्था तथा केंद्र पर तैनात कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने हेतु शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा नकल की शिकायत पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, प्रवेश द्वार पर सघन तलाशी लिए जाने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी एवं केंद्र व्यवस्थापक सहित अन्य उपस्थित रहे। इसी क्रम में परीक्षा को सकुशल संपादित कराने जाने हेतु लगाए गए समस्त जोनल और स्टैटिक मजिस्ट्रेट के द्वारा भी परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर परीक्षा को सुगमता पूर्वक सम्पन्न कराये जाने के साथ ही सौपे गये दायित्वों का निर्वहन किया गया।

## नगर निगम का राजस्व निरीक्षक 10 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार

**प्रयागराज।** नगर निगम जोन छह के राजस्व निरीक्षक अनूप चंद मिश्र को विजिलेंस विभाग की टीम ने 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। टीम उन्हें अपने साथ ले गई। अनूप चंद्र मिश्र नगर निगम जोन छह के राजस्व निरीक्षक हैं। बताया जाता है कि राजकुमार यादव ने 17 फरवरी को पत्रावली कर अधीक्षक कार्यालय में तैनात राजस्व निरीक्षक/टैक्स कलेक्टर अनूप चंद्र मिश्र के खिलाफ विजिलेंस के एसपी से शिकायत की थी। राजकुमार का आरोप था कि उनकी माता के नाम कराई गई संपत्ति की रजिस्ट्री के नामांतरण की पत्रावली नगर निगम कार्यालय में जमा की गई थी। जब फाइल आरोपी के पास पहुंची तो उसने रिपोर्ट लगाने के लिए 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस टीम ने मामले की जांच की और आरोपी को ट्रैप करने की योजना बनाई। योजना के अनुसार आरोपी ने ट्रांसपोर्टनगर धूमनगंज में रिश्वत की रकम ली और विजिलेंस टीम ने उसे मौके पर दबोच लिया। आरोपी नगर निगम के जोन क्षेत्र खुल्दाबाद में तैनात था। गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है और उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। विजलेंस टीम की कार्रवाई के बाद नगर निगम में हड़कंप मच गया।

# यूपी बोर्ड परीक्षा हिंदी विषय के साथ शुरू



**नकल रोकने को 24 घंटे ऑनलाइन निगरानी, जैमर लगे**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटमीडिएट परीक्षा-2026 की शुरुआत बुधवार से हिंदी विषय के प्रश्नपत्र से शुरू हो गई है। नकलविहीन और शुचितापूर्ण परीक्षा के लिए राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम में पूरी परीक्षा के दौरान 24 घंटे सभी 8033 केंद्रों के स्ट्रांग रूमों की आनलाइन निगरानी कराई जा रही है। परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी। पहली पाली में सुबह 8.30 से 11.45 बजे तक हाईस्कूल की हिंदी व प्रारंभिक हिंदी विषय की परीक्षा होगी, जबकि दूसरी पाली में दोहपर 2.00 बजे से शाम 5.15 बजे तक इंटरमीडिएट की हिंदी व सामान्य हिंदी की परीक्षा कराई जाएगी। बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए 53,37,778 छात्र- छात्राएं पंजीकृत हैं। प्रदेश के 20 परीक्षा केंद्रों पर पहली बार जैमर लगाया गया है।

यूपी बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने बताया कि 18 संवेदन जिलों, 222 अति संवेदनशील व 683 संवेदनशील परीक्षा केंद्रों के सूची एसटीएफ, एलआयू को सौंपी गई है, जहां विशेष निगरानी की व्यवस्था है। इन केंद्रों का प्रत्येक पाली में दो बार निरीक्षण करने टीम भी पहुंचेगी। राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम के साथ सभी पांच क्षेत्रीय कार्यालयों तथा 75 जनपद मुख्यालय में बने कंट्रोल रूम से स्ट्रांग रूमों के साथ-साथ परीक्षा की भी आनलाइन निगरानी कराई जाएगी। परीक्षार्थियों को प्रत्येक पेज पर अपना अनुक्रमांक अंकित करना होगा। जेल में निरुद्ध 176 कैदी हाईस्कूल व 184 कैदी इंटरमीडिएट की परीक्षा जेल में बने आठ केंद्रों पर परीक्षा देंगे। सचिव ने कहा कि परीक्षा में नकल कराने पर उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम- 2024 के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसमें आजीवन कारावास तक व एक करोड़ रुपये तक जुर्माने का प्रविधान है।

## प्रयागराज और प्रतापगढ़ समेत 18 जिलों के 1000 संदिग्धों के मोबाइल नंबर सर्विलांस पर

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए सख्त निगरानी व्यवस्था लागू कर दी है। प्रदेश में 222 अतिसंवेदनशील और 683 संवेदनशील परीक्षा केंद्र चिह्नित किए गए हैं। एसटीएफ ने कार्रवाई करते हुए प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, एटा, कासगंज, हरदोई, कन्नौज, आजमगढ़, बलिया, मऊ, जौनपुर, गाजीपुर, देवरिया और गोंडा सहित 18 जिलों में करीब 1000 से अधिक स्कूल संचालकों, प्रधानाचार्यों, गाइड विक्रेताओं, शिक्षकों व अन्य संदिग्ध लोगों के मोबाइल नंबर सर्विलांस पर ले लिए हैं। नकल रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है और संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। प्रयागराज समेत 20 संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल जैमर भी लगाए गए हैं। इस वर्ष यूपी बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल के 27,61,696 और इंटरमीडिएट के 25,76,082 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रदेश के 75 जिलों में कुल 8033 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। हाल ही में मुख्य सचिव एसपी गोयल की बैठक के बाद अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रमुख सचिव गृह को पत्र लिखकर अतिसंवेदनशील केंद्रों पर एसटीएफ और एलआईयू की तैनाती के निर्देश दिए थे।

## यूपी बोर्ड: नकल करते पकड़े छात्रों पर नहीं चलेगा मुकदमा, कॉपी होगी निरस्त

प्रयागराज। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गई हैं। बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने सभी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशकों और जिला विद्यालय निरीक्षकों को 15 फरवरी को भेजे पत्र में निर्देशित किया है कि परीक्षाओं में अनुचित साधन प्रयोग करते हुए पकड़े गए परीक्षार्थियों पर आपराधिक मुकदमा दर्ज नहीं कराया जाएगा। सचिव ने लिखा है कि सार्वजनिक परीक्षाओं को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने वाले दोषियों के विरुद्ध निर्णायक एवं कठोर कार्यवाही उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम 2024 के तहत कराई जानी है। सचिव ने कहा कि हालांकि इस अधिनियम के अनुशास्ति या दंड के प्राविधान परीक्षार्थियों पर लागू नहीं हैं। लिहाजा परीक्षार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें आपराधिक मुकदमे से मुक्त रखा जाएगा। सचिव ने साफ किया है कि यदि परीक्षार्थी सार्वजनिक परीक्षा में किसी पेपर का उत्तर देने में अनुचित साधनों का उपयोग करता हुआ या लिप्त पाया जाता है तो उनकी उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और ऐसे परीक्षार्थी का परिणाम परीक्षा प्राधिकारी की ओर से निर्धारित नियमों में घोषित किया जाएगा।

## चोरी की बकरी के साथ किया गिरफ्तार

**जौनपुर (जफराबाद)/अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय स्टेशन के पूर्वी क्रासिंग के पास पुलिस ने मंगलवार की देर रात को एक चोर को चोरी की बकरी के साथ गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्र के किरतापुर गांव निवासी अमलेश पाल की बकरी 16 फरवरी की रात को चोरी हो गयी थी।उसने घटना की सूचना पुलिस को दिया।पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके चोर के खोजबीन में लग गयी।मंगलवार की देर रात को मुखबिर से थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल को सूचना मिली कि एक व्यक्ति एक बकरी को लेकर ऊक्त रेलवे क्रासिंग के पास बकरी के साथ मौजूद है।थानाध्यक्ष श्री शुक्ल ने तत्काल एस आई अरविंद यादव व अन्य फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर उसे पकड़ लिया।उसने अपना नाम शिवम यादव पुत्र सीताराम यादव थाना गौराबादशाहपुर के हनुवाडीह गांव का निवासी बताया।उसने किरतापुर गांव के अमरेश पाल की बकरी चोरी करने की बात भी कबूला।पुलिस ने अमरेश पाल को बुलाकर उसे बकरी सौप दिया।

## श्री शिवा महाविद्यालय में रोवर्स/रेंजर्स का पाँच दिवसीय प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का आरंभ



**आजमगढ़/अवधनामा संवाददाता।** श्री शिवा महाविद्यालय, तेरही, कप्तानगंज में 18 फरवरी से 22 फरवरी के मध्य होने वाले रोवर्स/रेंजर्स प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण कराकर किया गया। उन्होंने ने अपने वक्तव्य में कहा कि रोवर्स-रेंजर्स शिविर का आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु आवश्यक है जिससे प्रतिभागियों में भातृत्व भाव, रचनात्मकता एवं राष्ट्र निर्माण में सहयोग की भावना को विकसित करता है। शिविर के प्रथम दिन भारत स्कॉउट गाइड के प्रशिक्षकों द्वारा छात्रों को दल संचालन, कैम्प नियम, मार्च पास्ट से सम्बंधित गतिविधियों का अभ्यास कराया गया। जिससे प्रतिभागियों में नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास हो। शिविर का आयोजन रेंजर प्रभारी सुश्री आशिया बानो एवं रोवर्स प्रभारी डॉ विजय नारायण दूबे ने किया। कार्यक्रम में सभी प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं महाविद्यालय में उपस्थित उपस्थित रहें।

## मुबारकपुर सिया सुन्नी दंगा हत्याकांड में 12 को आजीवन कारावास, 27 साल बाद आया फैसला



**आजमगढ़/अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश जय प्रकाश पाण्डेय की अदालत ने 27 वर्ष पूर्व मुबारकपुर में हुए शिया सुन्नी दंगे के दौरान अली अकबर की हत्या मामले में 12 आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा और प्रत्येक पर 66 हजार 5 सौ रुपए का आर्थिक दंड लगाया। पिछले 13 फरवरी को अदालत ने इन आरोपियों को दोषी करार दे दिया था। सजा के ऐलान को लेकर आज कोर्ट परिसर में गहमागहमी के साथ सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस भी मुस्तैदी से तैनात रही। मुबारकपुर थाने में 28 अप्रैल 1999 को वादी ने पूरा ख्वाजा निवासी चाचा अली अकबर के लापता होने की तहरीर दी थी। जिसके बाद अली अकबर की सिर कटी लाश राजा भाट के पोखरे से 30 अप्रैल को बरामद की गई। विवेचना के दौरान मोहर्रम के जुलूस से लौटते समय अली अकबर को सुन्नी संप्रदाय के लोगों ने मारपीट कर हत्या करने की बात प्रकाश में आई थी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आरोपी हुसैन अहमद, मोहम्मद अयूब फैजी, फहीम अख्तर, असरार अहमद, मोहम्मद याकूब, अली जहीर, इरशाद, मोहम्मद असहद, अफजल, अलाउद्दीन, दिलशाद तथा वसीम को आजीवन कारावास भेज दिया।

# इंस्पेक्टर 75 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**एंटी करप्शन टीम ने थाने में पकड़ा**



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** बारा थाने के प्रभारी निरीक्षक को एंटी करप्शन टीम ने 75 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर ने केस में फाइनल रिपोर्ट लगाने के नाम पर आरोपी पक्ष से रिश्वत मांगी थी। आरोपी पक्ष ने एंटी करप्शन टीम को इसकी सूचना दी। टीम ने जाल बिछाकर इंस्पेक्टर विनोद कुमार सोनकर को थाने में ही पैसे लेते पकड़ा। मौके पर लिखा-पढ़ी करके इंस्पेक्टर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इंस्पेक्टर मूल रूप से वाराणसी के सारनाथ का रहने वाला है। 2012 में दरोगा से प्रमोट होकर इंस्पेक्टर बना था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भदोही के सुरियावां थाना के लुकमानपुर निवासी संतोष कुमार दुबे के खिलाफ बारा थाने में एक मुकदमा दर्ज था। उसने एंटी करप्शन में शिकायत की थी कि इस मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगाने के लिए प्रभारी इंस्पेक्टर ने उनसे 75 हजार रुपए घूस मांगी थी। एंटी करप्शन की ओर से इस शिकायत पर शुरुआती जांच कराई गई। जांच में इंस्पेक्टर की कार्यशैली संदिग्ध मिली। इसके बाद इंस्पेक्टर को पकड़ने की योजना बनाई गई। तय योजना के मुताबिक बुधवार को दोपहर में 2:40 बजे शिकायतकर्ता संतोष कुमार दुबे रुपए लेकर पहुंचा।

फोन से बात करने पर आरोपी इंस्पेक्टर विनोद कुमार सोनकर ने संतोष कुमार दुबे को थाने में अपने ऑफिस में बुलाया। जैसे ही इंस्पेक्टर ने 75 हजार रुपए थामे, एंटी करप्शन की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

एंटी करप्शन के इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। फिलहाल इंस्पेक्टर को घूरपुर थाने ले जाया गया है, जहां उसके खिलाफ लिखा-पढ़ी की जा रही है। विनोद कुमार सोनकर इससे पहले प्रयागराज में खुल्दाबाद थाने का भी प्रभारी निरीक्षक रह चुका है। खुल्दाबाद थाने से इसे शाहगंज थाना प्रभारी बनाया गया था, जहां से इसे शिकायतों पर हटाया गया था। पुलिस लाइन में तैनात किया गया था। करीब 6 महीने पहले इसे बारा थाने का प्रभारी बनाया गया था।

# डिवाइडर और मंदिर तोड़कर मकान में घुसा ट्रेलर

**ड्राइवर को नींद आने से हुआ हादसा, एक बुजुर्ग घायल**



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** मांडा थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात बेकाबू ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क की दूसरी लेन में घुस गया। ट्रेलर की स्पीड अधिक थी ऐसे में डिवाइडर पूरी तरह टूट गया। इसके बाद ट्रेलर सड़क की दूसरी लेन से होता हुआ एक मंदिर से टकराया। मंदिर पूरी तरह टूट गई। इसके बाद एक मकान में जा घुसा। मकान का आगे का हिस्सा पूरी तरह ध्वस्त हो गया। ट्रेलर के मकान से टकराने के बाद मलबा गिरा जिससे एक बुजुर्ग गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे से अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने ट्रेलर चालक को दौड़ाकर पकड़ लिया। उसकी जमकर पिटाई की गई। बाद में उसे मांडा थाने की पुलिस को सौंप दिया गया। हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिर्जापुर राजमार्ग पर मांडा थाना क्षेत्र के डिघिया के पास सड़क किनारे ही राम आसरे यादव का मकान है। उसी मकान में सक्सेज प्वाइंट कोचिंग सेंटर भी चलता है। मंगलवार की देर रात जौनपुर से कानपुर जा रहा ट्रेलर चालक को नींद आने की वजह से बेकाबू हो गया। ट्रेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर को तोड़ता सड़क की दूसरी लेन में जा घुसा। इसके बाद मंदिर को तोड़ता मकान में घुस गया। हादसे के बाद चालक भागने लगा तो ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और पिटाई शुरू कर दी। फिर पुलिस के हवाले किया गया। चालक कानपुर के पनकी दुबग्गा का रहने वाला विमल कुमार है। हादसे में घर में सो रहे बुजुर्ग राज कर्ण यादव को गंभीर चोट आई है। उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। क्रेन की मदद से ट्रेलर को निकाला गया है।

# बोर्ड परीक्षा को लेकर मैनपुरी में सुरक्षा घेरा, 6 जोन और 17 सेक्टर बनाए गए

- नकल पर नकेलः मैनपुरी के 93 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी
- बोर्ड परीक्षा के लिए प्रशासन सतर्क, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त
- मैनपुरी में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां पूरी, स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात
- सुचिता के साथ परीक्षा कराने को प्रशासन सक्रिय, हर केंद्र पर निगरानी

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाओं को नकल विहीन, सुचिता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जनपद के 93 परीक्षा केंद्रों को 06 जोन, 17 सेक्टर मे विभाजित कर प्रत्येक जोन में 01-01 जोनल मजिस्ट्रेट एवं प्रत्येक सेक्टर में 01-01 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, समस्त 93 परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं, जो निरतंर भ्रमणशील रहकर परीक्षा की गतिविधियों पर नजर रखेगें। उन्होने बताया कि मैनपुरी जोन में उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है, मैनपुरी जोन के अधीन परीक्षा केन्द्र राजकीय इंटर कॉलेज, श्री चित्रगुप्त इं.कॉ., श्री गंगा सहाय कन्या इं.कॉ., क्रिश्चियन इं.कॉ., राजकीय कन्या इं.कॉ., सनातन धर्म इं.कॉ. में अभिहीत अधिकारी खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डा. श्वेता सैनी, कुं. आर.सी. कन्या इं.कॉ., दयानन्द इं.कॉ., श्री एकरसानन्द आदर्श इं.कॉ., शांति बाल कल्याण संस्थान, श्रीजी करूणा सागर इं.कॉ. में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रंजना शुक्ला, आदर्श कृष्ण इं.कॉ, श्री भूपेन्द्र सिंह चौहान स्मृति इं.कॉ., सनातन धर्म इं.कॉ., रामबेटी इं.कॉ. में जिला सेवायोजन अधिकारी रवीश मिश्रा, भागवती दुबे इं.कॉ., वीरेन्द्र भारतीय इं.कॉ., नितिन स्मृति विद्या निकेतन इं.कॉ., सिलेटी सिंह उ.मा.वि. में श्री सिलेटी सिंह किसान इं.कॉ. में उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. साउद हुसैन को सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। घिरोर जोन में उप जिलाधिकारी घिरोर प्रसून कश्यप को जोनल मजिस्ट्रेट तथा घिरोर जोन के परीक्षा केन्द्र जे.एस. इं.कॉ., आर.बी.एस. इं.कॉ., स्व. रघुवीर सिंह यादव राजकीय इं.कॉ. में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी आर.के. शर्मा, के.एस. मैमोरियल इं.कॉ., कैप्टन उम्मेद सिंह इं.कॉ., दयानन्द इं.कॉ., महर्षि कश्यप मुनि इं.कॉ., श्री महावीर इं.कॉ., पं.दीनदयाल उपाध्याय रा.मॉ. इं.कॉ., राजकीय कन्या इं.कॉ. में सचिव मंडी समिति घिरोर अनुरूद्ध कुमार को सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। श्री सिंह ने बताया कि करहल जोन में उप जिलाधिकारी करहल सुनिष्ठा सिंह को जोनल मजिस्ट्रेट, राजेन्द्र सिंह जि.पं. इं.कॉ., ए.के. इं.कॉ., वर्णी इं.कॉ., मोहन इं.कॉ., पी.एस. इं.कॉ. गंगा देवी बघेल इं.कॉ. में पशु चिकित्साधिकारी नवाटेढ़ा कुलदीप पाण्डेय, जैन इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इं.कॉ., नर सिंह यादव इं.कॉ., आजाद हिन्द इं.कॉ., श्री राजकुमार सिंह इं.कॉ., श्री घाटमदेव इं.कॉ., श्रीकृष्ण इं.कॉ. में अधिशाषी अभियंता जल निगम आनन्द कुमार दुबे को सेक्टर मजिस्ट्रेट, कुरावली जोन में उप जिलाधिकारी कुरावली नीरज कुमार द्विवेदी को जोनल मजिस्ट्रेट एवं कुरावली जोन परीक्षा केन्द्र देवनागरी इं.कॉ., मलिखान सिंह इं.कॉ., स्व. रूस्तम सिंह इं.कॉ., बी.जी. भारती इं.कॉ., जनता इं.कॉ., डी.ए.वी.. इं.कॉ. में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत विद्या शंकर पाण्डेय, भक्त वत्सल इं.कॉ., आर.डी. इं.कॉ., विद्यादेवी इं.कॉ. एवं भोगांव जोन के आदर्श बनवारी लाल इं.कॉ., डी.ए.वी. इं.कॉ., विमला देवी इं.कॉ., ज्ञानस्थली इं.कॉ. में जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार को सेक्टर मजिस्ट्रेट, सरोजनी देवी इं.कॉ.,विश्वनाथ इं.कॉ., शिवकुमार स्मृति इं.कॉ., चौ. मुहब्बत सिंह इं.कॉ., चौ. सूरज सिंह जि.पं. इं.कॉ., प्रकाश इं.कॉ. में जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्रा को सेक्टर मजिस्ट्रेट, मदन इं.कॉ., नेशनल इं.कॉ., कस्तूरबा गॉधी बालिका इं.कॉ., कृषक विद्यापीठ इं.कॉ., सूरजमुखी यादव इं.कॉ., एम.एस.बी.डी. इं.कॉ. में उप निदेशक कृषि नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी को सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्वामी सम्पूर्णानन्द इं.कॉ., राजकीय कन्या इं.कॉ., अमर शहीद इं.कॉ., भारतीय विद्यामंदिर इं.कॉ., आर.एस. इं.कॉ., महाराज सिंह इं.कॉ., मेजर युगराज सिंह इं.कॉ., श्री मोहन लाल रामकली स्मारक इं.कॉ. में सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक बेवर सुभाष चन्द्र को सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं उप जिलाधिकारी भोगांव संध्या शर्मा को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है।


## उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20415-SLR-F1-BSB-INDB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.03.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.03.2026 at 11:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20401-SLR-F1-BSB-LKO-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.03.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.03.2026 at 11:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 24203-SLR-F1-BSB-LKO-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.03.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.03.2026 at 11:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.03.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.03.2026 at 12:00 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

552/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अवधनामा



# गाँवों के हर मकान की अद्वितीय आईडी है घरौनी

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली आबादी के घरों का कोई नक्शा या नम्बर नहीं होता है। जमीन के जिस भाग पर विभिन्न वर्गों के परिवार मकान बनाकर रहते हैं, उस क्षेत्र को राजस्व विभाग के नक्शे में आबादी क्षेत्र घोषित किया गया है। आबादी क्षेत्र में बहुत से परिवारों के घर होते है, किन्तु इस घर पर किसी के नाम से वह मकान नहीं होता है। ऐसी स्थिति में स्वामित्व व कब्जों को लेकर गाँवों में पारिवारिक या पडोसी से विवाद मारपीट व मुकदमेबाजी भी होती है। ग्रामीण समाज में शान्ति, सौहार्द आपसी भाई चारा बनाये रखने और आवासों का स्वामित्व बनाये रखने के उद्देश्य से भारत सरकार की ष्वामित्व योजनाषु के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण आबादी सर्वेक्षण, एवं अभिलेख संक्रिया विनियामली, 2020 प्रख्यापित की है। जिसके अन्तर्गत आवास स्वामी को घरौनी दी जाती है। राज्य सरकार की इस विनियमावली के अन्तर्गत ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में अवस्थित भूमि, भवन एवं सम्पत्तियों का सर्वेक्षण कराकर ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) तैयार कर सम्बन्धित गृह स्वामियों को उपलब्ध कराया जाता है। राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर ग्रामीण आबादी क्षेत्र के सर्वेक्षण का कार्य जिलाधिकारियों/जिला अभिलेख अधिकारियों द्वारा प्रसारित कर कराया जा रहा है। सर्वेक्षण प्रक्रिया में सर्वप्रथम ग्राम सभाओं की बैठक कर सभी ग्रामवासियों को इस विनियमावली की जानकारी दी जाती है। तत्पश्चात ग्राम के आबादी क्षेत्र की सभी निजी, सरकारी अर्ध सरकारी भूमि, भवन एवं सम्पत्तियों का चिन्हीकरण किया जाता है। चिन्हीकरण के पश्चात आबादी क्षेत्र को ड्रोन द्वारा सर्वेक्षण फोटो लिए जाते हैं, जिसके आधार पर आबादी क्षेत्र का मानचित्र तैयार किया गया है। मानचित्र के आधार पर आबादी भूखण्डों की नम्बरिंग कर सभी गृह स्वामियों एवं सरकारी सम्पत्तियों की सूची बनाकर ग्राम पंचायत की बैठक में प्रकाशित किया जाता है। घरौनियों हेतु सम्पत्तियों की सूची के प्रकाशन के उपरान्त उप जिलाधिकारी द्वारा आपत्तियां आमंत्रित कर उनका निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जाता है। उप जिलाधिकारी/सहायक अभिलेख अधिकारी के निस्तारण के विरुद्ध जिलाधिकारी/जिला अभिलेख के समक्ष आपत्ति दाखिल की जा सकती है। जिलाधिकारी/जिला अभिलेख अधिकारी द्वारा सम्बन्धित पक्षों को सुनवाई का अवसर देकर आपत्ति का निस्तारण करते है। सभी त्रुटियों, समझौते एवं आपत्तियों के निस्तारण के पश्चात गृह स्वामीवार ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) एवं संशोधित मानचित्र तैयार किया जाता है। जिसकी पुष्टि सहायक अभिलेख अधिकारी द्वारा की जाती है। ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) तैयारी हो जाने के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा ग्राम के आबादी सर्वेक्षण एवं अभिलेख संक्रिया पूर्ण होने की अधिसूचना का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाता है। प्रदेश में नवीनतम ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग से ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर उनके स्वामित्व संबंधी अभिलेख तैयार कराने हेतु प्रदेश में कुल 1,10,344 ग्रामों को अधिसूचित किया गया है, जिनमें संचालित "स्वामित्व योजना" के अन्तर्गत प्रदेश में गैर आबाद आदि ग्रामों को छोड़कर कुल 90530 ग्रामों में वास्तविक रूप से ड्रोन सर्वेक्षण एवं घरौनी तैयार किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। दिसम्बर, 2025 तक समेकित रूप से सभी 90530 ग्रामों का ड्रोन सर्वेक्षण पूर्ण हो गया है।

# मालगाड़ी से टकराया ट्रैक्टर

अवधनामा संवाददाता



**चांदा/सुल्तानपुर।** बुधवार को लखनऊ-वाराणसी रेल ट्रैक पर एक मालगाड़ी से ईंट लदा ट्रैक्टर टकरा गया। इस घटना में ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए और मालगाड़ी का इंजन क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के कारण रेल ट्रैक लगभग सवा घंटे तक बाधित रहा। यह दुर्घटना बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे थाना चांदा क्षेत्र के ग्राम सभा शेरपुर परशुरामपुर में पोल नंबर 887/22 और 887/24 के बीच हुई। मालगाड़ी के चालक ने दूर से ही ट्रैक्टर को देख लिया था और गति धीमी कर दी थी, जिससे एक बड़े हादसे को टाला जा सका। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर ट्रॉली पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। रेलवे पुलिस के मुताबिक, मालगाड़ी के इंजन का अगला बायां हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। घटना के बाद मालगाड़ी सुबह साढे दस बजे से दोपहर बारह बजे तक घटनास्थल पर रुकी रही। ट्रैक खाली होने के बाद ही मालगाड़ी को आगे रवाना किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया - ट्रैक्टर ट्रॉली कोइरीपुर से ईंट लादकर शेरपुर परशुरामपुर में किसी अज्ञात स्थान पर ले जा रही थी। हालांकि, ट्रैक्टर चालक या मालिक के बारे में अभी तक कोई विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ पुलिस और थाना कोतवाली चांदा से सब इंस्पेक्टर अवधेश सिंह यादव तथा सब इंस्पेक्टर अजय यादव मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे।

## समाज सेवी विनय अग्रवाल का बड़ा कदम छात्र-छात्राओं को निःशुल्क भोजन व्यवस्था



**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद के जाने-माने समाजसेवी उद्योगपति विनय अग्रवाल ने बोर्ड परीक्षा के दौरान शाहजहांपुर पहुंच रहे सभी छात्र-छात्राओं को निशुल्क को भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है विनय अग्रवाल ने सोशल मीडिया अकाउंट पर जानकारी देते हुए बताया है कि इस समय बोर्ड परीक्षा चल रही है शहर व देहात क्षेत्र से तमाम छात्र-छात्राएं शाहजहांपुर परीक्षा देने आ रहे हैं जिनके लिए शाहजहांपुर सिटी के अंदर हनुमत धाम परी रसोई व जिला अस्पताल शाहजहांपुर में परी रसोई पर निशुल्क भोजन की व्यवस्था की गई है उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा है की सिटी में दो परी रसोई चल रही है किसी भी परी रसोई पर परीक्षा देने आए छात्र-छात्राएं पहुंचकर निशुल्क भोजन ग्रहण कर सकते हैं इसके लिए उनसे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा समाज सेवी विनय अग्रवाल के इस कदम की सराहना की जा रही है वैसे भी विनय अग्रवाल द्वारा दोनों परी रसोई पर 10 रुपए में थाली भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है लेकिन समय-समय पर परी रसोई घर में निशुल्क भोजन की व्यवस्था भी समाजसेवी द्वारा की गई है इसी क्रम में परीक्षार्थियों को निशुल्क भोजन व्यवस्था की गई है

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा टी बी के मरीजों को वितरित की गई पोषण पोटली

**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में बुधवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा द्वारा विहास डेवलपमेंट सोसाइटी के सहयोग से कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी परिसर में 10 क्षय रोगियों को पोषण पोटलियों का वितरण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया इस पहल का उद्देश्य रोगियों के पोषण स्तर को बेहतर बनाना और उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने में सहायता देना है। इस प्रयास की सराहना करते हुए उन्होंने बताया क्षय रोग के उपचार में दवाओं के साथ-साथ उचित पोषण की भी अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की सहायता से रोगियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और वे उपचार के प्रति अधिक सकारात्मक परिणाम प्राप्त कर पाते हैं। इस अवसर पर डीटीओ डॉ उमेन्द्र राठौर,डी एच ई आई ओ वीरेन्द्र शर्मा, सिद्धार्थ गुप्ता, आरती देवी व अन्य स्टॉफ मौजूद रहे।

## प्रशासन ने खाली कराई पीलीभीत टाइगर रिजर्व की 42 एकड़ जमीन



**पुवायां शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद की तहसील पुवायां के बंडा थाना क्षेत्र के अख्तियारपुर स्थित फगुनिहाई घाट गौशाला नदी के पास किसानों ने करीब 14 एकड़ भूमि पर गेहूं की फसल लगाई थी। हालांकि पीलीभीत वन विभाग उस भूमि पर अपना दावा करता है। वन विभाग की टीम एसडीएम पुवायां चित्रा निर्वाल और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। इस दौरान प्रशासन की तरफ से भूमि पर लगी गेहूं की फसल को ट्रेक्टर ट्राली से जोत दिया गया,फसल पूरी तरह से बर्बाद कर उस भूमि पर वन विभाग ने कब्जा ले लिया। गेहूं की फसल जोतने के दौरान किसानो और पुलिस के बीच नोक झोंक भी हुई। किसानों का आरोप है कि उनके पास वर्ष 1952 का पट्टा है। उसी के आधार पर हम लोग केस लड़ रहे थे। पीलीभीत वन विभाग ने अधिकारियों के साथ आकर बगैर कोई नोटिस दिए फसल बर्बाद कर दी। उन्होने कहा कि जमीन अगर वन विभाग की होती तो हम फसल कैसे लगा लेते,उन्होने कहा कि इस जमीन पर 30 से 32 किसानों की फसल लगी थी जो पीढ़ी दर पीढ़ी खेती करते चले आ रहे हैं,करीब 25 लाख रुपये की फसल बर्बाद कर दी गई। वहीं जब इस मामले में एसडीएम पुवायां चित्रा निर्वाल से बात कर जानकारी ली गयी। तो उन्होंने बताया कि टाइगर रिजर्व की जमीन को डीएम के आदेश पर कब्जा मुक्त कराया गया है।

# हर्ष फायरिंग का आरोपी आबकारी सिपाही गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** मोतिगरपुर थाना क्षेत्र में तिलकोत्सव समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग कर साथी सिपाही को घायल करने के मामले में आरोपी आबकारी सिपाही को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

घटना सोमवार रात करमाजितपुर गांव की है। रायबरेली में तैनात आबकारी विभाग के सिपाही सुरेंद्र कुमार यादव ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से हर्ष फायरिंग की। इसी दौरान चली गोली उनके साथ मौजूद सिपाही विनीत मिश्र (35) के पेट में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल विनीत मिश्र को प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऑपरेशन के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत खतरे से बाहर बताई है। मोतिगरपुर थाने के उपनिरीक्षक श्रीराम मिश्र की तहरीर पर आरोपी सिपाही सुरेंद्र कुमार यादव के खिलाफ मुकदमा संख्या 048/2026 दर्ज किया गया। उस पर बीएनएस की धारा 109, 7 सीएलए एक्ट तथा 25 (1बी) (9)30 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। उपनिरीक्षक विनोद कुमार मिश्र और कांस्टेबल सुनील यादव ने मंगलवार शाम आरोपी को लखनऊ-बलिया हाईवे स्थित कैथवारा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 32 बोर की ऑटोमेटिक पिस्टल (वेबली एंड स्कॉट, मेड इन इंडिया) बरामद की गई। पुलिस के अनुसार इस पिस्टल का लाइसेंस प्रयागराज जिले के फाफामऊ क्षेत्र के शान्तिपुरम पते से जारी है। बरामद हथियार को बैलिस्टिक जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेज दिया गया है।

# किसान समाधान दिवस कार्यक्रम में सुनी समस्याएं

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** विकास भवन सभागार में किसान समाधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र प्रताप सिंह द्वारा कृषकों को बताया गया कि कृषि विभाग एवं कृषि विभाग से सम्बद्व विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। साथ ही कृषि में डिजिटल एग्रीकल्चर के विषय में कृषकों को विस्तृत रूप से बताया। जिसमें ए0आई0 पावर्ड भारत विस्तार कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषकों को खेती किसानी से सम्बन्धित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए टॉल फ्री नम्बर-155261 जारी किया गया है। जिस पर कृषकबन्धु मौसम, उन्नतशील प्रजातियों, कीटरोग, मण्डी भाव एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकते है। उन्होने प्राकतिक खेती एवं सिचाई के लिए ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिचाई विधि का उपयोग करने की सलाह दी। जिला कृषि अधिकारी, सुमित कुमार चौहान द्वारा कृषकों को बताया कि जायद सीजन में बोने वाली फसलों जैसे-उर्द, मूंग, सकर मक्का एवं बाजरा की उन्नतशील प्रजातियों का बीज अनुदान पर समस्त राजकीय बीज भण्डारों पर उपलब्ध है। कृषकबन्धु बीज को समय से प्राप्त कर बुबाई करें। साथ ही जनपद में विभाग द्वारा संचालित कृषि रक्षा इकाईयों पर पर्याप्त कीटनाशक रसायन 40 प्रतिशत अनुदान पर एवं सोलर लाइट ट्रेप, यलो स्टीकी ट्रेप 75 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है। पंजीकृत कृषक उक्त यंत्रों का लाभ प्राप्त कर सकतें है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 सोमेश गुप्ता द्वारा कृषकों को अवगत कराया गया कि जनपद में पशुपालन विभाग द्वारा खुरपका-मुँहपका टीकाकरण अभियान संचालित है, जिसके अन्तर्गत विभागीय टीमों द्वारा ग्रामों में टीकाकरण कराया जा रहा है। साथ ही पशुपालन विभाग द्वारा जारी टॉल फ्री नंम्बर-1962 पर कृषक पशु सम्बन्धित आपात कालीन स्थिति में दूरभाष से सम्पर्क उचित समाधान प्राप्त कर सकते है। भूमि संरक्षण अधिकारी चतुर्थ, शैलेन्द्र कुमार द्वारा कृषकों को खेत तालाव योजना, किसान समृद्वि योजना एवं रेन फेड एरिया डवलपमेन्ट (आर0ए0डी) योजना एवं कृषि यंत्रों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी कृषकों का दी गयी। प्रभारी के0वी0के0 ओमकार यादव के द्वारा कृषकों को बताया गया कि आलू फसल खुदाई के पश्चात ग्रेडिंग का विशेष ध्यान रखें जिससे उन्हे अच्छा मुनाफा प्राप्त हो सकें, साथ ही मृदा परीक्षण के विषय में विस्तृत रूप से बताया। दुग्ध विकास विभाग डा0 राघवेन्द्र सिंह द्वारा कृषकों को बताया गया कि नन्दबाबा दुग्ध मिशन अन्तर्गत, नन्दिनी कृषक समृधि योजना, मुख्यमंत्री गौ संबर्धन, योजना के विषय में बताया कि इच्छुक कृषक nandbabadugdhmission-up-gov-in.पद से पंजीकरण कराकर लाभ प्राप्त कर सकते है। प्रगतिशील कृषक लोकेश कुमार, नि0-नगला राधे, वि0ख0-मदनपुर द्वारा कृषकों को मटकी विधि से लौकी उत्पादन के विषय में विस्तृत रूप से बताया गया। किसान समाधान दिवस में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी चतुर्थ, कनिष्ठ सहायक जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, मत्स्य निरीक्षक, उप जिला सहकारी अधिकारी, सहायक अभियन्ता सिंचाई, अवर अभियन्ता नलकूप, अध्यक्ष के0वी0के, प्रतिनिधि प्रधान दुग्ध, संघ, जिला प्रबन्धक अग्रणी बैंक, उप सम्भागीय अधिकारी (विद्युत), उप सम्भागीय अधिकारी (सिंचाई), जिला सहकारी बैंक, प्रतिनिधि फसल बीमा, मण्डी निरीक्षक, पी0सी0एफ0 प्रबन्धक आदि उपस्थित रहे।

## परीक्षा के दबाव में इंटर की छात्रा ने फांसी लगाई

**सुलतानपुर।** हलियापुर थाना क्षेत्र के रामपुर बाबुआन गांव में इंटरमीडिएट की एक छात्रा ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार छात्रा इन दिनों बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रही थी। परिजनों का कहना है कि वह पढ़ाई को लेकर तनाव में थी। बुधवार को वह अपने कमरे में गई और काफी देर तक बाहर नहीं निकली। परिजनों ने दरवाजा खोला तो वह फंदे से लटकी मिली। सूचना पर पहुंची हलियापुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। क्षेत्राधिकारी बल्दीराय आशुतोष कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतका की पहचान लक्ष्मी सेन (22) पुत्री जग नारायण यादव निवासी रामपुर बाबुआन के रूप में हुई है। वह गायत्री विद्या मंदिर, शिवनाथगंज, थाना कुमारगंज, जिला अयोध्या की छात्रा थी। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# बौद्ध पार्क में स्थित बौद्ध प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** नगला किला स्थित बौद्ध पार्क में बौद्ध की प्रतिमा स्थापित है। बुधवार दोपहर को होलिका दहन को लेकर प्रशासनिक अधीकारी मौके पर पहुंचे हुए थे। सभी लोगों ने पार्क का भी निरीक्षण किया, लेकिन किसी की नजर क्षतिग्रस्त बौद्ध प्रतिमा पर नहीं गई। इसके बाद जब पार्क की देखभाल करने वाले बॉबी जाटव पहुंचे तो उन्हें प्रतिमा की नाक क्षतिग्रस्त दिखी। इसकी जानकारी होते ही अनुयाइयों मे आक्रोश व्याप्त हो गया। बड़ी संख्या में भीड़ एकजुट हो गई। सूचना पर सीओ और इंस्पेक्टर भी पहुंच गए। उन्होंने नई प्रतिमा स्थापित कराने के लिए कहा है।

समाजसेवी बॉबी जाटव ने बताया कि आदर्श नगर में बौद्ध पार्क है। इसमें भगवान बौद्ध की प्रतिमा स्थापित है। किन्हीं शरारती तत्वों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया है। प्रतिमा की नाक क्षतिग्रस्त है। जिसकी जानकारी होते ही जाटव समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। बड़ी संख्या में लोग पार्क में पहुंच गये। घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी गई। इसके बाद सीओ अमरीश कुमार और इंस्पेक्टर अनुज कुमार मौके पर पहुंचे और उन्होंने लोगों को समजा बुझा कर मामला शांत करा दिया। इस बारे में बॉबी जाटव का कहना है कि अब नई प्रतिमा को स्थापित करने की बात चल रह है।

## रमजान माह पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने की मांग को सीओ को सौंपा ज्ञापन



**शिकोहाबाद (अवधनामा संवाददाता)** समाजसेवी के नेतृत्व में मुस्लिम समाज का एक प्रतिनिधि मंडल सीओ से उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन क्षेत्राधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पवित्र रमजान माह में व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने की मांग की। समाजसेवी सद्दाम हुसैन ने कहा कि मुस्लिम समाज का पवित्र महीना रमजान गुरुवार से शुरू हो रहा है। जिसमें सभी समाज के लोग रोजा, नमाज, रात्रि में तरावीह की नमाज का एहतमाम करेंगे। घर में मौजूद महिलाएँ भी इस माह में प्रत्येक दिन घर में इफ्तार व सेहरी की तैयारी के साथ इबादत करेंगी। समाज शासन प्रशासन का ध्यान व्यवस्थाओं की तरफखींचना चाहता है। जिसमें रमजान के पूरे महीने नगर पालिका द्वारा मस्जिदों के आसपास सफाई एवं चूना पट्टी कराई जाए। रमजान माह में महिलाएं सुबह तीन बजे उठकर सेहरी का इंतेजाम शुरू कर देती हैं, इस लिए विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से की जाए। पेजल आपूर्ति के साथ ही नगर में लगे गंदगी को साफकराया जाए। इसके साथ ही नौ सूत्रीय मांगों का एक पत्र देकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की मांग की है। इस पर सीओ अमरीश कुमार ने सभी लोगो को आश्वस्त किया है कि उनकी समस्याओं पर विचार कर यथासंभव उस पर अमल किया जायेगा।

# बीएसएनएल के महाप्रबन्धक ने बसई में ओएलटी कार्यक्रम की दी जानकारी

अवधनामा संवाददाता



**टूंडला।** ग्राम पंचायत बसई टूंडला में ओएलटी कार्यक्रम का शुभारंभ बीएसएनएल के प्रधान महाप्रबन्धक आगरा श्याम सिंह द्वारा किया गया। जिसमें ग्रामीण महिला एवं पुरुषों को जानकारी दी गई। इस दौरान ओएलटी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बीएसएनएल प्रधान महाप्रबन्धक आगरा श्याम सिंह ने बताया कि हर गांव हर पंचायत में हाई स्पीड इंटरनेट सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इससे पंचायत से जुड़े सभी ऑनलाइन कार्य पंचायत में ही संपादित होने लगेंगे। मेक इन इंडिया प्रोग्राम के तहत शुरू हुआ भारत नेट प्रोजेक्ट दुनियाभर में सबसे बड़ा ब्रॉडबैंड प्रोग्राम है, जो ग्रामीणों को कनेक्ट करता है। इस प्रोजेक्ट के जरिए सरकार की 'डिजिटल इंडिया' पहल को भी बढ़ावा मिल रहा है। क्योंकि इसके तहत गांव-गांव तक इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसका उद्देश्य ग्रामीण भारत में ई-गवर्नेंस ई-स्वास्थ्य, ई-शिक्षा, ई-बैंकिंग, इंटरनेट और अन्य सेवाओं के वितरण को सुगम बनाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएसएनएल के डीजीएम अखिलेश मिश्रा ने की तथा संचालन गौरव सान्याल ने किया। इस मौके पर डिविजनल इंजीनियर श्याम सुंदर, एसडीओ सोम प्रकाश शर्मा, अजीत सिंह, ओमप्रकाश, आंशू जादौन, निखिल, रूपेंद्र कुमार, सौरभ यादव, प्रिंस शर्मा, शशांक जैन आदि के अलावा ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

## 1003 नवजात कन्याओं के नाम 25 हजार रूपये की धनराशि बैंक में जमा

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की विशेष पहल पर भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा अधिसूचित मातृत्व बालिका मदद योजना के अंतर्गत जनपद फिरोजाबाद की 1003 नवजात कन्याओं के नाम से रुपए 25-25 हजार की धनराशि पंजाब नेशनल बैंक में अधिकतम ब्याज दर पर फिक्स्ड डिपॉजिट (एफ0डी0) के रूप में जमा कराई गई है, यह धनराशि कन्या के 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के उपरांत उसे प्राप्त होगी, इस राशि का उपयोग अधिकतम बालिका अपनी उच्च शिक्षा, स्वयं के व्यवसाय तथा स्वावलंबन हेतु कर सकेगी, योजना के अंतर्गत धनराशि सीधे श्रमिकों के खातों में प्रेषित की गई है।

## बेदखली सूचना

मैं सईद पुत्र अब्दुल वहीद नि. माली गेट, पुल खुमरान, सहारनपुर ने अपने पुत्र अबुजर को उसके गलत आचरण एवं बुरी संगत में संलिप्त रहने के कारण गत दिनांक 17/12/2025 को अपने परिवार साथ कुल सम्बन्धों से बेदखल कर अपनी कुल चल व अचल सम्पत्ति से भी बेदखल कर दिया है और भविष्य अपने हर प्रकार के विधिक व अविधिक कार्यो व पैसों के लेने देने का अबुजर खुद ही जिम्मेदार होगा मेरा व मेरे पुत्रों 1. मौ0 नसरून 2. शारिक 3. शाद एवं 4. साकिब का या मेरे परिवार के अन्य लोगों के साथ कोई संबंध नही है और ना ही भविष्य में होगा सूचित हो कि उक्त पुत्र के किसी भी कु कृत्य के लिए हम पर कोई जिम्मेदारी आयद नहीं होगी।

# अपने गांव कुण्डरा पहुंचे अभिनेता राजपाल यादव

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** बुधवार को फिल्म अभिनेता राजपाल यादव जेल से रिहा होने के बाद अपने गांव कुंण्डरा पहुंचे चेक बाउंस मामले राजपाल यादव तिहाड़ जेल में बंद थे इस दौरान लोग उनकी रिहाई की दुआएं कर रहे थे तमाम राजनीतिक और फिल्म जगत के लोगों ने आर्थिक रूप से उनका सहयोग भी किया अपनी जन्मस्थली कुण्डरा गांव पहुंचे राजपाल यादव ने मीडिया से बात करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा जिन्होंने डायरेक्टर या इनडायरेक्ट मेरी मदद की है मैं उन सभी का आभार व्यक्त करता हूं इस दौरान राजपाल यादव बोले आगे भी मैं अपने प्रशंसकों को खुशी रखने के लिए फिल्म जगत में एक काम करता रहूंगा राजपाल यादव के गांव पहुंचने की जैसे ही खबर पास पड़ोस के लोगों को लगी तो भारी संख्या में लोग उनसे मिलने पहुंच गए उनके पहुंचते ही स्थानीय लोगों और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

उन्होंने मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में न्यायपालिका पर भरोसा जताया और कहा कि उन्हें कानून पर पूरा विश्वास है।राजपाल यादव ने कहा कि कठिन समय में परिवार और प्रशंसकों का साथ उन्हें हिम्मत देता है। उन्होंने अपने फैंस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह आगे अपने काम पर ध्यान देंगे और दर्शकों का मनोरंजन करते रहेंगे।

# बोर्ड परीक्षा के लिए स्थापित कन्ट्रोल रूम का डीएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज द्वारा आयोजित आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा 2026 को नकलविहीन तथा सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने तथा सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में कमाण्ड सेन्टर (परीक्षा कन्ट्रोल रूम) स्थापित किया जा रहा है। जनपद के 122 परीक्षा केन्द्रों पर 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक सम्पन्न होने वाली बोर्ड परीक्षाओं की सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद व अन्य अधिकारियों के साथ कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए निगरानी के लिए स्थापित की गई टीवी स्क्रीन का निरीक्षण किया तथा तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान डीएम ने बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने रहे छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए निर्भिक होकर परीक्षा में सम्मिलित होने का आहवान किया। डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन के निर्देशानुसार जनपद में शुचितापूर्ण वातावरण में नकलविहीन बोर्ड परीक्षा सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है।

डीएम ने बताया कि सभी 122 परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापक के साथ-साथ अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारियों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीएम ने बताया कि कन्ट्रोल रूम के माध्यम सघन निगरानी रखी जा रही है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अमिता यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


# कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

**NOTICE FOR INVITATION OF TENDER**

पत्रांक :- 934/PRO/नि0वि0/न0नि0 शाह0/2025-26 दिनांक :- 18/02/2026

## ई-निविदा सूचना

नगर निगम, शाहजहाँपुर में नगर विकास अनुभाग-5 के शासनादेश संख्याः-812/2025/नौ-5-2025/001-Com.No.-1912185 दिनांक :- 27.03.2025 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में सीवरेज एवं जलनिकासी योजनान्तर्गत मो0तिलहरजई लोहारों वाले चौराहे से ककरा रोड तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य की ई-निविदाये आमंत्रित की जाती है। कार्य की समस्त नियम व शर्ते बेबसाइट पर उपलब्ध है जिनका अवलोकन करने उपरान्त ही निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। बिना कारण बताये टेण्डर को स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। उक्त निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना बेबसाइट पर अपलोड कर दी जायेगी।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 21.02.2026 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 21.02.2018 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अंतिम तिथि/समय | 16.03.2026 (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 16.03.2026 - (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल www.etender.up.nic.in पर किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहाँपुर

# हरदोई को मिली बड़ी सौगात, नयागांव में आधुनिक शीतगृह का उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** मल्लावां क्षेत्र के नयागांव में आज ऐतिहासिक माहौल देखने को मिला, जब उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भव्य कार्यक्रम के बीच माँ वैष्णवी शीतगृह का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। डिप्टी सीएम के पहुंचते ही पूरे इलाके में उत्साह छा गया और लोगों ने फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया।

उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में किसान, व्यापारी, क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन हुआ और किसानों की तरक्की व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई। लोगों का कहना है कि शीतगृह शुरू होने से आलू सहित अन्य फसलों के भंडारण में बड़ी राहत मिलेगी और किसानों को अपनी उपज का बेहतर दाम मिल सकेगा। इस अवसर पर अजीत सिंह (बब्बन) जिलाध्यक्ष, अभय शंकर शुक्ला, अशोक सिंह, गौरव पाठक, अनुराज मिश्रा, रवि वर्मा (जिला पंचायत सदस्य) सहित कई भाजपा पदाधिकारी व क्षेत्रीय नेता मौजूद रहे।

संरक्षक राजेश पाठक व निवेदक गौरव पाठक ने आए हुए अतिथियों का आभार जताया और बताया कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह शीतगृह क्षेत्र के किसानों के लिए काफी लाभकारी साबित होगा। कार्यक्रम के अंत में लोगों ने डिप्टी सीएम से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित भी किया। बृजेश पाठक (उपमुख्यमंत्री, उ.प्र.) ने बताया माँ वैष्णवी शीतगृह का शुभारंभ क्षेत्र के किसानों के लिए बहुत बड़ी सुविधा है। इससे किसानों की फसल सुरक्षित रहेगी और उन्हें अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा। प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। अजीत सिंह 'बब्बन' (जिलाध्यक्ष) ने कहा यह शीतगृह किसानों के लिए राहत लेकर आया है। अब किसानों को अपनी आलू व अन्य फसल बेचने की जल्दबाजी नहीं करनी पड़ेगी और वे सही समय पर सही दाम पा सकेंगे। सरकार किसानों के हित में लगातार योजनाएं चला रही है।

गौरव पाठक ने बताया हमारा प्रयास है कि क्षेत्र के किसानों और व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं मिलें। आधुनिक तकनीक से युक्त इस शीतगृह से किसानों को भंडारण की बड़ी समस्या से निजात मिलेगी और उन्हें आर्थिक लाभ होगा। किसनो ने कहा पहले फसल रखने की व्यवस्था नहीं थी, मजबूरी में सस्ता बेचना पड़ता था। अब शीतगृह खुलने से हमें बहुत फायदा मिलेगा और हम सही समय पर फसल बेच सकेंगे।

## अनूप श्रीवास्तव डॉक्टरेट की उपाधि से अलंकृत

**इटावा।** नोएडा स्थित शारदा यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर एवं अकाल गंज, इटावा के मूल निवासी अनूप कुमार श्रीवास्तव को लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एल.पी.यू.) के फगवाड़ा परिसर में आयोजित 12 वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में प्रबन्धन विषय में डॉक्टरेट की उपाधि से अलंकृत किया गया। इस भव्य समारोह के अतिथिगण भारत के महामहिम उपराष्ट्रपति सी0पी0 राधाकृष्णन्, यूनाइटेड किंगडम की पूर्व प्रधानमंत्री राइट अनरेबल मैरी एलिजाबेथ तथा पंजाब के राज्यपाल महामहिम गुलाब चन्द कटारिया की उपस्थिति गरिमामयी रही। दीक्षांत समारोह में वर्ष 2024-2025 के नियमित, दूरस्थ, ऑनलाइन एवं अंशकालिक कार्यक्रमों के स्वर्ण पदक विजेताओं, पीएच.डी शोधार्थियों तथा मेधावियों को भी सम्मानित किया गया। अनूप श्रीवास्तव की इस उपलब्धि पर डा0ज्ञान चन्द्र सक्सेना, ललित सक्सेना, इन्द्र नारायण पाण्डेय, रामेन्द्र चौहान, हरिश्चन्द्र सक्सेना, के0के0सक्सेना, प्रवेन्द्र वाजपेयी, शरद वाजपेयी, दीप विसारिया, रामचन्द्र कश्यप, सुशील श्रीवास्तव, सौरभ सक्सेना, विवेक सक्सेना, पवन श्रीवास्तव, नितिन आनन्द आदि अनेक शिक्षाविदों एवं समाजसेवियों ने हार्दिक शुभकामनायें एवं बधाई दी।

# ब्रज के रंग में रंगा शहर



**रासलीला के तीसरे दिन माटी चोरी और ऊखल बंधन लीला ने मोहा भक्तों का मन**

**अवधनामा संवाददाता**

**रॉबर्ट्सगंज/सोनभद्र।** स्थानीय श्री रामलीला मैदान में आयोजित 11 दिवसीय श्रीकृष्ण रासलीला के तीसरे दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भव्य मंचन किया गया। मथुरा-वृंदावन से आए कलाकारों ने अपनी जीवंत प्रस्तुति से पांडाल में मौजूद श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मंचन की शुरुआत नटखट कान्हा द्वारा सखाओं के साथ माटी खाने के प्रसंग से हुई। जब माता यशोदा उन्हें पकड़ती हैं और मुख खोलने को कहती हैं, तो कान्हा के मुख में ब्रह्मांड के दर्शन पाकर मैया अचंभित रह जाती हैं। इस दृश्य ने दर्शकों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। इसके बाद माता यशोदा द्वारा बाल कृष्ण की शरारतों से तंग आकर उन्हें ऊखल से बांधने का प्रसंग दिखाया गया। इस लीला के माध्यम से कलाकारों ने दिखाया कि कैसे भगवान अपने भक्तों के प्रेम के वश में बंध जाते हैं। वहीं कार्यक्रम के दौरान श्री कृष्ण के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। आयोजकों ने बताया कि रासलीला का मंचन 25 फरवरी तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के अलग-अलग प्रसंगों को दर्शाया जाएगा। अंत में आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति के जितेन्द्र, राम प्रसाद यादव कृष्ण मुरारी गुप्ता सचिन गुप्ता, धीरज जालान, बचाऊं पाण्डेय, राकेश गुप्ता, अशोक श्रीवास्तव संदीप चौरसिया, राजेश सोनी, धर्मेश, विजय कनोडिया, अशोक श्रीवास्तव धर्मेश सिंह खरवार, सरजू प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नव निर्मित मंदिर में जिलाधिकारी ने की राम, सीता व लक्ष्मण मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** कलेक्ट्रेट परिसर में नव निर्मित मंदिर में आज जिलाधिकारी अनुनय झा को पुरोहितों ने मंत्रों उच्चारण के साथ राम, सीता, लक्ष्मण जी की मूर्ति एवं शिवलिंग की विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा कराई। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छावड़ा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्टेऊट सुनील कुमार त्रिवेदी आदि अधिकारियों के साथ आहूत विशाल भण्डारे में आये हुए संतो, कलेक्ट्रेट के अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस व होमगार्ड जवानों आदि को पूड़ी, सब्जी एवं मिष्ठान आदि का वितरण किया। इस अवसर जिला जज रीता कौशिक, एसीजेएम काव्या सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिमा श्रीवास्तव, गरिमा सिंह, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व अन्य अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता आदि उपस्थित रहे।

## 22 फरवरी को लगेगा मेगा लीगल कैम्प, तैयारियाँ तेज



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी 22 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले मेगा लीगल कैम्प की तैयारियों को लेकर मंगलवार को विकास भवन में महत्वपूर्ण बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी (CDO) की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सभी प्रशासनिक विभागों को सामंजस्य बिठाने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि विभिन्न विभागों द्वारा कैम्प में स्टाल लगाए जाएंगे, जहाँ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों को दिया जाएगा। प्राधिकरण के सचिव महेंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य एक ही छत के नीचे आम जनता को कानूनी सहायता और सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। CDO ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें इस कार्यक्रम से जोड़ें।

## नमामि गंगे योजना में धांधली का आरोप,

**सुमेरपुर (हमीरपुर) अवधनामा संवाददाता।** मवईजार गांव के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नमामि गंगे योजना के तहत पेयजल आपूर्ति में भारी अनियमितता का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि सप्ताह में केवल एक दिन पानी आता है, वह भी बेहद दुर्गंधयुक्त और पीला होता है। ग्राम प्रधान कामता प्रसाद वर्मा ने भी ग्रामीणों की शिकायत को जायज बताते हुए कहा कि अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## संध्या और ऋषभ बने कॉलेज चैंपियन



**सुमेरपुर (हमीरपुर) अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन बुधवार को हुआ। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग में संध्या और पुरुष वर्ग में ऋषभ कुमार को कॉलेज चैंपियन घोषित किया गया। 100, 200 और 400 मीटर की दौड़ में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्राचार्य डॉ. विद्या वर्मा ने विजयी प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## एमनीव विज़न स्कूल इटावा में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में शुरू हुई



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएँ वर्ष 2026 में प्रारंभ हो चुकी हैं। इसी क्रम में बुधवार को एमनीव विज़न स्कूल को इस वर्ष भी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा का अधिकृत परीक्षा केंद्र बनाया गया है। 17 फरवरी 2026 को कक्षा 10 वीं की पहली बोर्ड परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। वहीं 18 फरवरी को 12 वीं की पहली बोर्ड परीक्षा आयोजित की गई है। दोनों परीक्षाएँ अपने-अपने दिन प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित समयानुसार शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुई। परीक्षार्थी समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुँचे तथा सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा में सम्मिलित हुए। विद्यालय परिसर में सुरक्षा एवं अनुशासन की विशेष व्यवस्था की गई, जिससे परीक्षा निष्पक्ष एवं सुचारु रुप से सम्पन्न हो सकी। विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज शर्मा तथा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज श्रीवास्तव के निर्देशन में सीबीएसई बोर्ड के निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई। विद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों को आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया गया।

## अगर बंदों को मालूम होता कि रमज़ान क्या है तो...



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** अंजुमन हिदायतुल इस्लाम हाई स्कूल के प्रधानाचार्य शाहनवाज अतहर ने सभी को रमज़ान की मुबारकबाद देते हुए कहा कि रसूलुल्लाह(स0अ0व0)ने फरमाया कि अगर बंदों को मालूम होता कि रमजान क्या चीज है तो मेरी उम्मत तमन्ना करती कि पूरे साल रमजान ही हो और फरमाया कि जिसने रमजान का एक रोजा बगैर किसी शरई उज़्र के छोड़ दिया वो अपनी पूरी जिंदगी भी रोज़ा रखे, तो उस रोज़े की फज़ीलत को नहीं पा सकेगा।

## डीएम ने परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल द्वारा सनातन धर्म इंटर कॉलेज एवं इस्लामिया इंटर कॉलेज में स्थापित परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों, प्रवेश-निकास व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्रों की गोपनीयता तथा उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित वितरण-संग्रहण की व्यवस्था का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने संबंधित केन्द्राधीक्षकों एवं कक्ष निरीक्षकों को निर्देशित किया कि परीक्षा को पूर्णतः नकलविहीन, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराया जाए तथा परीक्षा अवधि में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परीक्षा संचालन से जुड़े समस्त अधिकारी-कर्मचारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का भली-भांति निर्वहन सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त, उन्होंने आपात स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, अभ्यर्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने तथा शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश दिए।

## अडाणी फाऊंडेशन द्वारा किसानों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु किया गया रवाना



**सोनभद्र/डाला।** अडाणी सिमेन्ट सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड नीरज त्रिपाठी जी के कुशल मार्गदर्शन में अडाणी फाउंडेशन द्वारा स्थानीय किसानों को एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए बस से रवाना किया गया, बस को अडाणी सीमेंट सलाईबनवा के कांस्ट्रक्शन हेड राजीव रंजन सिंह एवं अनुपम मिश्रा जी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अडाणी फाउंडेशन के साइट सी.एस.आर. हेड मनोज चौबे ने बताया कि कोटा और पनारी पंचायत के लगभग 50 महिला एवं पुरुष किसान एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर घोरावल, मानपुर, जिला उद्यान केन्द्र और मंगुराही स्थिति कृषि विज्ञान केन्द्र का भ्रमण करेंगे। इस अवसर पर अडाणी सीमेंट के सुरक्षा प्रमुख राजेश राठौर, अंशुमान अवस्थी, अर्पित शांडिल्य, विरेंद्र और अडाणी सीमेंट के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दुद्धी विकास खंड के छात्रों ने हिण्डाल्को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में किया शैक्षणिक भ्रमण

**अवधनामा संवाददाता**



**रेणुकूट/सोनभद्र।** दुद्धी विकास खंड के शिक्षाधिकारी प्रेम शंकर राम के नेतृत्व में कक्षा 6 से 8 के तकरीबन 100 छात्र-छात्राओं ने हिण्डाल्को के ट्रेनिंग सेंटर- हिण्डाल्को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। जिसका उद्देश्य कौशल विकास और आधुनिक तकनीकी ज्ञान को बढ़ाना था।

बच्चों को आधुनिक तकनीकियों में निपुण बनाना और रोजगारपरक शिक्षा के लिए अभी से तैयार करने के उद्देश्य से कार्यशाला के दौरान दुद्धी विकास खंड के छात्र- छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और प्लांट की मशीनों के संचालन व उत्पादन प्रक्रिया को लेकर विभिन्न पहलुओं पर गहन जानकारी और तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को अत्याधुनिक लैब में आधुनिक तकनीकी ज्ञान से परिचित कराया गया। हिण्डाल्को स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस की उपमहाप्रबंधक सोनाली साओ, सहायक प्रबंधक सूरज दास, डिप्टी मैनेजर सेबेस्टियन जोश व अन्य ने हिण्डाल्को की विशेषज्ञ टीम के साथ मिलकर छात्रों को सुरक्षा, नवीन तकनीकों और औद्योगिक प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर हिण्डाल्को जनसंपर्क एवं प्रशासनिक विभाग के महाप्रबंधक यशवंत कुमार, जनसम्पर्क अधिकारी प्रशान्त श्रीवास्तव, हिण्डाल्को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की अस्मिता प्रजापति व प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर दुद्धी विकास खंड के शिक्षाधिकारी प्रेम शंकर राम ने कहा कि राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के निर्देश के क्रम में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत बच्चों की परीक्षा कराई गई थी। इस परीक्षा में उत्तीर्ण सुपर 100 बच्चों के शैक्षणिक विजिट का आयोजन किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि हिण्डाल्को एवं दुद्धी विकासखंड के इस संयुक्त प्रयास से छात्रों को न केवल तकनीकी कौशल प्राप्त होगा, बल्कि उनके रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। यह कार्यशाला और भ्रमण छात्रों के लिए आधुनिक तकनीकों को समझने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करने का सुनहरा अवसर साबित हुआ है। इस आयोजन ने छात्रों को नवाचार और आधुनिक तकनीकी ज्ञान से लैस करने के साथ-साथ उनकी व्यावसायिक सफलता की संभावनाओं को मजबूत किया है। उन्होंने इस आयोजन पर हिण्डाल्को प्रबंधन एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी मुकुल आनंद पांडेय का भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाः 155 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** राजकीय डिग्री कॉलेज कुछेछा के परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकासखंडों और नगर निकायों से आए 180 पंजीकृत जोड़ों के सापेक्ष 155 जोड़ों का विवाह पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद और जिलाधिकारी घनश्याम मीना मौजूद रहे। अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए शासन द्वारा निर्धारित उपहार और सहायता सामग्री भेंट की। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल सहित कई प्रशासनिक अधिकारी और जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कोटेदार पर घटतौली और अवैध वसूली का आरोप, एसडीएम को ज्ञापन



**मौदहा (हमीरपुर) (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे के मोहल्ला साजन तालाब (वार्ड नं. 5) के निवासियों ने बुधवार को उपजिलाधिकारी (SDM) को ज्ञापन सौंपकर स्थानीय कोटेदार के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार पुष्पा देवी गुप्ता की दुकान पर उनके पति अजय कुमार गुप्ता राशन वितरण करते हैं और दबंगई दिखाते हैं। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि कोटेदार पति द्वारा प्रति कार्ड 100 रुपये की अवैध वसूली की जा रही है और विरोध करने पर अभद्रता की जाती है। साथ ही राशन में घटतौली और घटिया सामग्री देने का भी आरोप लगाया गया है। ज्ञापन देने वालों में अमन कुमार, आशीष गोस्वामी और सभासद मो. रमजानी सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

## पति समेत छह ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)अवधनामा संवाददाता।** बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम मसगवां निवासी एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता अपर्णा द्विवेदी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह तीन वर्ष पूर्व मथुरा निवासी संदीप द्विवेदी के साथ हुआ था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुराल वाले 5 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसे घर से निकाल दिया गया, जिसके बाद से वह मायके में रह रही है। पुलिस ने पति संदीप, सास-ससुर समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बच्चा चोरी की अफवाह के बीच कथित बाबा को लोगों ने दबोचा

**मौदहा (हमीरपुर)अवधनामा संवाददाता** कस्बे के मोहल्ला क्योटरा में बुधवार दोपहर एक कथित बाबा द्वारा स्कूली बच्ची को ले जाने के प्रयास का मामला सामने आया है। बच्ची के दादा रामपाल ने बताया कि उनकी नातिन स्कूल से लौट रही थी, तभी आरोपी ने उसे पकड़ने की कोशिश की। बच्ची के भाई द्वारा शोर मचाने पर मोहल्ले वालों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी हिरासत में है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## नेशनल हाईवे पर अतिक्रमण से दिनभर लगा रहता है जाम



**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** नेशनल हाईवे-34 पर दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण के कारण कस्बे की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। बस स्टैंड से लेकर नेहा चौराहा तक दुकानदारों ने पटरी पर सामान फैला रखा है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। हाईवे पेट्रोलिंग ऑफिसर संतोष चौधरी ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की है, तभी आम जनता को जाम से राहत मिल पाएगी।

# पं0 दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण की जिला कार्यशाला

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** सोनभद्र जिला कार्यालय पर 7 मार्च से 14 अप्रैल तक भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक मण्डल में होने वाले पं0 दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की जिला कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला में मुख्यअतिथि जिला प्रभारी अनिल सिंह जी, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल ने महाभियान को लेकर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन किया। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री एवं प्रशिक्षण अभियान के जिला संयोजक रामसुन्दर निषाद ने किया। पार्टी ने तय किया है कि बूथ स्तर तक प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जायेंगे। कार्यशाला में बड़ी टीवी स्क्रीन पर पीपीटी के माध्यम से पार्टी के नवाचार पंचपरिवर्तन आगामी कार्यक्रमों और करणीय कार्यो की जानकारी दी गयी।

कार्यशाला मे बतौर मुख्यअतिथि जिला प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण तरासने की प्रक्रिया है। जो सीखता है वह बढ़ता है, जो सीखना बंद कर देता है वो बढ़ना भी बंद कर देता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति निर्माण से ही संगठन का निर्माण होता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को संगठन सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह अभियान कार्यकर्ताओं को विचार, व्यवहार और नेतृत्व तीनों स्तरों पर समृद्ध करेगा। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय और एकात्म मानववाद का दर्शन ही भाजपा की कार्यसंस्कृति की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं, बल्कि कार्यकर्ता के व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। इससे संगठन की कार्यपद्धति में एकरूपता आएगी और सेवा, समर्पण तथा राष्ट्रहित की भावना और अधिक प्रखर होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह महाअभियान भाजपा को बूथ स्तर तक और अधिक संगठित, सक्रिय और प्रभावी बनाएगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह अभियान कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता, अनुशासन और कार्यकुशलता को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक सक्रिय और प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति होते हैं। यह महाअभियान कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति, सेवा कार्यो और जनसंपर्क अभियान से जोड़ते हुए उन्हें अधिक प्रभावी बनाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस व्यापक प्रशिक्षण से संगठन और अधिक सुदृढ़ होगा तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्प को नई ऊर्जा मिलेगी। यह अभियान केवल कार्यक्रमों की श्रृंखला नहीं, बल्कि कार्यकर्ता निर्माण की सतत प्रक्रिया है। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के संदर्भ में कहा कि यह अभियान कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त, अनुशासित और सेवा भाव से ओत-प्रोत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित 'एकात्म मानववाद' की विचारधारा आज भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

# कमांडर विवेक इंडिया ए समिति में आमंत्रित : डॉक्टर एन.के. शर्मा

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि अभियंत्रण संकाय के पूर्व अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग डॉक्टर एनके शर्मा ने अवगत कराया कि भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI ) के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत हो रही है इसी दिशा में आयोजित इंडिया ए आई समिट का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किया गया, उत्तर प्रदेश के एटा जिले के थाना बिजौर के अंतर्गत आने वाले गांव कुरीना दौलतपुर से राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने वाले कमांडर विवेक ने 2010 में इटावा के इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के उपरांत अपने करियर की शुरुआत इंडियन नेवी में सेवा देकर की उनकी क्षमता और दृष्टि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता मिली जब उन्हें गवर्नमेंट ऑफ द यूनाइटेड किंगडम द्वारा प्रतिष्ठित साइबर सुरक्षा फेलोशिप के लिए चयनित किया गया वर्तमान में विवेक मिनिस्ट्री आफ डिफेंस भारत सरकार में डायरेक्टर (आई टी एवं साइबर सुरक्षा)के रूप में कार्यरत हैं। इंडिया ए आई इंपैक्ट समिट में प्रभावशाली भागीदारी के बाद विवेक को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी आमंत्रित किया गया है, हाल ही में कमांडर विवेक को ब्रिटिश हाई कमिशन इन इंडिया द्वारा आयोजित ए आई समिट में भी आमंत्रित किया गया है जो भारत की उभरती नेतृत्व क्षमता को वैश्विक स्तर पर मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विवेक की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के छात्रों एवं समस्त स्टाफ में हर्ष की लहर व्याप्त है।

## जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी लोन योजना के भी प्रगति की समीक्षा की और उपायुक्त उद्योग एवं एलडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों के पत्रावलियों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, इस दौरान उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की, कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित कराया जाये, उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों द्वारा शिकायतों का निस्तारण नहीं किया जा रहा है।

# केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में हुई विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि, दिशा निर्देश समिति की बैठक

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व नेता सदन, विधान परिषद् केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में बुधवार को विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि (विधायक निधि) दिशा निर्देश समिति की बैठक विधान परिषद के कक्ष संख्या-77 मे सम्पन्न हुयी।

इस समिति का उद्देश्य विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि से संबंधित कार्यों के क्रियान्वयन में आ रही व्यावहारिक समस्याओं का समाधान, प्रक्रियाओं का सरलीकरण तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं गति सुनिश्चित करना है। उप मुख्यमन्त्री ने कहा कि निधि का सही व पारदर्शिता के साथ सदुपयोग हो, जरूरी है कि निधि का उपयोग निर्धारित गाइड लाइन के अनुरूप हो।

समिति को प्राप्त होने वाले प्रस्तावो का परीक्षण करते हुये नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कहा कि कोई प्रकरण लम्बित हो, उनका अतिशीघ्र निस्तारण किया जाए।

केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि सरकार सदन के प्रति जवाबदेह है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस निधि के माध्यम से जनोपयोगी कार्यो का लाभ आम जनता तक पहुंचता है। इसकी कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी तथा परिणामोन्मुखी बनाना सरकार की उच्च प्राथमिकता है।कहा कि समिति विधायक निधि योजना के प्रस्तावों की समीक्षा कर आवश्यक संशोधन एवं सुझाव देगी, जिससे धनराशि का उपयोग समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं जनहितकारी कार्यों में सुनिश्चित हो सके। समिति के सुझावों से प्रदेश में आधारभूत ढांचे का विकास और तेज होगा और सबका साथ-सबका विकास - सबका विश्वास व सबका प्रयास की सरकार की भावना को और अधिक मजबूती मिलेगी। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक क्षेत्र में संतुलित विकास हो और जनता को योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त हो।

इस बैठक में विधान परिषद के सदस्यगण व ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।



**स्वामी रामकृष्ण परमहंस के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को लखनऊ स्थित अपने कैम्प कार्यालय, सात- कालिदास मार्ग पर महान समाज सुधारक एवं आध्यात्मिक गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस का जीवन ईश्वरभक्ति, करुणा और मानवता की सेवा का अद्वितीय उदाहरण है। स्वामी जी ने अपने विचारों और आध्यात्मिक साधना के माध्यम से समाज को प्रेम, सहिष्णुता और आत्मबोध का संदेश दिया। मौर्य ने कहा कि स्वामी जी की शिक्षाएं, उनका जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को एकता, सद्भाव तथा नैतिक मूल्यों की ओर प्रेरित करता है। उनका जीवन दर्शन और विचारधारा से प्रेरणा लेकर हमें समाज के उत्थान एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

# लखनऊ से 22 अप्रैल से हज यात्रियों की उड़ानें शुरू होंगी : दानिश आजाद

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** हज 2026 की तैयारियों को लेकर बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति की बैठक बापू भवन सभागार में समिति के चेयरमैन और अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समिति के सदस्य इफ्तेखार हुसैन, जुनैद अंसारी, कब्बन नवाब, वली मोहम्मद, कमरुद्दीन जुगनू, कामरान खान, एजाज अहमद अंसारी, सैयद अली वारसी शामिल हुए। बैठक में हज समिति के अध्यक्ष व अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद ने कहा कि हज 2026 में हज यात्रियों को दो महीने पहले अपनी इच्छानुसार उड़ान का चयन खुद करने का विकल्प दिया गया। उन्होंने बताया कि लखनऊ से 22 अप्रैल से हज यात्रियों की उड़ानें शुरू होंगी जो 2 मई तक जारी रहेंगी। इसी तरह दिल्ली उड़ान स्थल से 18 अप्रैल से शुरू होकर हज यात्रियों की उड़ानें 20 मई तक जारी रहेंगी।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों में हज यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग और वैक्सीनेशन पूरा हो गया है। कहीं कुछ हज यात्री रह गये हैं उनका वैक्सीनेशन और मेडिकल स्क्रीनिंग जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय या उनके बताए केन्द्र पर सम्पर्क करने से होगा। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि हज हाउस गाजियाबाद के निरीक्षण के लिए एक उपसमिति निर्धारित की गयी है जो अपनी रिपोर्ट अध्यक्ष के सामने रखेगी। हज हाउस में हज यात्रियों की सुविधा के लिए टेंट व्यवस्था, वातानुकूलित बसें, वातानुकूलित आवासीय सुविधा दी जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि राज्य हज समिति में इ-ऑफिस प्रणाली लागू हो गयी है। उसके बेहतर व सफल संचालन के लिए हार्डवेयर, साफ्टवेयर, कनेक्टिविटी के लिए बजट का प्रस्ताव देने का निर्णय लिया गया।

# योगी सरकार पारंपरिक उद्योगों को दे रही नई ताकत : मंत्री राकेश सचान



- लखनऊ में हैंडलूम, सिल्क एवं खादी एक्सपो का शुभारंभ, बुनकरों को मिलेगा नया बाजार

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि योगी सरकार पारंपरिक उद्योगों को सशक्त बनाकर बुनकरों और दस्तकारों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के स्टाम्प पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल के साथ 17 फरवरी से 02 मार्च 2026 तक रवीन्द्रालय, मोतीलाल नेहरू मार्ग, लखनऊ में आयोजित उ0प्र0 हैंडलूम, सिल्क एवं खादी एक्सपो का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों के खादी, सिल्क एवं हैंडलूम उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री की व्यवस्था की गई है। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि वस्त्र उद्योग कृषि के बाद देश में सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र है और उत्तर प्रदेश सदियों से बुनकरी एवं दस्तकारी का प्रमुख केंद्र रहा है। प्रदेश में लगभग 1.91 लाख बुनकर एवं दस्तकार इस परंपरा से अपनी आजीविका चला रहे हैं, जिनकी कलाकृतियाँ देश-विदेश में पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि एक्सपो का उद्देश्य बुनकरों को एक सशक्त विपणन मंच उपलब्ध कराना और उनके उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है। एक्सपो में विभिन्न जनपदों के 60 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं तथा 19 फरवरी को प्रदेश के उत्कृष्ट उत्पादों का फैशन शो के माध्यम से प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु चयनित बुनकरों को सम्मानित किया गया। 13 परिक्षेत्रों से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 39 उत्कृष्ट बुनकरों को डिमांड ड्राफ्ट, शील्ड, अंगवस्त्र एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

## लखनऊ में दिखा रमजान का चांद



**लखनऊ।** लखनऊ में बुधवार को रमजान का चांद नजर आया। पहला रोजा गुरुवार को होगा। मरकजी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नकवी ने बताया कि 19 फरवरी को पहला रोजा होगा। कमेटी ने अकीदतमंदों से इबादत, रोजा और दुआओं का एहतमाम करने की अपील की है। बाजारों में भीड़-भाड़ देखने को मिल रही है। मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद ने कहा- आज बुधवार को सभी मस्जिदों में तरावीह की नमाज पढ़ी जाएगी। चांद नजर आने के बाद लोग एक दूसरे को रमजान के महीने की मुबारकबाद दे रहे हैं। आज शहर की तमाम मस्जिदों में तरावीह की नमाज अदा की जाएगी। देर रात तक होने वाली तरावीह की नमाज में बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं।

# कपिल देव अग्रवाल ने किया कौशल कॉल सेंटर का शुभारंभ

- हर युवा तक प्रशिक्षण और रोजगार की सटीक जानकारी पहुंचाने की पहल
- जानकारी के अभाव में कोई युवा अवसर से वंचित नहीं रहेगा
- तकनीक से जुड़ेगा युवा भविष्य, कौशल कॉल सेंटर बनेगा सशक्त सेतु
- 30 सदस्यीय टीम करेगी फीडबैक और प्लेसमेंट की नियमित मॉनिटरिंग



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसरों से सीधे जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय में ÷कौशल कॉल सेंटर÷ का शुभारंभ किया। शुभारंभ के अवसर पर मंत्री अग्रवाल ने कॉल सेंटर के माध्यम से पूर्व में प्रशिक्षित एक छात्र से फोन पर सीधा संवाद कर उसके अनुभवों की जानकारी ली और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रदेश के हर गांव और शहर के युवाओं तक मिशन की योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा रोजगार अवसरों की सटीक और अद्यतन जानकारी सीधे पहुंचे।

मंत्री अग्रवाल ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि कोई भी युवा केवल जानकारी के अभाव में अवसर से वंचित न रहे। सही समय पर सही मार्गदर्शन देकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना ही इस पहल का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि ÷कौशल कॉल सेंटर÷ प्रदेश के युवाओं के सपनों को नई दिशा देने और उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम में प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने कहा कि कौशल कॉल सेंटर केवल एक सूचना केंद्र नहीं, बल्कि युवाओं और उनके सपनों के बीच एक सशक्त सेतु है। तकनीक के माध्यम से अब प्रशिक्षण से लेकर रोजगार तक की जानकारी युवाओं तक सरलता से पहुंचेगी।

## खाद्य प्रसंस्करण नीति-2023 से निवेश व रोजगार को नई गति

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन मे उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तेजी से एक प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में विकसित हो रहा है। यूपी की खाद्य प्रसंस्करण नीति से निवेश, रोजगार और निर्यात को नई रफ्तार मिल रही है।प्रदेश सरकार द्वारा लागू उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 का उद्देश्य राज्य में निवेश, रोजगार और निर्यात को प्रोत्साहित करते हुए किसानों की आय में वृद्धि करना है। उप मुख्यमंत्री के नेतृत्व व निर्देशन मे खाद्य प्रसंस्करण विभाग, खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र मे सुदृढ़ नीति एवं पारदर्शी व्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहा है। कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन दीपक कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अन्तर्गत गठित राज्य स्तरीय इम्पावर्ड समिति (एस.एल.ई.सी.) की 16वीं बैठक कृषि उत्पादन आयुक्त कार्यालय सभागार मे संपन्न हुई। उ0प्र0 खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 अंतर्गत स्वीकृत प्रस्तावों के प्लान मैप सक्षम स्तर से स्वीकृति में बिलम्ब होने के प्रकरण पर कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया।

## 19 फरवरी से शुरू होंगी संस्कृत बोर्ड परीक्षाएं, 55,812 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा परीक्षा वर्ष 2026 की पूर्व मध्यमा द्वितीय, उत्तर मध्यमा प्रथम एवं उत्तर मध्यमा द्वितीय परीक्षाएं 19 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न होगी, जिसमें प्रथम पाली प्रातः 08:30 से 11:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02 से 05:15 बजे तक निर्धारित की गई है।

परिषद के सचिव शिव लाल ने बताया कि पूर्व मध्यमा द्वितीय में 21,912, उत्तर मध्यमा प्रथम में 14,156 तथा उत्तर मध्यमा द्वितीय सहित कुल 55,812 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 241 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें राजकीय इंटर कॉलेज, सहायता प्राप्त माध्यमिक एवं संस्कृत विद्यालय तथा वित्तविहीन संस्कृत विद्यालय शामिल हैं। सचिव ने बताया कि परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। सभी जनपदों में प्रश्नपत्रों एवं परीक्षा सामग्री की आपूर्ति सुनिश्चित कर दी गई है तथा उत्तर पुस्तिकाएं क्रमांकित, सिलाईयुक्त एवं सुरक्षित सीलिंग व्यवस्था के साथ उपलब्ध कराई गई हैं।

# ज़रूरतमंदो की दिल खोलकर मदद किजिए



- मोहम्मदी मिशन द्वारा जरूरतमंदों को वज़ीफ़ा का वितरण

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रमज़ान उल मुबारक के मौके पर ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिशन के सरपरस्त मुफ्ती अबुल इरफान मियां फिरंगी महली की सरपरस्ती और सैय्यद इक़बाल हाशमी अध्यक्ष ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिशन की अध्यक्षता में आल इण्डिया मोहम्मदी मिशन के तत्वावधान में मिशन के कैंप ऑफिस मदरसा सत्तारिया रिजविया मछली मोहाल में गरीब , बेसहारा परिवारों को वज़ीफ़ा, मिठाई , गरम शाल बांटा गया। आल इण्डिया मोहम्मदी मिशन के सरपरस्त मुफ्ती अबुल इरफ़ान मियां फिरंगी महली ने कहा कि परेशान हाल , यतीम , बेसहारा लोगों की खिदमत करना बेहतरीन इबादत है। । इन परिस्थितियों में गरीबों और बेसहारा जरूरतमंदो तक खाने-पीने का सामान पहुंचाना बहुत बड़ा सवाब का काम है। उन्होंने कहा कि रमज़ान के महीने में हर नेक काम का सत्तर गुना सवाब मिलता है, इसलिए बहैसियत लोगों को आगे आकर जरूरतमंदों की दिल खोलकर मदद करनी चाहिए।

मेहमान ए खुसूसी शैल हक़ सेक्रेट्री अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन ने अपने बयान में कहा मोहम्मदी मिशन के सहयोग से चिकित्सा शिविरों का आयोजन करने के साथ-साथ, जरूरतमंदों के लिए मछली मोहाल में अंग्रेजी, विज्ञान कोचिंग सेंटर और सिलाई मशीन सेंटर स्थापित किए गए हैं, जो जरूरतमंद महिलाओं की जरूरतों को पूरा करेंगे और रोजगार के अवसर खोलेंगे। भविष्य में और इलाकों में भी इसी तरह काम किया जाएगा।

सैयद इकबाल हाशमी राष्ट्रीय अध्यक्ष आल इण्डिया मोहम्मदी मिशन ने अपने बयान में कहा की बेरोज़गारी के कारण ऐसे कई घर परेशान हाल हैं ऐसे लोगों का ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी है। गौरतलब है कि आल इण्डिया मुहम्मदी मिशन ने शहर के अलग-अलग इलाकों में शिविर लगाकर ज़रूरत मन्दो के लिए मेडिकल कैंप , फूड किट वा ज़रूरी सामान वितरित किया जाता रहा है। फ़ैज़ान फिरंगी महली यूथ अध्यक्ष ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिशन ने मौजूद जरूरतमंदों से अपील की और कहां की अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा तालीम दिलाई जहां जरूरत होगी मिशन के साथ-साथ दूसरी तंजीमों से भी आपकी मदद के लिए तैयार किया जाएगा, हमारी कोशिश है सतई तौर पर बेरोजगारी को खत्म किया जाए और परेशान हाल लोगों के परिवारों में तालीम को बढ़ावा दिया जाए इसी से हमारा समाज, हमारा मुल्क तरक्की करेगा।

# यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 का शुभारंभ

- मंत्री गुलाब देवी ने किया निरीक्षण
- राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जियामऊ में व्यवस्थाओं का जायजा, छात्राओं का बढ़ाया उत्साह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 के प्रथम दिवस पर लखनऊ के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, विक्रमादित्य मार्ग (जियामऊ) पहुंचकर परीक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को टीका-चंदन कर पेड़ा खिलाकर मुंह मीठा कराया और शांत मन, आत्मविश्वास एवं पूरी ऊर्जा के साथ परीक्षा देने का आशीर्वाद दिया। मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि परीक्षार्थी अपनी मेहनत से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर अपने माता-पिता, गुरुजनों और प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने बताया कि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जियामऊ (केंद्र कोड 341874) पर प्रथम पाली में हाईस्कूल हिन्दी विषय में 304 तथा द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट हिन्दी विषय में 352 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा की गौरवशाली परंपरा को बनाए रखते हुए इस वर्ष भी नकलविहीन, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण परीक्षा कराने का संकल्प दोहराया गया है। वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक प्रदेशभर में आयोजित की जा रही हैं। प्रथम दिवस की पहली पाली में हाईस्कूल हिन्दी एवं प्रारंभिक हिन्दी की परीक्षा 8033 केंद्रों पर 27,54,376 परीक्षार्थियों के साथ तथा द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट हिन्दी एवं सामान्य हिन्दी की परीक्षा 7998 केंद्रों पर 24,99,370 परीक्षार्थियों के साथ सम्पन्न हो रही है। प्रदेश स्तर पर कुल 53,37,778 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें हाईस्कूल के 27,61,696 और इंटरमीडिएट के 25,76,082 छात्र शामिल हैं। परीक्षा के लिए प्रदेश में 8033 केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें 596 राजकीय, 3453 सहायता प्राप्त और 3984 स्ववित्तपोषित विद्यालय शामिल हैं। 18 जनपदों को संवेदनशील घोषित करते हुए 222 केंद्र अति संवेदनशील तथा 683 केंद्र संवेदनशील श्रेणी में चिन्हित किए गए हैं। राज्य स्तरीय हाईटेक कंट्रोल रूम लखनऊ से 75 जनपदों के सभी परीक्षा केंद्रों की लाइव मॉनिटरिंग और वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक परीक्षा कक्ष में वॉयस रिकॉर्डरयुक्त दो सीसीटीवी कैमरे, राउटर, डीवीआर और हाई-स्पीड इंटरनेट की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है तथा स्ट्रांग रूम 24M7 निगरानी में रखे गए हैं। 8033 केंद्र व्यवस्थापक, 8033 बाह्य केंद्र व्यवस्थापक, 427 जोनल मजिस्ट्रेट, 1210 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 440 जनपदीय सचल दल और 69 मंडलीय दल परीक्षा की निगरानी में सक्रिय हैं।





| RAMZAAN | FEBRUARY | DAYS | TARK -E- SAHAR | | WAQT -E- MAGHRIB W AFTAAAR | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 19 | THURSDAY | 5 | 08 | 6 | 13 |
| 2 | 20 | FRIDAY | 5 | 08 | 6 | 14 |
| 3 | 21 | SATURDAY | 5 | 07 | 6 | 14 |
| 4 | 22 | SUNDAY | 5 | 06 | 6 | 15 |
| 5 | 23 | MONDAY | 5 | 05 | 6 | 15 |
| 6 | 24 | TUESDAY | 5 | 05 | 6 | 16 |
| 7 | 25 | WEDNESDAY | 5 | 04 | 6 | 17 |
| 8 | 26 | THURSDAY | 5 | 03 | 6 | 17 |
| 9 | 27 | FRIDAY | 5 | 02 | 6 | 18 |
| 10 | 28 | SATURDAY | 5 | 01 | 6 | 19 |
| 11 | 1 | SUNDAY | 5 | 00 | 6 | 19 |
| 12 | 2 | MONDAY | 4 | 59 | 6 | 19 |
| 13 | 3 | TUESDAY | 4 | 58 | 6 | 20 |
| 14 | 4 | WEDNESDAY | 4 | 57 | 6 | 20 |
| 15 | 5 | THURSDAY | 4 | 56 | 6 | 21 |
| 16 | 6 | FRIDAY | 4 | 55 | 6 | 21 |
| 17 | 7 | SATURDAY | 4 | 54 | 6 | 22 |
| 18 | 8 | SUNDAY | 4 | 53 | 6 | 22 |
| 19 | 9 | MONDAY | 4 | 52 | 6 | 23 |
| 20 | 10 | TUESDAY | 4 | 51 | 6 | 24 |
| 21 | 11 | WEDNESDAY | 4 | 50 | 6 | 24 |
| 22 | 12 | THURSDAY | 4 | 49 | 6 | 25 |
| 23 | 13 | FRIDAY | 4 | 48 | 6 | 26 |
| 24 | 14 | SATURDAY | 4 | 47 | 6 | 26 |
| 25 | 15 | SUNDAY | 4 | 46 | 6 | 27 |
| 26 | 16 | MONDAY | 4 | 45 | 6 | 28 |
| 27 | 17 | TUESDAY | 4 | 44 | 6 | 28 |
| 28 | 18 | WEDNESDAY | 4 | 42 | 6 | 29 |
| 29 | 19 | THURSDAY | 4 | 41 | 6 | 29 |
| 30 | 20 | FRIDAY | 4 | 40 | 6 | 29 |